सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-217 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

04 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com




### प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की पहली किस्त की जारी, आदिवासियों को बड़ी सौगात

# पहले सिर्फ कागजों पर ही चलती थी सरकारी योजनाएं: पीएम मोदी

**तोहफा**

- **अभी कुछ दिन बाद 22 जनवरी को रामलला भी अपने भव्य और दिव्य मंदिर में हमें दर्शन देंगे**





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के 1 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी की। मोदी ने इस दौरान कहा कि इस समय देश में उत्सव का माहौल है। उत्तरायण, मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू त्योहारों की उमंग चारों तरफ छाई हुई हैं। इस उत्साह को आज के आयोजन ने और शानदार और जानदार बना दिया है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज एक ओर जब अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है, तो दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़े मेरे जनजातीय भाई-बहन जो मेरे परिवार के ही सदस्य हैं, ये मेरे जनजातीय परिवार, अति पिछड़े जनजातीय परिवार उनके घर दिवाली मन रही है, यह अपनेआप में मेरे लिए बड़ी खुशी है। उन्होंने कहा कि आज जिनके बैंक खाते में पक्के घर के लिए पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं। मैं इन सभी सपरिवारों को बधाई देता हूं, मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि इस साल की दीपावली आप अपने घरों में जरूर मनाएंगे, पक्का कर लीजिए कि इस बार की दीपावली आपको अपने नए घर में मनानी है।

**24,000 करोड़ का बजट**

पीएम जनमन के लिए केंद्र ने बनाया 24 हजार करोड़ का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपए के बजट के साथ पीएम जनमन के तहत सरकार का लक्ष्य अपने नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 जरूरी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है. इस योजना के तहत स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बिजली, सड़क और टेलीकम्युनिकेशन कनेक्टिविटी जैसी बुनियादी जरूरतों पर जोर दिया जाना है।

## दिल्ली की सभी विधानसभाओं में आप कराएगी सुंदरकांड

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने अयोध्या में राम लला के अभिषेक समारोह से पहले दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों में रामायण के एक अध्याय, सुंदरकांड का पाठ आयोजित करने की योजना की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली की प्रत्येक विधान सभा में प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को पाठ करने के लिए एक समर्पित समिति का गठन किया गया है। इस फैसले का खुलासा दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की सभी विधानसभाओं में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। आप के सभी विधायक, पार्षद भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के सभी निवासियों को सुंदरकांड पाठ में शामिल होने का निमंत्रण देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये खुशी की बात है कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।



लखनऊ तशरीफ़ लाए केरल के गवर्नर आरिफ़ मुहम्मद ख़ान से अवधनामा की प्रोपराइटर तक़दीस फ़ातिमा की मुलाक़ात हुई। गवर्नर ने वक़ार रिज़वी के इंतेक़ाल पर इज़्हार-ए-ग़म करते हुए कहा कि मरहूम मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे मैं कोरोना की वजह से आपके ग़म में शरीक न हो सका मुझे इसका बेहद अफ़सोस है।

## अगले तीन दिन हो सकते हैं सबसे ठंडे

### ताजा बर्फबारी से बढ़ेगी मैदानी इलाकों में गलन

**मौसम**

- **कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए किया गया डायवर्ट**



**नई दिल्ली।** सूर्य के उत्तरायण होते-होते एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने का माहौल बन गया है। उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक मंगलवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है। जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक मंगलवार देर शाम से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने वाली है। इसके चलते हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के ऊपरी हिस्सों में ताजा बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों समेत उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश का अनुमान किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि विक्षोभ के चलते उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों समेत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। मंगलवार से लेकर गुरुवार तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश का अनुमान है।

## अब शिंदे गुट ने किया बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख

**याचिका**

- **विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को दी चुनौती**
- **उद्धव ठाकरे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे**



**मुंबई।** विधायकों की अयोग्यता के मामले ने महाराष्ट्र की सियासत को गरम कर दिया है। इस बीच, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट के 14 विधायकों को अयोग्य न ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती दी है।

चौदह विधायकों के खिलाफ सत्तारूढ़ शिवसेना के मुख्य सचेतक भरत गोगावले ने शुक्रवार (12 जनवरी) को याचिकाएं दाखिल कीं थीं। जिनमें उन्होंने कहा कि वह विधानसभा अध्यक्ष के दस जनवरी के उस फैसले की वैधता, औचित्य और शुद्धता को चुनौती दे रहे हैं। जिसमें उनके प्रतिद्वंद्वी खेमे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। गोगावले ने याचिकाओं में कहा कि जून 2022 में पार्टी के विभाजन के बाद विधायकों ने अपनी इच्छा से शिवसेना राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ी।

## अनुचित व्यवहार की घटनाएं अस्वीकार्य: सिंधिया

**चेतावनी**

- **यात्रियों का गलत व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा**
- **इंडिगो विमान में बवाल पर सिंधिया ने दिया जवाब**
- **चौबीसों घंटे कर रहे काम**

**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस मौसम में उत्तर भारत में कोहरे ने हवाई जहाज सेवा को बुरी तरह से प्रभावित किया है। कोहरे के बावजूद उड़ानों को सामान्य तौर पर उड़ान भरने या उन्हें उतरने की सुविधा देने वाली प्रौद्योगिकी कैट-थ्री के इस्तेमाल के दावे भी खोखले साबित हो रहे हैं।

रविवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दर्जनों उड़ानों के रद्द होने के बाद सोमवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर सहयोग की अपील की गई। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभी यात्रियों से आग्रह किया है कि कठिन समय में वह सहयोग करें। इस क्रम में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि मौजूदा परिस्थिति में यात्रियों का गलत व्यवहार किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की घटनाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि सिंधिया ने यह चेतावनी रविवार को निजी एयरलाइन इंडिगो के एक उड़ान के भीतर एक यात्री की तरफ से पायलट पर हमला करने के संदर्भ में दी है। सिंधिया ने बताया है कि चौथी एयरपट्टी में भी जल्द से जल्द कैट-थ्री प्रौद्योगिकी लगाने का निर्देश दिया गया है। चार हवाई पट्टियों में से तीन में पहले से यह व्यवस्था है। साथ ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को कहा गया है कि खराब मौसम में रद्द उड़ानों की सूचना समय पर ग्राहकों को देने के लिए व दूसरी सुविधा देने के लिए नये नियम (एसओपी) बनाये।

**यत्रियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता**

सिंधिया की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि, रविवार (14 जनवरी) को सुबह पांच से नौ बजे तक दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी (विमानों के संचालन के लिए जरूरी दृश्यता) पूरी तरह से शून्य था। इस वजह से यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिन उड़ान पट्टियों पर कैट-थ्री (शून्य दृश्यता में भी उड़ान संचालन को जारी रखने वाली प्रौद्योगिकी) लगे हुए हैं वहां भी संचालन कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। यात्रियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है।



## अमित शाह की बड़ी बहन का मुबंई में निधन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बहन राजेश्वरीबेन प्रदीप शाह का लंबी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। 68 वर्षीय महिला का कुछ समय से इलाज चल रहा था और उनकी मौत से शाह परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। अमित शाह, जो नियोजित कार्यक्रमों के लिए गुजरात में थे, ने अपनी बहन की मृत्यु की विनाशकारी खबर सुनी, जिससे योजनाओं में अचानक बदलाव आया। गृह मंत्री ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं और इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार के साथ रहने के लिए अपनी बहन के घर चले गए हैं। शाह अपनी बहन के अंतिम संस्कार के लिए मुंबई जाएंगे। राजेश्वरीबेन प्रदीप शाह का स्वास्थ्य परिवार के लिए चिंता का विषय था, और व्यापक चिकित्सा उपचार के बावजूद, बीमारी से उनकी मृत्यु हो गई।

### 76वीं सेना दिवस परेड: भारतीय सेना के 500 जवान भव्य परेड का हिस्सा बने

## देश प्रेम की वजह से आखिरी सांस तक लड़ता है भारतीय सैनिक: राजनाथ सिंह

**हौसला**

- **थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने परेड की समीक्षा की और वीरता पुरस्कार प्रदान किए**

**अवधनामा संवाददाता**





**लखनऊ।** 76वीं सेना दिवस परेड आज ठाकुर श्योदत्त सिंह परेड ग्राउंड, 11 जीआरआरसी, में आयोजित की गई। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने परेड की समीक्षा की और वीरता पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और वरिष्ठ सैन्य कर्मी उपस्थित थे। राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बहादुर जवानों को सम्मानित करने के लिए लखनऊ में स्मृतिका युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ सेना दिवस समारोह की शुरुआत हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक दुश्मन से नफरत की वजह से अपनी आखिरी सांस तक नहीं लड़ता है, बल्कि देश प्रेम के कारण वह लड़ता है। कहा, भारतीय सैनिक जब अपनी आखिरी सांस तक दुश्मन से लड़ता है, तो वह इसलिए नहीं लड़ता क्योंकि वह दुश्मन से नफरत करता है, बल्कि वह इसलिए लड़ता है क्योंकि वह अपने देश से प्यार करता है। यही देशभक्ति उसके अंदर साहस की ऐसी भावना भरती है, जिससे प्रेरणा पाकर वह अपने प्राणों तक को दांव पर लगाने में भी पीछे नहीं हटता। राष्ट्र प्रेम की जब बात आती है, तो मुझे ऐसा लगता है कि इस बारे में हमारे सैनिकों का बखान शब्दों से तो किया ही नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, किसी भारतीय सैनिक के अंदर देश प्रेम की कैसी लहर दौड़ रही है, इस बात का परिचय आपको करगिल की वह चोटियां देंगी, जहां पर सांस लेने के लिए ऑक्सीजन तक की कमी है।

## सुपुर्द-ए-खाक हुए मशहूर शायर मुनव्वर राना

**अलविदा**

- **जावेद अख्तर सहित कई मशहूर हस्तियों ने दी विदाई**



**लखनऊ।** मशहूर शायर मुनव्वर राना सोमवार को लखनऊ के ऐशबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक हो गए। परिजनों और करीबियों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। रविवार की रात उनका निधन हो गया था। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। एसजीपीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। गीतकार जावेद अख्तर भी उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे और कहा कि हकीकत ये है कि आज शायरी का, उर्दू का और हिंदुस्तान की तहजीब का नुकसान हुआ है। हिंदुस्तान की तहजीब का ये एक अहम हिस्सा था जो गिर गया। एक पीढ़ी जा रही है। एक नस्ल जो धीरे धीरे जा रही है। निदा फाजली, राहत साहब और अब मुन्नवर साहब का जाना, इसकी भरपाई तो नही हो पाएगी। उनके परिवार को हिम्मत मिले पर हकीकत है जो आता है वो जाता है। वो हमेशा शायरी के लिए ही जाने जाएंगे। मां को उन्होंने पहली बार शायरी का हिस्सा बनाया। उनका शेर कहने का अपना रंग था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वह एक बड़े शायर थे। उन्होंने लेखन के माध्यम से लोगों को जगाने का काम किया। मैंने खुद देखा कि उनकी मां पर लिखी लाइनों को सुनने के लिए लोग निवेदन करते थे।

## अकेले ही लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**ऐलान**

- **किसी पार्टी से नहीं करेंगे गठबंधन: मायावती**
- **फ्री में थोड़ा सा राशन देकर गुलाम बनाने की कोशिश**



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मायावती ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। 2024 चुनाव में बसपा किसी से गठबंधन नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव अकेले लड़कर बेहतर रिजल्ट लाएंगे।

गठबंधन में चुनाव से हमारी पार्टी को नुकसान होता है। गठबंधन से बसपा को फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। हमारी पार्टी को धांधली की वजह से नुकसान ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण वोट बसपा पर ट्रांसफर नहीं होते। इसलिए बसपा किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। चुनाव के बाद उचित भागीदारी मिलने पर समर्थन दिया जा सकता है। लेकिन यह समर्थन मुफ्त मे नहीं दिया जाएगा। सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी से दूरी रखेंगे। अधिकांश दलों की मानसिकता जातिवादी। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में ईवीएम में धांधली हो रही है। ईवीएम के विरोध में बहुत आवाज उठी। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। मायावती ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोगों को फ्री राशन का झांसा दिया। राशन देकर गुलाम बनाया जा रहा है। मायावती ने कहा कि यूपी में हमारी योजनाओं की नकल की जा रही है। धर्म की आड़ में राजनीति की जा रही है। मायावती ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में अपनी चार बार की सरकार में सभी वर्गों के लिए काम किया था। अल्पसंख्यक, मुस्लिम, गरीब, किसान और मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं। इन योजनाओं को सरकारें नाम और स्वरूप बदल कर अपना बनाने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जातिवादी होने की वजह से यह काम नहीं हो पा रहा है।

मायावती ने हमला करते हुए कहा कि लोगों को रोजगार देने के बजाय फ्री में थोड़ा सा राशन देकर अपना मोहताज बनाया जा रहा है, जबकि हमने अपनी सरकार के दौरान वर्तमान सरकारों के जैसे लोगों को अपना मोहताज नहीं, बनाया बल्कि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के साधन उपलब्ध कराए।

**आस्था** — 20 और 21 जनवरी को दर्शन नहीं कर सकेंगे भक्त

## 18 को गर्भ गृह में प्रवेश करेंगे श्रीरामलला

**योजना**

- **23 से नए मंदिर में आम जनमानस के लिए खुलेंगे कपाट: चंपत राय**
- **प्रधानमंत्री नहीं देंगे भाषण, 40 मिनट तक चलेगा अनुष्ठान**

**अयोध्या।** नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

यह घोषणा रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने की। वह रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की रामघाट स्थित मंदिर निर्माण कार्यशाला में संवाददाताओं से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों ने आम सहमति से अरुण योगीराज द्वारा निर्मित प्रतिमा पसंद की। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने अरुण योगीराज की कला को प्रशंसित भी किया और याद दिलाया कि योगीराज केदारनाथ में स्थापित शंकराचार्य तथा दिल्ली के इंडिया गेट पर स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा निर्मित कर पहले से ही मूर्तिकार के रूप में स्थापित हैं। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि 22 जनवरी को गर्भगृह में रामलला के विग्रह की स्थापना से जुड़ी तैयारियों को ध्यान में रखकर वैकल्पिक गर्भगृह में विराजे रामलला का दर्शन 21 एवं 22 जनवरी को बंद रखे जाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दौरान रामलला की नियमित पूजा-आरती एवं भोग-राग का क्रम निर्बाध रूप से चलेगा। 18 तारीख को गर्भगृह में अपने स्थान पर रामलला की प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी, किंतु स्थापना की प्रक्रिया प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के रूप में चलती रहेगी और 22 जनवरी को एक बजे प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की पूर्णाहुति के साथ स्थापना की प्रक्रिया पूर्ण होगी। इसके बाद ही नए गर्भगृह में रामलला का दर्शन-पूजन शुरू हो सकेगा।

**12:20 से एक बजे तक चलेगा पूजन कार्यक्रम**



ट्रस्ट महासचिव ने स्पष्ट किया कि रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान तो मंगलवार से ही शुरू हो रहा है, किंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य पूजन 22 जनवरी को मध्याह्न 12:20 से एक बजे तक चलेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री सहित संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी का उद्बोधन भी होगा। इसे भाषण या उद्बोधन कहना उचित नहीं होगा, बल्कि इस ऐतिहासिक एवं महनीय अवसर पर प्रधानमंत्री सहित अन्य विशिष्ट जन अपने मनोभाव प्रकट करेंगे, जबकि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास आशीर्वचन देंगे।

**लगेगी श्याम वर्ण के रामलला की मूर्ति**

नवनिर्मित मंदिर में श्याम वर्ण के ही रामलला विराजेंगे। कर्नाटक के प्रख्यात मूर्तिकार अरुण योगीराज की मूर्ति का चयन कर लिया गया है। सोमवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। इसके साथ ही रामलला की अचल मूर्ति को लेकर चल रहे कयासों पर विराम लग गया। चंपत राय ने बताया कि अचल मूर्ति के चयन को लेकर पिछली बैठक में सभी 15 ट्रस्टी शामिल हुए थे। 11 ट्रस्टियों को अरुण योगीराज की मूर्ति पसंद आई है। इस आधार पर उसका चयन किया गया। रामलला की अचल मूर्ति के लिए नेपाल की गंडकी नदी, कर्नाटक, राजस्थान व उड़ीसा के उच्च गुणवत्ता वाले 12 पत्थर ट्रस्ट ने मंगाए थे। इन सभी पत्थरों को परखा गया तो राजस्थान व कर्नाटक की शिला ही मूर्ति निर्माण के लायक मिली।

# खिचड़ी भोज का किया गया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** मकरसंक्रांति त्यौहार के मद्देनजर जहां जनपद ही नही प्रदेश भर में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, वही थाना उचौलिया परिसर में उचौलिया पुलिस द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकरी के अनुसार क्षेत्र में मकरसंक्रांति पर्व को लेकर लोगो द्वारा स्नान-दान के साथ सोमवार को मकर संक्रांति पूरी श्रद्धा से मनाई गई। परम्परा के अनुसार लोगों ने तिल, गुड़, गजक, खिचड़ी दान कर भगवान सूर्य की आराधना की। जगह-जगह लोगों ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। जो देर शाम तक चलता रहा। उचौलिया थाना परिसर में उचौलिया पुलिस द्वारा मकरसंक्रांति के शुभ अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें उचौलिया थाना निरीक्षक प्रभारी डीपी सिंह द्वारा सर्वप्रथम कन्याओं को खिचड़ी भोज कराया गया, उसके बाद क्रमशः आने वाले क्षेत्र के आगुन्तको खिचड़ी भोज कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 बजे से होकर शाम तक चलता रहा। वही थाने में थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी सिंघ द्वारा देश के चौथे स्तम्भ के सिपाहियों यानी क्षेत्रीय पत्रकारों को भी खिचड़ी भोज का आमंत्रण देकर बुलाया गया और खुद कन्याओं से लेकर तमाम पत्रकारों को अपने हाथों से खिचड़ी भोज खिलाई। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी सिंह अपने उचौलिया थाना स्टाफ के साथ पत्रकार संजीत सिंह , श्रीकांत सिंह, अरविंद शुक्ला, आशीष शुक्ला, कैलाश गुप्ता, इंद्रपाल, राजू सिंह, अरविंद कुमार, कृष्ण कुमार भार्गव, सुखदेव भार्गव, निगम भारती, गौरव मिश्रा, शिवओम सक्सेना, रितनेश गुप्ता, राहुल राठौर आदि पत्रकार सम्मलित रहे।

## अयोध्या में श्री राम के दर्शन करने की इच्छा लेकर पैदल ही चल निकले दिनेश शर्मा और बाबू राम

**लखीमपुर खीरी।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समीपवर्ती जिला पीलीभीत निवासी दिनेश शर्मा और बाबू राम घर से दर्शन करने को लेकर पैदल ही चल निकले हैं। रविवार की देर शाम जिला पीलीभीत से 100 किलोमीटर पैदल चलकर दोनों श्री राम भक्त छोटी काशी पहुंचे। जहां सदर चौराहे पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू और सभासद आनंद सोनी ने उनका माल्यार्पण का स्वागत किया गया। श्री राम भक्त दिनेश शर्मा और बाबूराम ने बताया कि वह दोनों अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बहुत खुश हैं। अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन उनके दर्शन को लेकर पीलीभीत से 2 जनवरी को सुबह ही पैदल निकल पड़े थे। तीसरे दिन शाम को वह लगभग 100 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को वह अयोध्या में श्री राम के दर्शन करने की इच्छा लेकर घर से चले हैं।

## डंफर की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस चौकी सिकंदराबाद क्षेत्र में लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर डंफर की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। रोशननगर निवासी आनंद किसी काम से कस्बा सिकंदराबाद जा रहा था। तभी अचानक पुलिया के पास डंफर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। चौकी प्रभारी राजकुमार सरोज ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डंफर चालक डंफर छोड़ कर मौके से फहार हो गया। पुलिस ने डंफर को कब्जे में ले लिया।

## गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा अभियुक्त मास्टर पुत्र राहत अली निवासी झमपुरवा थाना शारदानगर खीरी सम्बन्धित मु0नं0 3254-16 धारा 33, 41, 42 वन अधि0 को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

# हीटर/अंगीठी के उपयोग तथा सावधानियों के संबंध में जनसामान्य को किया जागरूक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** फायर स्टेशन लखमीपुर के अंतर्गत अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, लीडिंग फायर मैन, फायर मैन की अलग अलग टीम बनाकर जानकीपुरम कॉलोनी, शैधरी, शिवालापुरवा,भटनागर कॉलोनी, मिदनिया गढ़ी में तथा प्रभारी फायर स्टेशन मोहम्मदी द्वारा फायर स्टेशन मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक मोहम्मदी, कार्यालय बाल विकास विभाग मोहम्मदी, बरबर चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड मोहम्मदी, पुवायां रोड मोहम्मदी तथा प्रभारी फायर स्टेशन गोला द्वारा ग्राम केशवपुर जलालपुर, भुड़वारा, भलिया आदि जगहों पर तथा प्रभारी फायर स्टेशन निघासन द्वारा कस्बा सिंगाही में तथा प्रभारी फायर स्टेशन पलिया द्वारा संत गढ़भीरा, कचनारा, बोझवा, मेटिहिया, रेलवे स्टेशन पलिया, बस स्टेशन पलिया, भीरा आदि जगहों पर हीटर/अंगीठी के उपयोग तथा सावधानियों के संबंध में



जनसामान्य को जागरूक किया गया साथ ही बैनर लगाए गए व पंपलेट्स वितरित किये गए तथा यह भी बताया गया की रात्रि में हीटर, अंगीठी तथा ब्लोअर को सोते समय बंद कर दें द्य खिड़की दरवाजे कपड़े,प्लास्टिक इत्यादि से बंद न करें द्य ऑक्सीजन की कमी से जान का खतरा होता है द्य ज्वलनशील वस्तु पर्दा, बिस्तर, इत्यादि से दूर आग जलाएं। आग का प्रयोग सावधानी से करें।

## अवैध गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त छत्रपाल पुत्र प्यारेलाल निवासी गोविन्दपुरवा थाना भीरा जनपद खीरी को 950 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना भीरा पर मु0अ0सं0 24/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने गोंडा बॉर्डर पर पहुंचे कांग्रेस नेता तरुण पटेल



**गौरा चौकी (गोंडा)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश में शांति और न्याय का दौर लौटाने का वादा करते हुए कांग्रेस ने मणिपुर से मुंबई तक की अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की। मणिपुर की राजधानी इंफाल से करीब 40 किलोमीटर दूर थौबल में खोंगजोम युद्ध स्मारक के निकट भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकल गई पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे तरुण पटेल ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश में क्रांति लाएगी। यह यात्रा राजनीतिक नहीं, बल्कि वैचारिक है। युवा न्याय योद्धा बनकर यात्रा में शामिल होकर नफरत समाप्त करने व मोहब्बत का संदेश देने के लिए आगे आ रहे हैं। केंद्र सरकार यात्रा को लेकर परेशान है। इसीलिए उसके रास्ते में तरह तरह की बाधा उत्पन्न कर रही है। सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता 28, नेशनल हाईवे गोंडा बाईपास पर अपने नेता एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वागत में लग रहे। युवा तुर्क नेता तरुण पटेल पूर्व लोकसभा प्रत्याशी,किसान नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस अपने संसदीय क्षेत्र की सीमा पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ फूल माला लेकर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत किया।

## मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन

**गोंडा।** आठ महीनो से लगातार मानदेय ना मिलने की वजह से रोजगार सेवको ने तरबगंज ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। जनपद के विकासखंड तरबगंज संगठन के अध्यक्ष प्रतिनिधि रोजगार सेवक ऋषि कुमार श्रीवास्तव की अगवाई में दो दर्जन रोजगार सेवकों ने ब्लॉक कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष का तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष आठ माह का मानदेय दिए जाने की मांग की है। रोजगार सेवाको ने मानदेय मिलने तक कामकाज बंद करने की चेतावनी दी हैं। प्रदर्शन करने वालों में ऋषि कुमार श्रीवास्तव अभिमन्यु ,संजय श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, दिलीप कुमार, कृष्णा राम ,मदन कुमार , राजेंद्र कुमार, तिलकराम ,जैयश राज, जगन्नाथ मिश्रा जयप्रकाश तिवारी, अर्जुन मौर्या, राजकुमार सदल यादव अंजनी शुक्ला सुरेश कुमार पांडे विनय कुमार सिंह जगन्नाथ वर्मा पवन कुमार यादव सुनील मिश्रा अजय प्रतापसिंह सहित दो दर्जन रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# केडीएस क्रिकेट क्लब कस्बा खास विजेताओं को सपा नेता रईस अहमद ने किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**गौरा चौकी गोंडा।** के आर डी एस क्रिकेट क्लब कस्बा खास द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंडरआर्मक्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें समापन मैं मुख्य अतिथि के रूप में रईस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा रहे विजेता और उपविजेता टीम को उनके द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया समापन के दिन सबना और नगमा फैशन मार्ट में मुकाबला हुवा सबना ने नगमा फैशन मार्ट को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया वही सेमी फाइनल का मुकाबला कस्बा और मद्दों के बीच हुवा टॉस कस्बा ने जीता और मददौ ने पहले बल्ले बाज़ी का फैसला लिया मददौ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाकर 57 रन का लक्ष्य रखा है कस्बा खास ने सात ओवर में 57 रन बनाकरमददौ को फाइनल से बाहर किया कस्बा खास और सबना के बीच में फाइनल खेला गया पहले कस्बा खास ने बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 96रन का लक्ष्य सबना टीम के लिए रखा सबना टीम10 ओवर में मात्र 91 रन बना पाई और छह रन से कस्बा खास टीम ने जीत दर्ज किया कार्यक्रम का आयोजन एसपी बंटी खान राजा खान निखिल श्रीवास्तव मोहम्मद आलम आफाक आदि द्वारा आयोजन किया गया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपद की सीमा पर मताहतो साथ किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जगह जगह बैरीककेटिंग लगाकर लोगों को आवागमन के लिए नियमो को पालन के साथ अयोध्या तरफ जाने वाले मार्ग पर कडी चौकसी बरती जा रही है सरयूघाट चौकी जो कि जिले की सीमा की अंतिम पुलिस चौकी है जो कि अयोध्या बस्ती सीमा पर स्थित है इस चौकी के चौकी इंचार्ज शिवलखन सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम मे अगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम है इसलिए जनपद की सीमा से निकलकर अयोध्या धाम जाने पर सभी सडकों व गलियो पर कडी निगरानी बरती जा रही ठंड के चलते कोई भी यात्रियों को अपने वाहनों के साथ आवाजाही के दौरान धुंध के चलते समस्या ना हो इसके लिए हर बैरीककेटिंग पर रिफलेक्टर लगाया जा रहा है उन्होंने



कहा कि चौकी के अन्तर्गत कटराशिवदयालगंज तिराहे पर पहली त्रिकोणीय बैरीककेटिंग लगी है वही पुराने सरयू पुल से बडे वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है जो स्थानीय लोग अपने बाइक से आ जा रहे हैं धुंध से कोई घटना ना हो इसके रिफलेक्टर लगाया जा रहा क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ के दिशा निर्देशों के तहत चौकी क्षेत्र के सभी बैरीककेटिंग पर लगातार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता के साथ जवान मुस्तैद है कटराशिवदयालगंज से बस्ती रोड पर टिकरी मोड परशुराम पुर मोड़ लोलपुर पुल के पहले तिराहे लोलपुर पुल के नीचे पुल के बस्ती से प्रवेश के समय आवा गमन को लेकर आर ए एफ के जवान लगे हैं वही कटराशिवदयालगंज से पुराने पुल की तरफ जाने के दौरान त्रिकोणीय बैरीककेटिंग बाद खजुरिया मोड दुर्गागंज गांव सामने और पुराने सरयू पुल पहले बैरीककेटिंग बनाकर जवान सुरक्षा के लिए मुस्तैद है इन सभी जगहों पर जगह जगह रिफलेक्टर लगाया जा रहा है उन्होंने बताया कि 22 जनवरी तक पुराने पुल से बडे छोटे सभी प्रकार के वाहनो के आवागमन रोक दिया गया है जो आवश्यक आ जा रहे हैं उनकी जगह जगह कडी जांच के बाद आवागमन हो रहा है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि कस्बे के कटी तिराहे कोल्डस्टोर पर बैरीककेटिंग लगा दी गई है वही कटी से वाहनो को मनकापुर रोड की तरफ डायवर्जन कर दिया गया है किसी भी प्रकार के बडे वाहनो का अयोध्या धाम की तरफ आवागमन बंद है। इस सुरक्षा व्यवस्था दौरान एडीशनल एसपी राधेश्याम राय क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा ने सोमवार को अपने हमराहियो साथ कटराशिवदयालगंज के पुराने सरयू पुल के सडको पर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये हैं। वही ढेमवाघाट पुलिस चौकी के जवानो ने मोटर बोट से सरयू नदी किनारे बसे गांव दत्तनगर साकीपुर तुलसीपुर माझा का निरीक्षण किया गया। इस व्यवस्था मे स्थानीय पुलिस साथ तरबगंज वजीरगंज मनकापुर व खोडारे के पुलिस कर्मी और जिम्मेदार लगे हुए हैं।

## राष्ट्रीय वाल्मीकि न्याय पंचायत की राष्ट्रीय महामंत्री बनी सीमा

सहारनपुर। राष्ट्रीय वाल्मीकि न्याय पंचायत की पार्षद कु.सीमा कात्यायनी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर आज समाज के लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। रोटरी भवन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय वाल्मीकि न्याय पंचायत की केंद्रीय समिति और प्रदेश अध्यक्ष बबलू वाल्मीकि के अनुमोदन पर राष्ट्रीय वाल्मीकि न्याय पंचायत की राष्ट्रीय महामंत्री बनने पर पार्षद कु.सीमा कात्यायनी का स्वागत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी का गठन करते हुए विकास केसला को मण्डल अध्यक्ष, विश्वास घावरी तथा अविनाश वाल्मीकि को मण्डल महामंत्री, अनुज बोहत को मण्डल उपाध्यक्ष, भारत राज को मण्डल उपाध्यक्ष, अमित कुमार शिव को मण्डल सचिव, सुशील डबराल को जिला अध्यक्ष, राहुल वाल्मीकि को जिला महामंत्री, राहुल वाल्मीकि, सोनू बिरला को जिला उपाध्यक्ष, विक्की ढिलोड को जिला उपाध्यक्ष, रॉबिन बिरला को महानगर अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वम्भर सिंह ढिलोड ने संचालन विश्वास घावरी और हुकमचंद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुन्नी घावरी, सचिन बिरला, धनी राम, आशीष बहोत्रा, विकास चौटाला, त्रिलोक, राजीव, आदित्य ठकराल, राजीव आनंद, सुमित, शुभम, चेतन विकास कल्याण, हिमांशु कांगड़ा यश बिरला, रोहित, जतिन एवं पवन चौटाला आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छकारों को प्रशिक्षण दिलाकर किया जाए सेवायोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सदस्य सेन्ट्रल मॉनिटरिंग कमेटी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारित मंत्रालय, भारत सरकार भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश सरकार द्वारा सफाई कार्य में लगे हुए स्वच्छकारों के लिए लाभकारी योजनाएं संचालित कर पुनर्वासित किया जा रहा है। उन्होने निर्देश दिए कि स्वच्छकारों की बस्तियों में प्राथमिकता से विकास कार्य कराकर उनकी स्थिति में सुधार लाया जाए। स्वच्छकारों के पुर्नवासन के लिए स्वच्छकारों की बस्तियों में अधिक से अधिक कैम्प लगाकर ऋण वितरित किया जाए।



भगवत प्रसाद मकवाना आज सर्किट हाउस सभागार में मैनुअल स्केवेन्जर्स अधिनियम 2013 के जनपद में लागू होने व पालन करने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वच्छकारों को प्रशिक्षण दिलाकर कौशल विकास मिशन एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से स्वच्छकारों को प्रशिक्षित कर विभिन्न व्यावसायिक एवं औद्योगिक आस्थानों में स्थानीय स्तर पर ही सेवायोजित कराया जाए। स्वच्छकारों की बस्तियों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ स्वच्छकारों को दिलाने में संवेदनशीलता बरतें अन्यथा उचित कार्यवाही की जाएगी। मैनुअल स्केवेन्जर्स अधिनियम 2013 के तहत जनपद के 2811 चयनित लाभार्थियों को एकमुश्त अनुदान राशि प्रदान करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

भगवत ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार सीवर में कार्य करते हुए मृतक स्वच्छकारों के आश्रितों को 30 लाख मुआवजा दिये जाने का प्रावधान किया गया है। जनपद में इस प्रकार के मृतक आश्रितों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने जनपद में आउटसोर्सिंग, ठेका एवं अन्य माध्यमों से नगर निकायों में तैनात सफाई कार्मिकों के वेतन भुगतान, ईपीएफ, ईएसआई एवं साप्ताहिक अवकाश की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि किसी भी कार्मिक का शोषण न हो। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने सदस्य को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके दिये गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा।

## विजय सैनी बने जिलाध्यक्ष व सुनील ठाकुर बने महामंत्री

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट सहारनपुर कैमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन कर निर्विरोध रूप से विजय सैनी को जिलाध्यक्ष, सुनील ठाकुर को जिला महामंत्री चुना गया, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर ललित दीक्षित ने निकटतम प्रतिद्वंदी को पराजित कर जीत हासिल की।

किशनपुरा स्थित महेन्द्रा मार्केट में एसोसिएशन कार्यालय पर आयोजित बैठक में नवगठित कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करते हुए सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया, जिसमें निर्विरोध रूप से जिला अध्यक्ष पद पर विजय सैनी और जिला महामंत्री पद पर सुनील ठाकुर को चुना गया। इसके अलावा जिला कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए। चुनाव के पद पर विवेक चौहान व ललित दीक्षित प्रत्याशी रहे।

## इंडो अरब सोसाइटी के इलेक्शन में फरहाना शाह को जीत मुबारकः शमीम मासूम हसनी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** इंडो अरब सोसाइटी के इलेक्शन में वरिष्ठ अधिवक्ता सोशल एक्टिविस्ट फरहाना शाह को फिर से प्रबंध समिति में वरिष्ठ सदस्य के रूप में जीत हासिल करने पर सोशल एक्टिविस्ट मैडम शमीम मासूम हसनी ने दिली मुबारकबाद पेश करते हुए इंडो अरब सोसाइटी के सदर डा. पतानकर और मैडम फरहाना शाह को उनकी उम्दा कार कर दगी पर खुशी का इज़हार करते हुए कहा कि हमें अपने समाज के काबिल और ईमानदार लोगों का साथ देना चाहिए तभी हम और हमारा देश और समाज आगे बढ़ सकता है। मैडम शमीम मासूम हसनी ने फरहाना शाह और डा. पतांकर की सोशल खिदमात की सराहना करते हुए कहा कि मुंबई और आस पास के राज्य में भी हमारे सिनियर साथियों को सम्मान की निगाह से देखा जाता है यह हम सभी के लिए बड़े उत्साह और गर्व की बात है फरहाना शाह को मुबारकबाद पेश करने वालों में महबूब सरवर कैंसर, नबी अख्तर कुरैशी, डा. एम ए पातांकर अल्लामा बुनाई हसनी, फरीदा मंसूरी और मौलाना नौशाद सिद्दीकी के नाम उल्लेखनीय हैं।

## सपा सांसद डिम्पल यादव का सपाईयों ने मनाया जन्म दिन

**सहारनपुर।** सपा सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन पर आज पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मिठाइयां बाटी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। सभी ने 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। आज अंबाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर सपा सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ बनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मिठाई बाटी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ने कहा कि श्रीमती डिंपल यादव कुशल राजनीतिज्ञ है और उनके नेतृत्व में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और लोकसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य हासिल कर चुनाव में जुट जायें।

# कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सतांव (रायबरेली)।** पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह के द्वारा क्षेत्र के गरीब, असहाय और निराश्रितों को गलन भरी सर्दी से राहत पहुँचाने हेतु रविवार को ब्लॉक सभागार मलिकमऊ में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

हरचन्दपुर विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश सिंह ने रविवार को मलिकमऊ स्थित ब्लॉक परिसर में क्षेत्र की सभी 50 ग्रामपंचायतों के पंद्रह सौ के लगभग गरीब, असहाय और निराश्रितों को कम्बल भेंट किये। पूर्व विधायक ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचवटी परिवार हमेशा से गरीब और असहायों की सेवा करता रहा है और करता रहेगा विधायक ने बताया कि उन्होने अपने कार्यकाल में हरचन्दपुर विधानसभा में बारह सौ करोड़ के विकास कार्य कराये जबकि जातपात के चुनावी समीकरण बिठाकर जीते वर्तमान विधायक को क्षेत्र के विकास की बात तो दूर भीषड़ सर्दी में गरीब और निराश्रितों की सुध लेने तक का समय नही है।

विधायक ने जनसमुदाय को बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राममन्दिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सनातनियों के लिए अभूतपूर्व क्षण होगा। सभी लोग अयोध्या तो नही पहुँच सकते सभी अपने-अपने घरों में कम से कम पाँच दीप अवश्य जलाऐं। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख उमेश प्रताप सिंह सतांव प्रधान संध अध्यक्ष अमिता बाजपेई के समाजसेवी पति राजेश बाजपेई, विधानसभा संयोजक भारतीय जनता पार्टी कृषि जीवन तिवारी पूर्व प्रधान बबलू सिंह पूर्व प्रधान भान सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का कारवां पहुंचा नगर पंचायत बछरावां

*अवधनामा संवाददाता*

**बछरावां रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन एवं प्रदेश सरकार के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का कारवां सोमवार को कस्बे में स्थित रफी अहमद किदवई पार्क में आयोजित भारत विकसित संकल्प यात्रा के प्रांगण में पहुंचा। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रवेश वर्मा एवं अति विशिष्ट अतिथि संजय श्रीवास्तव (नोडल अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय) के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गयाद्य इस मौके पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम सुरक्षा योजना, पीएम जन धन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, BOWC के तहत



पंजीकरण, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना सहित अनेको लाभकारी योजनाओं से उपस्थित जनमानस को अवगत कराया गया एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी राजू गौतम, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के लाभार्थी शिवकुमार, सुषमा देवी, सीमा देवी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी शिवकुमार एवं नरेंद्र कुमार को प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री डॉक्टर मारुति मिश्रा, वेद शुक्ला चौधरी चरण सिंह, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, नरेंद्र चौधरी, सभासद बालकृष्ण पांडे, सभासद कुवर वीरभान सिंह, सभासद मोहम्मद नदीम, सभासद राजकुमार सोनी, सभासद सोनू सोनकर, सभासद ज्ञान सिंह, सभासद शंभू दयाल वर्मा, कुलदीप सिंह, शशिकांत मल्होत्रा, उत्कर्ष शुक्ला, अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों कर्मचारी एवं अधिकारी गण, नगर पंचायत बछरावां के अन्य कर्मचारी, गणमान्य जन, प्रबुद्ध वर्ग, आमजन मानस, पत्रकार बंधु, व्यापारी बंधु सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम का कुशल संचालन बुद्धि प्रकाश अवस्थी के द्वारा किया गया।

# अन्नपूर्णा भवन का शुभारम्भ करेंगे स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**सतांव, रायबरेली।** कृष्णपुर ताला में बनकर तैयार हुई ब्लॉक की पहली अन्नपूर्णा दुकान का शुभारम्भ आने वाली 17 जनवरी दिन बुधवार को स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह करेंगे।कृष्णपुर ताला प्रधान अमिता बाजपेई के मुताबिक़ जिस दिन अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन होगा उसी दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा भी कृष्णपुर ताला पहुंचेगी।राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कृष्णपुर ताला प्रधान अमिता बाजपेई ने बताया कि अन्नपूर्णा दुकान में राशन कार्ड धारकों को राशन के आलावा जन सेवा केंद्र की भी सुविधा मिलेगी। इस केंद्र पर बिजली बिल का भुगतान, पीएम वाणी के अन्तर्गत ब्रांडेड किराना का सामान भी मिलेगा।उल्लेखनी है कि राशन की दुकानो में आसानी से खाद्यान पहुंचाने और उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए सरकार ने




खाद्य व रसद विभाग की दुकान प्रत्येक पंचायत में बनाए जानें का प्रस्ताव जारी किया है।योजना के प्रथम चरण में सतांव ब्लॉक की आधा दर्जन पंचायतों में अन्नपूर्णा दुकान बनाई जानी थी,लेकिन अभी तक केवल कृष्णपुर ताला में ही बनकर तैयार हो पाई है।सतांव ब्लॉक संघ के अध्यक्ष व कृष्णपुर ताला की प्रधान अमिता बाजपेई ने बताया कि खाद्यान्न के डोर स्टेप डिलीवरी की सिंगल स्टेज व्यवस्था के अन्तर्गत खाद्यान्न लेकर पहुंचने वाले वाहनों को उचित दर दुकान तक सुगमता पूर्वक पहुंचाने, राशन को सुरक्षित भंडारण करने तथा कार्ड धारकों को व्यवस्थित राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिहाज से अन्नपूर्णा भवन का निर्माण किया गया है।


## ग़रीब नवाज़ सप्ताह में उलेमाओं ने मरीजों को फल और कंबल बांटा

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** इस्लाम में मरीजों की देखभाल व मिज़ाज पुरसी की बहुत बड़ी फ़ज़ीलत आई है उस को अल्लाह की रज़ा और पैगम्बर ए इस्लाम की सुन्नत बताया है। खुद पैगम्बर ए इस्लाम बीमारों को देखने जाते और हमें उसका आदेश भी दिया है। हदीस में है जो व्यक्ति किसी बीमार को देखने गया तो वापस होने तक जन्नत के फल चुनने में रहा। इस्लाम ने इस बात की ताकीद की है कि अपने अमल से मरीज़ को ज़रा भी तकलीफ न पहुंचे। अगर मालूम है कि इयादत को जायगा तो उस बीमार पर गिरां गुजरेगा। ऐसी हालत में इयादत न करे ,इयादत को जाये और मरीज़ की परेशानी देखे तो मरीज़ के सामने ये ज़ाहिर न करे कि तुम्हारी हालत खराब है और ना सर हिलाए जिससे हालत खराब होना समझा जाता है उसके सामने ऐसी बातें करनी चाहिए जो उसको अच्छी मालूम हो उसकी मिज़ाज पुरसी करे उसके सर पर हाथ ना रखे मगर जबकि खुद उसकी ख्वाहिश करे,फ़ासिक़ कि इयादत भी जायज़ है क्योंकि इयादत हुकुके इस्लाम में से है। आल इंडिया ग़रीब नवाज़ कौन्सिल के तत्वाधान में ग़रीब नवाज़ हफ़्ते के अंतर्गत आल इंडिया ग़रीब नवाज़ कौन्सिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हज़रत (मौलाना) मो. हाशिम अशरफ़ी के नेतर्त्व में उर्सला हास्पिटल,नासिर हास्पिटल,मोहम्मदिया हास्पिटल, वारिस हॉस्पिटल एवं अन्य हास्पिटल में मौलाना महताब आलम कादरी मिस्बाही ,हाफिज मिन्हाजूद्दीन कादरी, मास्टर नौशाद आलम मंसूरी, हाफिज अब्दुर्रहीम बहराईची, हाफिज मो.अरशद अशरफी, हाशिम अली रिजवी, मुसरान माबूद, वासिफ रजा अशरफी आदि ने मरीजों के पास जा जा कर फल और कंबल बांटे और मिज़ाज पुर्सी कीर मौलाना अशरफ़ी ने मरीजों की तन्दरुस्ती के लिए दुआ फरमाई। इस से पूर्व ऑल इंडिया गरीब नवाज़ काउंसिल के ज़रिए एहतिमाम गरीब नवाज हफ्ता के तहत चौथा प्रोग्राम जश्ने गरीब नवाज़ बशीर स्टेट हीरा मन पूर्वा में मुनक्क़िद हुआ।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पूरी पारदर्शिता बरती जाए: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने वाली सभी एजेंसियां ईमानदारी से कार्य करें, राशन कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए, एफ.सी.आई. गोदाम से पूरा उठान हो, पूरी मात्रा में प्रत्येक कोटा डीलर की दुकान तक खाद्यान्न पहुंचे, गोदाम से राशन डीलर की दुकान तक खाद्यान्न पहुंचने वाले सभी वाहन जी.पी.एस. युक्त रहे, जनपद में निर्माणाधीन मॉडल शॉप का निर्माण तत्काल पूर्ण कराया जाए, मॉडल शॉप के निर्माण में जन-भावनाओं को ध्यान में रख भूमि का चयन किया जाए, दुकान का निर्माण मुख्य आबादी के आस-पास हो, पेट्रोल पंप हेतु लंबित आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारी तत्काल अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें यदि औपचारिकताएं पूर्ण न हों तो संबंधित को नोटिस जारी कर आवेदन को निरस्त करें, किसी भी दशा में अकारण अपने कार्यालय में लंबित न रखें।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने नवीन ई-पॉस मशीन तथा ई-वेईंग मशीन की स्थापना एवं आपूर्ति विभाग के अन्य बिंदुओं की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नवीन ई-पॉस मशीन एवं ई-कॉंटे तहसील में सुरक्षित रखने हेतु स्थल का चिन्हांकन करें ताकि मशीन प्राप्त होने पर रखने में कोई असुविधा न हो, ई-पॉस मशीन चयनित स्थान स्ट्रांग रूम की तर्ज पर हो तथा इसे परिसर में सुरक्षित रखवाया जाए, तहसील में ही स्टेम्पिंग तथा विक्रेताओं के प्रशिक्षण तथा वितरण आदि का कार्य उप जिलाधिकारियों के पर्यवेक्षण में होगा इसलिए उप जिलाधिकारी नेतृत्व देकर कार्य करें, अपनी देख-रेख में ई-कांटों की स्टेम्पिंग करायें, सिस्टम इंटीग्रेटर द्वारा स्टेम्पिंग में अपेक्षित सहयोग किया जाए, प्रशिक्षण हेतु सिस्टम इंटीग्रेटर द्वारा मास्टर ट्रेनर तत्काल नियुक्त किए जाएं, प्रशिक्षण में जिला पूर्ति अधिकारी अपने स्तर से अधिकारियों, कर्मचारियों की तैनाती कराना सुनिश्चित करें, विक्रेताओं के प्रशिक्षण हेतु उपस्थिति पंजिका तैयार कर उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए, प्रशिक्षण को गुणवत्तापरक रखने हेतु ई-कांटे व ई-पॉस संबंधी मैन्युअल में लगभग 10 प्रश्नों की एक प्रश्नावली तैयार की जाए

जिसे विक्रेताओं के प्रशिक्षण उपरांत उनकी परीक्षा लेकर प्रपत्र संकलित किए जाएं, स्टेम्पिंग तथा प्रशिक्षण के उपरांत ई-कांटो, ई-पॉस की स्थापना उचित दर दुकानों पर करते हुए उन्हें क्रियाशील कराया जाए। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जनपद में निर्माणाधीन अन्नपूर्णा मॉडल शॉप दुकानों की समीक्षा करने पर पाया कि जनपद में कुल 07 अन्नपूर्णा मॉडल शॉप के निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 13 ग्राम पंचायत में मॉडल शॉप का निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है,जिस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह के अंत तक निर्माणाधीन दुकानों का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## दिव्यांगों को बांटे गए कम्बल



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** स्वर्गीय सैय्यद मोहम्मद मेहदी के याद में दिव्यांगों को बांटे गए कम्बल कौशाम्बी- निर्बल विकास एवं उत्थान समिति द्वारा स्थित करारी कार्यालय में दिन सोमवार को संस्था के पूर्व सलाहकार रहे स्वर्गीय सैय्यद मोहम्मद मेहदी की याद में निशुल्क कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था द्वारा चयनित किए गए दिव्यांगों को ठंड से बचाव हेतु एवं बढ़ती शीत लहर को देखते हुए कम्बल वितरण किया गया।

## दलित परिवार कलेक्ट्रेट में बैठा आमरण अनशन पर



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दलित की जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे है। सोमवार को पीड़ित दलित अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में आमरण अनशन पर बैठ गया और बाद में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। पीड़ित ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिए ज्ञापन में कहा है कि चंद्र प्रकाश नट, पत्नी कामिनी नट, भाई बब्लू नट व राजेश्वरी पत्नी रामौतार के साथ आमरण अनशन पर बैठा। दलित ने दबंग मनोज पुत्र लालाराम ओमवीर पुत्र शिवपाल पर जमीन पर कब्जा करके का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की है। पीड़ित ने बताया कि उसकी करीब 33 डिसमिल जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने लेखपाल, पुलिस एवं नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पर जमीन पर कब्जा करवाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि जमीन पर वह 50 वर्ष से काबिज है और उसका उपयोग कर रहा है।

## बाइकों की भिड़ंत में एक में लगी आग

**फर्रुखाबाद।** दो बाईकों की भिड़ंत में एक बाइक में आग लगने से धूं-धूं कर जलने लगी जिससे मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। फर्रुखाबाद फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर धूं-धूं कर जली बाइक, चंद मिनटों में बाइक मलबे में तब्दील होने और आग लगने से मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध होते ही भगदड़ मच गई। स्वास्थ्य विभाग में सीएमओ कार्यालय में सफ़ाई कर्मचारी पद पर तैनात कैलाश बाइक से डियुटी पर जा रहा था। जैसे ही वह सी एम ओ कार्यालय के पास पहुचा तभी पीछे से अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी द्यजिससे बाइक गिरते ही उसमे आग लग गई और बाइक धूं-धूं कर जलने लगी। अचानक आग लगने से सफाई कर्मी कैलाश ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई द्यबाइक में आग लगते ही अफरातफरी मच गई मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। लोगो ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी तो फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुची तव तक बाइक जल कर राख हो गई थी।

## 22 को अयोध्या जाने से कांग्रेस नेताओं का इंकार यानी गुड़ खाओ गुलगुले से परहेज

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं का निमंत्रण के बावजूद जाने से इंकार करना किसी को हजम नही हो रहा। उसका कृत्य गुड़ खाओ गुलगुले से परहेज जैसा है। खुद को धर्मनिरपेक्ष कहलाना अब कांग्रेस को शोभा नही देगा। उसे अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए ताकि आमजन भी उसके बारे में एक धारणा बना सके।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र की वजह से नुकसान उठाती जा रही लेकिन इससे दूर नही हो पा रही। जैसे कि कांग्रेस ने 85 फीसदी पसमांदा मुस्लिम को दलित से बदतर बना डाला। आर्टिकल 341 के जरिये इस समाज पर धार्मिक प्रतिबन्ध लगाकर कांग्रेस में पिंजड़े में कैद कर दिया जबकि हिन्दू को इससे मुक्त रखा, ऐसा कदम उठाकर भी कांग्रेस राममंदिर निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से दूरी बना रही है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का यह रवैया तब है जब वह खुद को धर्मनिरपेक्ष कहलाना पसंद करती है। कांग्रेस के लगभग सभी नेता देश के प्रतिष्ठित मंदिरों में हो आये, कुछ समय के लिए धार्मिक भी हो गए राहुल गांधी भक्ति मार्ग पर चलते दिखाई दिए तो अब अयोध्या जाने से परहेज किस बात का। उन्हें तो निमंत्रण भी मिला है फिर आयोजन में न जाने का फैसला कर वह आखिर क्या साबित करना चाहती है। जाहिर है यह उसके दोहरे चरित्र का एक और प्रमाण और कथित तौर पर धर्मनिरपेक्ष होने का सुबूत है।

## शनिदेव की मूर्ति अज्ञात अराजकतत्वों ने की गायब

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में गांव के बाहर पेड़ के नीचे स्थापित शनिदेव की मूर्ति अज्ञात अराजकतत्वों ने गायब कर दी,सुबह ग्रामीणों ने शनिदेव के मूर्ति को गायब देखा तो हड़कंप मच गया,मूर्ति गायब होने की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर के वार्ड नंबर 09 में एक पेड़ के नीचे शनिदेव की मूर्ति को गांव के ही विष्णु साहू ने स्थापित कराई थी,ग्रामीण प्रत्येक शनिवार को मूर्ति की पूजा आदि करते थे,इस शनिवार को भी लोगो ने पूजा की थी। लेकिन रविवार की रात में किसी अज्ञात अराजकतत्वों ने शनिदेव की मूर्ति को गायब कर दिया।



भाजपा के राज्य प्रमुख जी किशन रेड्डी ने मीर फिरासथ अली बाकरी द्वारा 812वें उर्स अजमेर दरगाह के लिए चादर पेश की

## पूर्व सैनिक ने एसपी को दिया पत्र

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** देश की सुरक्षा करने बाला पूर्व सैनिक न्याय के लिए दर दर भटक रहा है, दो महीने से परेशान पूर्व सैनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पीड़ित पूर्व सैनिक ने पुलिस अधीक्षक को दबंगो के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है जिसमें दबंगों से परेशान पूर्व सैनिक ने कहा कि न्याय न मिला तो आत्महत्या कर लेगा। दबंग के आतंक से परेशान पूर्व सैनिक ने पुलिस अधीक्षक से दर्ज कराई शिकायत कराई। कोतवाली मोहम्दाबाद के गांव गजियापुर के निवासी पूर्व सैनिक हरवीर की जमीन पर नितिन दबंगई के बल पर कब्जा कर रहे हैं। पूर्व सैनिक ने आरोप लगाया की उसने अपनी जमीन पर परचून की दुकान लोहे के खोखे में रखी थी दबंग नितिन ने उसके खोखे को फेक दिया और उसमें रखा सामान निकाल लिया पूर्व सैनिक ने परिवार सहित आमरण अनशन पर बैठने की दी चेतावनी देते हुए बोला न्याय न मिला तो जान दे देगा।



## मायावती के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं का जन सैलाब

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी कानपुर महानगर द्वारा बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के 68 वे जन्मदिवस के अवसर पर कानपुर मैनावती मार्ग अंजलि पार्टी लान में कार्यकर्ताओं का सैलाब उमर पाड़ा बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के जन्मदिन को जन कल्याणकारी कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जिसमें मुख्य अतिथि मा नौशाद अली ने अपने संबोधन में बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी के चारों कार्यकाल में किए गए विकास कर जनकल्याणकारी कर वी प्रदेश की युवाओं को दिए गए रोजगार और प्रदेश की सुदृढरण कानून व्यवस्था के बारे में अवगत कराया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी की मौत



**बांसी अवधनामा संवाददाता।** बांसी खलीलाबाद मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। जिसे बांसी पुलिस ने एम्बुलेंस द्वारा बांसी पीएचसी लाया गया। मौके डा. आरके सिंह द्वारा जांच करने पर दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को पंचनामा करने को प्रात पोस्टमार्टम के लिए जिलाअस्पताल भेज दिया है। ग्राम बकइनिया थाना खेसरहा निवासी राजकुमार पुत्र चंद्रशेखर उम्र लगभग 30 वर्ष अपनी पत्नी शीला उम्र 28 के साथ ग्राम शेहरी घाट से रिश्तेदारी से लौटकर आ रहा थे जैसे ही वह तेलौरा चौराहे के पास पहुंचा किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने दोनों को एंबुलेंस से लेकर बांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने मृत घोषित कर दिया। दोनों की शादी अभी 2 वर्ष पहले हुई थी। मौके पर सीओ बांसी सतीष चंद्र पान्डेय, प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, एस आई योगेश मणि त्रिपाठी, हरिओम कुशवाहा, नरेन्द्र सिंह मौके पर मौजूद रहे।

## पशु चिकित्सा पर लटकता रहता ताला

**कम्पिल फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** ग्राम पंचायत रुदायन में पोस्टिग होने के बाद भी पशु अस्पताल में ताला लटकता रहता है जो सरकार के आदेशों को पतीला लगा रहा है द्य पशु अस्पताल बंद रहने से यहां के क्षेत्रीय नागरिक बड़ी आशा से अपने बीमार जानवर लाते हैं और गेट पर ताला लगा देख कर मायूस होकर वापस लौट जाते है द्य कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच नही करता है जबकि यहां पर डॉक्टर पुस्पेंद की तैनाती है लेकिन जब से पोस्टिग हुई तब से आज तक डॉक्टर नही आए और जब भी कोई क्षेत्रवासी संपर्ग करता है तो इनका जबाब सुनकर चुप चाप बैठ जाता है।

## वैदिक परिवार ने दीं सवालाख आहूतियां




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सत्य सनातन वेद प्रचार न्यास के तत्वावधान में वैदिक परिवार लखनऊ द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मदर्स प्राइड स्कूल, जानकीपुरम् के विशाल प्रांगण में संक्रान्ति उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर 51 कुण्डीय यज्ञ वेदियों पर 1100 यजमानों ने बैठकर वैदिक मन्त्रों से सवा लाख आहूतियां दीं। हवन में गाय का घी और औषधीय हवन सामग्री का प्रयोग किया गया। यज्ञ के पश्चात वैदिक विद्वान आचार्य विश्वव्रत शास्त्री ने कहा कि इस वर्ष अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के मांगलिक अवसर पर हो रहे इस आयोजन में सभी अत्यंत उत्साहित हैं। आचार्य जी ने बताया कि भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही सम्पूर्ण संसार पुनः एक ईश्वर का उपासक बन सकता है। राम जन्मभूमि पर बन रहे स्मारक से प्रेरणा प्राप्त कर पुनः यहां राम ,भरत से भाई, सीता सी देवियां ,कौशल्या व सुमित्रा सी माताएं ,दशरथ जैसे पिता ,राम जैसे पुत्र, मुनिवर वशिष्ठ से कुलगुरु ,महामुनि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त्य जैसे शिक्षक, सुग्रीव जैसे मित्र और हनुमान जैसे सेवक होंगे। जिससे हमारा भारत फिर महान बन जगद्गुरु और विश्व सम्राट का गौरव प्राप्त कर सकेगा सारा संसार राम के आदर्शों की शीतल छाया में सुख शांति का अनुभव करेगा। लौकिक और पारलौकिक उन्नति के समन्वय रूप धर्म का पालन करेगा और फिर वैदिक सनातन धर्म का गौरव गान करेगा। सर्वमित्र शास्त्री ,कविता सहगल आचार्य प्रियंका शास्त्री व अनुराग शास्त्री ने संगीतमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। अध्यक्ष नवीन सहगल द्वारा संचालन व संरक्षक डॉक्टर सत्यकाम आर्य द्वारा आभार प्रकट किया गया। शांति पाठ के पश्चात् भंडारे का आयोजन हुआ। प्रमुख रूप से श्री अरविंद गुप्त, संतोष त्रिपाठी, संजीव मिश्र, जयन्ती सिंह, देवेन्द्र स्वरूप गुप्त, प्रमिला श्रीवास्तव, विनय कृष्ण पाण्डेय, अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, प्रीती वार्ष्णेय, रूपाली श्रीवास्तव, रागिनी श्रीवास्तव, रेनू शर्मा उपस्थित रहे।

# गंगा जमुनी तहजीब का आईना है मकर संक्रांति समरसता भोज

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** विकास परिषद के तत्वाधान में सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक समरसता भोज का आयोजन प्रयागराज मे किया गया। मकर संक्रांति के इस समरसता भोज में गंगा जमुनी तहजीब का एक अदभुत नजारा देखने को मिला।कार्यक्रम धूमनगंज स्थित हनुमान वाटिक में किया गया। इस समरसता भोज में प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, मिर्जापुर एवं वाराणसी के भाजपा नेताओं के साथ साथ आमजन ने भी हिस्सा लिया।

सोमवार को प्रयागराज के धूमनगंज स्थित हनुमान वाटिका में समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गंगा जमुनी तहजीब का अनोखा संगम देखने को मिला। जहां हर वर्ग समुदाय के लोगों ने प्रतिभाग कर मिसाल पेश की। कार्यक्रम में आये विशिष्टजनों को सांसद विनोद सोनकर नें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गायक मनोज गुप्ता ने अपनी टीम के साथ श्रीराम के भजनों की विशेष प्रस्तुति दी। जिसमे लोग खिचड़ी के स्वाद के साथ भजनो में भी डूबे रहे। समरसता भोज में श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए बाजरे की भी खिचड़ी खिलाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि सामाजिक समरसता भोज मात्र एक भोज का आयोजन नही हैं बल्कि इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गो को एकसाथ लाकर राष्ट निर्माण करना हैं। मकर संक्रान्ति में जो हम खिचड़ी खाते हैं, उसमे प्रयोग होने वाला चावल हमेशा नया प्रयोग किया जाता हैं, चावल चन्द्रमा का प्रतीक हैं। उसमे प्रयोग होने वाली उड़द की दाल शनि का प्रतीक हैं और खिचड़ी में प्रयोग होने वाली सब्जियां बुद्ध की पहचान हैं। चन्द्रमा, शनि और बुद्ध इन तीनो ग्रहों के संयोजन से हमारी खिचड़ी तैयार होती हैं। ऐसी मान्यता है कि ऐसी खिचड़ी खाने से आगामी एक साल तक आप निरोगी रहते हैं। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन मे बहुत से लोगो ने बलिदान दिया हैं।

## मामूली विवाद के बाद फांसी के फंदे से झूले पिता पुत्र

**कौशाम्बी।** जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में रविवार की रात मामूली बात को लेकर पिता पुत्र के बीच विवाद हो गया, एक दूसरे को धमकी देते हुए दोनों ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की, परिजनों ने किसी तरह दोनो को बचाया और पिता को मंझनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं बेटे का सिराथू के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सैनी कोतवाली के करनपुर निवासी सुनील कुमार उर 48 वर्ष मेहनत मजदूरी करके परिजनों का भरण पोषण करते है, रविवार की शाम को मामूली सी बात को लेकर सुनील के बेटे अनुज से कहासुनी हो गई। इसके बाद बात इस कदर बिगड़ी की दोनों मारपीट पर आमादा हो गए थे। परिजनों के समझाने पर दोनों लोग शांत हुए लेकिन पिता ने यह कहते हुए धमकी दी कि वह अपनी जान दे देगा।

कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांकः 1942/ई0ई0(एच0क्यू0)/2023-24
दिनांकः 15/01/2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 23/01/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 23/01/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 23/01/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–61, तिलकनगर कुण्डरी रकाबगंज वार्ड मे श्री शिव बरन म0नं0 255/96 निगमबाग पसियाना टोला मे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–53, रहीमनगर गाँव (महानगर) मे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–27, बालागंज के निकट मनोचा बेकरी (गौशाला रोड) के निकट नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

## बढ़नी स्थित एसएसबी कैम्प कार्यालय में आयोजित समन्वय बैठक



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सीमावर्ती कस्बा बढ़नी स्थित एसएसबी कैम्प कार्यालय में आयोजित समन्वय बैठक में उपस्थित दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों को संबोधित करते हुए उप कमांडेंट मुकेश कुमार गुर्जर ने कहा कि प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सीमा पर निगहबानी तेज कर दी गई है तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों पर नजर रखने बनाए रखने की आवश्यकता जिसके लिए सरहद पर आपसी तालमेल ज़रूरी है। रविवार की देर सायं एसएसबी बढ़नी कैम्प में आयोजित बैठक में एसएसबी के उप कमांडेंट मुकेश कुमार गुर्जर ने सभी लोगों से कई महत्त्वपूर्ण विन्दुओ पर विचार विमर्श किया। कहा कि सीमा की सुरक्षा के लिए गृहमंत्रालय के आदेशानुसार दो सप्ताह तक एक्सट्रीम हाई अलर्ट 14 जनवरी से 27 जनवरी तक चलेगा। कहा कि आगामी 22 जनवरी को होने जा रहे प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सीमा पर निगहबानी तेज कर दी गई है और हरेक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। कहा कि सीमा की निगहबानी में जुटी खुफिया एजेंसियां राष्ट्र विरोधी तत्वों पर अपनी नजर बनाए हुए है। सीमा पर रहने वाले नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है किसी भी अवांछनीय तत्व की आहट होने पर तत्काल सूचना दे ताकि उस पर कार्यवाही की जा सके। इस दौरान वरिष्ठ कस्टम निरीक्षक प्रदीप कुमार, मनीष कुमार, एसएसबी निरीक्षक बहादुर लाल, नेपाल प्रशासन, आरपीएफ के जवान आदि मौजूद रहे।

# एवीयस कोचिंग सेंटर पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार में ए.वी.यस.कोचिंग सेंटर ने सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य शिव दयाल ने बताया खिचड़ी की महत्व पौराणिक मान्यतों के अनुसार, सभी लोग इस दिन खिचड़ी बनाते हैं और सूर्य देव को भोग लगाकर इसे खाते हैं। खिचड़ी बनाना न सिर्फ एक रिवाज है, बल्कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसा करने से जन्म कुंडली में ग्रहों की स्थिति अच्छे भी होते हैं। डायरेक्ट आशुतोष सिंह ने बताया की मकर संक्रांति को स्नान और दान का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन तीर्थों एवं पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी, फल एवं राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन किए गए दान से सूर्य देवता प्रसन्न होते है।

खिचड़ी त्यौहार हम हिन्दूओं का एक त्यौहार है जिससे सभी लोग एक साथ मिल जुलकर खिचड़ी बनाने एवं खाने का कार्य करते है जिससे समाज में एक समानता का सन्देश जाता है। इस अवसर पर राकेश चौधरी क्यू. सीसीसी से प्रदीप सिंह सरकारी कम्पटीशन से देवेंद्र कुमार एवं आर.के. शाही पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शिव दयाल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## चोरी की एक मोबाइल फोन के साथ एक गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने सोमवार को चोरी के एक अदद मोबाइल फोन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 14/2024 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त वीरेन्द्र प्रसाद पुत्र मुखलाल निवासी मुण्डेरा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को थाना क्षेत्र के तिनहवा चौराहा के पास गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक अदद रेडमी एण्ड्राएड मोबाइल फोन की बरामदगी की। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उसके विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गए। गिरफ्तार करने वाले टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम पाण्डेय कांस्टेबल रामसजीवन शामिल रहे।

## काज़मैन में ईमाम मूसा काज़िम (अ0स0) का मातम

**लखनऊ।** आज दस्ता-ए-ख़तीबुल ईमान, काज़मैन रोड लखनऊ के अराकीन की एक मीटिंग रौज़ए काज़मैन में हुई जिसमें दस्ते के जन0 सेक्रेटरी जनाब सिब्तैन रिज़वी साहेब ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी ईमाम मूसा काज़िम (अ0स0) की शहादत के सिलसिले में ईमाम के हरम काज़मैन में शबे शहादत 24 रजब 1445 हिजरी, मुताबिक़ 5 फ़रवरी 2024 को एक मजलिसे अज़ा मुनक्क़िद होगी। इस मजलिस को आलीजनाब मौलाना तनवीर अब्बास नज़फ़ी साहब ख़िताब फ़रमायेंगे।

मजलिस के क़ब्ल क़ारी दानिष साहब तिलावत और जनाब फ़िदवी नक़वी साहब और जनाब एजाज़ ज़ैदी साहब बारगाहे मासूमीन अ0स0 में नज़रानाए अक़ीदत पेष करेंगे। निज़ामत के फ़राएज़ जनाब नय्यर मजीदी साहब अन्जाम देंगे। बाद मजलिस रौज़ए काज़मैन में ताबूत इमाम मूसा काज़िम अ0स0 का गष्त होगा। ताबूत इमाम मूसा काज़िम अ0स0 की अलविदाई मजलिस को आलीजनाब मौलाना अबुतालिब मेहदी साहब ख़िताब करेंगे।

# महानगर के सभी वार्डो में भाजपाईयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान चला रही है। पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में लगे हुए हैं। अभियान को स्थानीय लोगों का समर्थन भी मिल रहा है। सोमवार को सांसद लल्लू सिंह ने अयोध्या के हनुमान कुंड वार्ड में , वेद गुप्ता ने अशोक सिंघल नगर में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने राम की पैड़ी पर, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने अभिराम दास वार्ड, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने मणिरामदास छावनी वार्ड ,पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने सीता कुंड वार्ड, तिलक राम मौर्य ने अवधपुरी वार्ड ,अनिल सिंह व दिवाकर सिंह ने जयप्रकाश नारायण वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा। पूरा विश्व अयोध्या की ओर देख रहा है। यहां के नागरिकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें अयोध्या को रिकार्ड स्तर पर स्वच्छ व सुंदर बनाना है। इसके लिए सभी को अपनी पूरी शक्ति व सामर्थ्य से जुट जाना चाहिए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में लगे हुए हैं । नगर के हर वार्ड में अभियान चलाया जा रहा है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि हमें अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के प्रति संकल्पित होना चाहिए। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बूथ स्तर पर पदाधिकारी को स्वच्छता अभियान चलाने की जिम्मेदारी सौंप गई है। 21 तारीख तक महानगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। इसमें स्थानीय लोगों का भी काफी साथ मिल रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर लोगों में हर्षोल्लास का माहौल है।

## श्री राम जन्मभूमि परिसर में भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा लगाने की उठी मांग

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि परिसर में भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा लगाने की मांग उठने लगी है। पौराणिक तथ्यों के आधार पर अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को अपना मांग पत्र सौंपा है। इस मौके पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन की मांग पर पूरा विचार किया जाएगा। संगठन के इस मांग की उन्होंने हृदय तल से सराहना की।संगठन ने दावा किया है कि जब भगवान राम दशानन रावण को मार कर अयोध्या लौट रहे थे, तब उनके खडाऊं को राजसिंहासन पर रख कर राज्य चला रहे राजा भरत थे। भरत ने गुरु वशिष्ठ को भगवान राम के राज्यतिलक के लिए सभी देवी देवताओं को सन्देश भेजने की व्यवस्था करने को कहा। गुरु वशिष्ठ ने ये काम अपने शिष्यों को सौंप कर राज्यतिलक की तैयारी शुरू कर दी। ऐसे में जब राज्यतिलक में सभी देवी-देवता आ गए तब भगवान राम ने अपने अनुज भरत से पूछा चित्रगुप्त जी नहीं दिखाई दे रहे है, इस पर जब उनकी खोज हुई। खोज में जब चित्रगुप्त जी नहीं मिले तो पता लगा कि गुरु वशिष्ठ के शिष्यों ने भगवान चित्रगुप्त जी को निमंत्रण पहुंचाया ही नहीं था, जिसके चलते भगवान चित्रगुप्त नहीं आये। इधर भगवान चित्रगुप्त सब जान तो चुके थे, और इसे भी नारायण के अवतार प्रभु राम की महिमा समझ रहे थे। फलस्वरूप उन्होंने गुरु वशिष्ठ की इस भूल को अक्षम्य मानते हुए यमलोक में सभी प्राणियों का लेखा-जोखा लिखने वाली कलम को उठा कर किनारे रख दिया। देवता जैसे ही राजतिलक से लौटे तो पाया की स्वर्ग और नरक के सारे काम रुक गये थे, प्राणियों का का लेखा-जोखा ना लिखे जाने के चलते ये तय कर पाना मुश्किल हो रहा था की किसको कहाँ भेजना है। तब गुरु वशिष्ठ की इस गलती को समझते हुए भगवान राम ने अयोध्या में भगवान् विष्णु द्वारा स्थापित भगवान चित्रगुप्त के मंदिर में गुरु वशिष्ठ के साथ जाकर भगवान चित्रगुप्त की स्तुति की और गलती के लिए क्षमा याचना की। संगठन के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने मांग करते हुए कहा है कि श्रद्धालुओं की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर परिसर में भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा लगाना चाहिए जिससे धर्म नगरी में तीर्थ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को उनकी यात्रा का पुण्यफल प्राप्त हो सके।

# ब्राह्मणों के विकास और एक जुटता से ही राष्ट्र का कल्याण होगा-महन्त कमलनयन दास

*अवधनामा संवाददाता*

**संवाददाता बीकापुर अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद का तीसवे स्थापना दिवस भरत कुंड नंदीग्राम में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ इसके मुख्य अतिथि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या धाम के अध्यक्ष के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास रहे उन्होंने अपने उद्बबोधन में ब्राह्मण समाज को पाठ दृष्टा ज्ञानवान राष्ट्ररक्षक बताते हुए मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने ब्राह्मण समाज को विसंगतियां त्याग कर आपस में न लड़ने और एकजुट होकर राष्ट्र की रक्षा करने का संकल्प दिलाया उन्होंने कहा की स्वार्थ में देश को बांटा गया हम बलिदानी राष्ट्र भक्तों और महापुरुषों को भूल गए ब्राह्मण समाज ने हमेशा राष्ट्र की रक्षा की अगुवाई की हमें मां भारती और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना है। देश की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता को आवश्यक बताते हुए उन्होंने अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपानिधान तिवारी द्वारा उठाई गई पांचो मांगो का समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन द्वारिका प्रसाद पांडे ने किया। महंत ने चाणक्य परिषद की चाणक्य धारा पुस्तक का विमोचन किया कार्यक्रम में पूरे देश से आए हुए अतिथियों ने ब्राह्मण एक जुट संस्कारवान होने पर जोर दिया समाज के लिए विशिष्ट योगदान करने वाले समाज के विशिष्ट जनों को महंत ने भगवान परशुराम का चित्र देकर सम्मानित किया सम्मान पाने वालों में चाणक्य परिषद के बाबूराम पांडे लखणधर त्रिपाठी अध्यक्ष सोहावल अधिवक्ता संघ राजेश द्विवेदी अरविंद उपाध्याय देवमणि तिवारी देवी प्रसाद तिवारी दीप पंडित सुरेंद्रनाथ द्विवेदी राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी पंडित राधिका प्रसाद पांडे पंडित राजेश द्विवेदी डॉक्टर उपेंद्र नाथ त्रिपाठी बी एन पांडे संरक्षक ब्राह्मण चेतना मंच प्रोफेसर डॉक्टर आदित्य त्रिपाठी पशुपतिनाथ मिश्रा गोपाल मिश्रा गुरु प्रसाद पांडे मुरली पांडे गोंडा ओमप्रकाश पांडे रज्जू प्रयाग दत्त तिवारी उमाशंकर तिवारी पूर्व प्रधान डॉक्टर दिनेश तिवारी पत्रकार पवन पांडे आदि को सम्मानित किया है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार पांडे प्रणव पाठक डॉक्टर पांडे अरविंद पाठक उमाशंकर तिवारी डॉक्टर राम तेज पांडे पशुपतिनाथ मिश्र कन्हैयालाल मिश्र सुभाष तिवारी जितेंद्र कुमार दुबे उर्फ मिंटू दुबे सुड्डू मिश्रा गोपाल तिवारी देवेश पाठक अशोक कुमार शर्मा आदि भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपानिधान तिवारी ने अपनी पांचो मांगो आरक्षण आर्थिक आधार पर एकता आधारित पदों को छोड़कर सर्वण आयोग का गठन समान नागरिक संहिता भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस अक्षय तृतीया पर पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश भगवान परशुराम का भव्य मंदिर अयोध्या धाम में निर्माण कराए जाने की मांग दोहराते हुए आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद व्यापित किया।

## सहादतगंज से नया घाट तक लगी प्रतिमाएं उपेक्षित



**अयोध्या।** नगर निगम के अंतर्गत सहादतगंज से अयोध्या नया घाट तक भगवान श्रीराम सहित जो प्रतिमाएं लगाई गई है उनकी साफ सफाई नहीं हो रही है वह उपेक्षित हैं। आने वाले 22 जनवरी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है और नगर निगम जी जान से साफ सफाई में जुटा है परंतु इन प्रतिमाओं की ना तो साफ सफाई हो रही है और ना ही इस पर ध्यान दिया जा रहा है जो की गंभीर विषय है। आपको बताते चलें कि नगर की सीमा सआदतगंज से लेकर रामनगरी तक 12 किलोमीटर लंबे हाईवे पर फव्वारा एवं भगवान राम, सहित ऋषियों एवं राम के अन्य सहयोगियों की प्रतिमा भी लगाई गई है। हाईवे को आकर्षक बनाने के लिए डिवाइडर पर विभिन्न प्रजाति के फूल पौधे रोपित किए गए हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण एवं एनएचएआइ ने मिलकर यह कार्य पूर्ण कराया था जो आकर्षण का केंद्र है।

# श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 22 जनवरी को अयोध्या धाम में अपने नव्य भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम और पूजन विधि 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी, जबकि जिस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है उसे 18 जनवरी को गर्भ गृह में अपने आसन पर खड़ा कर दिया जाएगा। 22 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी अभिजित मुहुर्त में दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में यह बातें सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताईं। उन्होंने ये भी बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गर्भ गृह में पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी, आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल,रामजन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और सभी ट्रस्टीज उपस्थित रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चंपत राय ने बताया कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर प्रारंभ



होगी। प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त वाराणसी के पुजारी श्रद्धेय गणेश्वर शास्त्री ने निर्धारित किया है। वहीं, प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कर्मकांड की संपूर्ण विधि वाराणसी के ही लक्ष्मीकांत दीक्षित द्वारा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पूजन विधि 16 जनवरी से शुरू होकर 21 जनवरी तक चलेगी। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्यूनतम आवश्यक गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि जिस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठ होनी है वो पत्थर की है। उसका वजन अनुमानित 150 से 200 किलो के बीच होगा। यह 5 वर्ष के बालक का स्वरूप है, जो खड़ी प्रतिमा के रूप में स्थापित की जानी है। चंपत राय ने बताया कि जिस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होती है उसको अनेक प्रकार से निवास कराया जाता है। इसे पूजा पद्यति में अधिवास कहते हैं। इसके तहत प्राण प्रतिष्ठा की जाने वाली प्रतिमा का जल में निवास, अन्न में निवास, फल में निवास, औषधि में निवास, घी में निवास, शैय्या निवास, सुगंध निवास समेत अनेक प्रकार के निवास कराए जाते हैं। यह बेहद कठिन प्रक्रिया है। जानकारों ने कहा है कि आज के समय के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। यह कठिन प्रक्रिया है। इसलिए धर्माचार्यों के कहे अनुसार ही प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। चंपत राय के अनुसार, लगभग 150 से अधिक परंपराओं के संत धर्माचार्य, आदिवासी, गिरिवासी, समुद्रवासी, जनजातीय परंपराओं के संत महात्मा कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। इसके अतिरिक्त भारत में जितने प्रकार की विधाएं हैं चाहे वो खेल हो, वैज्ञानिक हो, सैनिक हो, प्रशासन हो, पुलिस हो, राजदूत हो, न्यायपालिका हो, लेखक हो, साहित्यकार हो, कलाकार हो, चित्रकार हो, मूर्तिकार हो, जिस विद्या को भी आप सोच सकते हैं, उसके श्रेष्ठजन आमंत्रित किए गए हैं।

## अभी ज्वलंत हैं 'साहित्य और समाज के प्रश्न

**अयोध्या।** शहर के प्रगतिशील रचनाकारों का एक आत्मीय सम्मिलन हिंदी-अवधी के मशहूर कवि आशाराम जागरथ के कोशलपुरी स्थित आवास पर हुआ। इस अवसर पर 'साहित्य और समाज के प्रश्न' विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में मौजूद रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ भी किया। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा समाज निरंतर संवेदनाहीन होता जा रहा है, ऐसे में साहित्य का मानवीय पक्ष वही है जो इस क्षरित होती हुई संवेदना को केंद्र में रखे। उन्होंने कहा कि कई बार विचार की निरर्थक आक्रामकता से रचना का मूल्य कम हो जाता है। वरिष्ठ आलोचक-कवि डॉ. रघुवंशमणि ने कहा कि साहित्य और समाज का अंतःसम्बंध बहुत गहरा है लेकिन आज के वातावरण में मौजूद विसंगतियों के कारण साहित्यकार का उत्तरदायित्व और अधिक बढ़ गया है। युवा कवि और जनवादी लेखक संघ के सचिव डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि कृति के वैचारिक महत्व से पहले उसका स्वयं में सम्पूर्ण होना आवश्यक है तभी उसके वैचारिक महत्व का समाज में प्रसार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कई बार बड़े साहित्यकारों में जड़ सामाजिक मान्यताओं का प्रभाव देखने को मिलता है जिससे बचा जाना चाहिए। चिंतक आर डी आनंद ने कहा कि साहित्य में भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक पक्षों की संगति पर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रेम भी समाज का एक अत्यावश्यक मूल्य है जिसकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। कवि आशाराम जागरथ ने कहा कि साहित्य के लोकपक्ष का सौंदर्य और उससे सृजित होने वाला प्रतिरोधी स्वर ही उसकी ताक़त है। उन्होंने अपनी शीघ्र प्रकाश्य कविताकृति 'बतरसा तीत पीकै देखा' के चुनिंदा अंशों का पाठ भी किया। रचनापाठ सत्र का संचालन करते हुए शायर मुज़म्मिल फ़िदा ने अपनी मक़बूल ग़ज़लें सुनायीं। एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव और नीरज सिन्हा नीर सहित वरिष्ठ रचनाकारों ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया।

## प्रधानमंत्री के आह्वान को साकार करने की शुरु हुई मुहिम

# ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुरू हुआ घर-घर दीप जले अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और स्वच्छ तीर्थ अभियान को साकार करने को लेकर जिले में ÷घर-घर दीप जले÷ अभियान की मुहिम छेड़ दी गई है।इस मुहिम की कमान ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने स्वयं संभाली है जिसकी शुरुआत रविवार को स्वच्छता अभियान से हुई।इस कड़ी में सोमवार को स्वच्छता के साथ बड़े पैमाने पर निराश्रित तथा जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान, कंबल,दीप और तेल का वितरण किया गया।इस वितरण में रामनगरी के दोनों वृद्धाश्रम भी शामिल रहे जहां संवासित वृद्धजन इन उपहारों को पाकर फूले नहीं समाये।ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष श्री सिंह के मुताबिक देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से शुरू किया गया स्वच्छता अभियान आगामी 21 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा



जिसके साथ असहाय,निराश्रित और जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान कंबल और दीप का वितरण भी किया जाता रहेगा।रविवार को पूरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों से शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के बाद सोमवार को इस अभियान का दायरा शहर तक पहुंच गया।सोमवार की सुबह देवकाली बाईपास,साकेतपुरी और परिक्रमा मार्ग पर श्री सिंह के नेतृत्व में उनके दर्जनों समर्थकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।इसी क्रम में दोपहर में निराश्रित,असहाय और जरूरतमंद लोगों को मिष्ठान, कंबल और दीपों का वितरण शुरू किया गया जो रामनगरी में नया घाट और मणि पर्वत स्थित वृद्धाश्रम में वितरण के साथ समाप्त हुआ।श्री सिंह ने कहा कि पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद सौभाग्य से अब वह दिन आया है जब हमारे आराध्य प्रभु श्री राम अपने नए भवन में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में सप्ताह भर का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि समाज में बहुत से ऐसे लोग हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर है और शायद इसी कारण इस मौके पर दीप प्रज्वलित कर अपनी खुशियों का इजहार न कर पायें।इसलिए स्वच्छता अभियान के साथ यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी इस अवसर पर दीप जलाकर खुले मन से अपनी खुशियों का इजहार करने से वंचित न रह सके।जिस प्रकार भगवान श्री राम की वापसी पर अयोध्या वासियों ने खुशियों का इजहार किया था,ठीक उसी प्रकार भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन भी अयोध्या वासी खुशियों का इजहार करें।

## दशकों पुराने पुल की रेलिंग टूटी, राहगीरों को हो रही दिक्कत

**मसौली बाराबंकी।** ब्रिटिश शासन काल मे सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर स्थित झंझरिया नाले पर बने पुल की रेलिंग टूटने से वाहन चालको एव राहगीरों को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियो ने क्षतिग्रस्त रेलिंग के निर्माण की मांग की है। बताते चले कि सौ साल पूर्व सफदरगंज बदोसराय मार्ग पर बह रहे झंझरिया नाले पर बना पुल रखरखाव के आभाव जर्जर हो रहा है। सड़क से करीब 25 फिट गहरे नाले पर बने रेलिंग टूट जाने से हमेशा दुर्घटना की अशंका बनी रहती है। राजकीय इंटर कालेज सफदरगंज के सामने बने वर्षो पुराने पुल पर सावधानी हटी दुर्घटना घटी की कहावत चरिथार्थ हो रही है। अंग्रेजी काल मे जब पुल का निर्माण हुआ था उस दौर मे वाहनो की संख्या कम थी जिसके चलते पुल को सकरा बनाया गया था लेकिन समय के साथ वाहनो की संख्या मे काफी इजाफा हुआ है नतीजा यह है कि इस झंझरिया नाले के पुल पर अक्सर आमने सामने वाहन आ जाने की स्थिति मे जाम लग जाता है।

## गरीबों और असहायों एवं महिलाओं को कंबल व गर्म कपड़े किए वितरित

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मकर संक्रांति व समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन के अवसर पर आज पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने अपने पैतृक निवास कृष्णापुर पूरा बाजार में एक हजार गरीबों और असहायों एवं महिलाओं को कंबल व गर्म कपड़े वितरित किए। इस दौरान वहां मौजूद सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने भी गरीबों को कंबल वितरित किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा से बढ़कर कोई और पुण्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकाल में सबसे ज्यादा ध्यान गरीब और असहायों के ऊपर दिया था । जिसके चलते समाजवादी पार्टी को कई बार जनता ने सत्ता चलाने का अवसर दिया। कार्यक्रम के आयोजन पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने इस मौके पर कहा कि भीषण ठंड के चलते लोगों का इन दिनो जीना मुहाल हो चुका है । ऐसे में इन गरीबों और असहायों की मदद करने से बड़ा पुण्य कोई दूसरा नहीं हो सकता । श्री पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हमेशा गरीब और



असहाययों की मदद किया है । श्री पांडेय ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन है । आप सभी से आशीर्वाद की कामना करता हूं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर केंद्र में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सहयोग से इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में सरकार बने । सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब और सहयोग की मदद किया है इसमें सभी वर्गों को सम्मान भी मिला है । महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन द्वारा हमेशा गरीबों और सहयोग की मदद की जाती है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव ने कहा कि अयोध्या विधानसभा में सर्वाधिक विकास पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय के कार्यकाल में हुआ है ।

# आज बाराबंकी आएंगे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, मूर्ति का होगा लोकार्पण

*अवधनामा संवाददाता*

**सिरौलीगौसपुर।** मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिले में रहेंगे। वह बदोसराएँ में मूर्ति के लोकार्पण के बाद जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। जिसकी तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया गया।

सपा मुखिया की सभा को लेकर पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई, पूर्व विधायक रतन लाल राव, राम गोपाल रावत पूर्व एमएलसी राजेश यादव पूर्व चेयरमैन हफीज भारती, मो सबाह राजेश कुमार वर्मा बब्लू, नसीम कीर्ती सपा के प्रदेश सचिव मौलाना असलम कासमी अपने सैकड़ों साथियों के साथ मंच स्थल समाधि स्थल मूर्ति अनावरण स्थल तथा कक्ष का जायजा लिया, जिसका कल अखिलेश यादव लोकार्पण करेंगे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग की अवर अभियंता शिल्पी अग्रवाल ने सभा स्थल पर मंच आदि का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के आयोजक विजय कुमार यादव को एनओसी दी गई। इस मौके पर अजीत कुमार यादव एडवोकेट लल्लन वर्मा अब्दुल रहीम पूर्व प्रधान पंकज यादव, राम शंकर यादव एडवोकेट राजित राम यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## परिजनों के सुपुर्द किया गया भटका नागरिक

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा रास्ता भटक कर आये हुए पश्चिम बंगाल निवासी एक व्यक्ति को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सोमैया चौकी के पास एक व्यक्ति भूषन दास पुत्र स्व0 नितेयदास निवासी छेटासलकुमार थाना फलाकटा जनपद अलीपुरद्वार पश्रिचम बंगाल का रहने वाला जो 10 जनवरी को घर से जयपुर जाते समय रास्ता भटक गया था। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जानकारी कर उक्त व्यक्ति के परिजनों का पता लगाकर सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## द सरयू के प्रथम नागरिक के रूप में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा अमिताभ बच्चन का हार्दिक स्वागत करता है

### महानायक अमिताभ बच्चन ने अयोध्या के द सरयू में जमीन खरीदी है

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** महानायक अमिताभ बच्चन ने भारत के सबसे बड़े ब्रैंडेड लैंड डेवलपर, द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के साथ अयोध्या में उनके भूमि विकास परियोजना - द सरयू में जमीन सुरक्षित की है। यह द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के लिए एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। एक विशिष्ट ग्राहक के रूप में, अमिताभ बच्चन अयोध्या की आर्थिक क्षमता का प्रतीक ही नहीं हैं, बल्कि यह दर्शाता है कि वे शहर के गहन आध्यात्मिक महत्व के प्रति विशेष आस्था भाव रखते हैं। वर्तमान समय में अयोध्या एक सुदृढ़ आर्थिक उन्नति की ओर आगे बढ़ रहा है, जो स्ट्रेटेजिक इंवेस्टमेंट्स और इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर रहा है। अमिताभ बच्चन को द सरयू के प्रथम नागरिक के रूप में पहचान प्राप्त है, ऐसे में वे शहर के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के साथ उनके जुड़ने से निश्चित ही अयोध्या के विकसित परिदृश्य में प्रतिष्ठा की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाएगी।

भारत में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा की अभूतपूर्व तकनीकी पकड़ भूमि-खरीद अनुभव में क्रांँतिकारी बदलाव लाने का माध्यम बनी है, जिससे ग्राहकों को काफी फायदा पहुँच रहा है। द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा की इनोवेटिव ऐप ने एक ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसे संपूर्ण भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने का श्रेय जाता है। अब, ग्राहकों के पास न सिर्फ द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा द्वारा चयनित भूमि में निवेश करने की पहुँच है, बल्कि अपने खुद के निवेश पोर्टफोलियो का कुशलता से प्रबंधन करने की अनूठी क्षमता भी है। यह ऐप रियल एस्टेट इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित करने की वजह बनी है। साथ ही, यह एक सहज और यूज़र-फ्रेंडली इंटरफेस प्रदान करती है, जो पहले से कहीं बेहतर जानकारीयुक्त और रणनीतिक भूमि निवेश करने के लिए लोगों को सशक्त बनाती है। द सरयू में अपने निवेश के बारे में बात करते हुए, अमिताभ बच्चन ने कहा, ÷अयोध्या मेरे दिल में विशेष स्थान रखता है। ऐसे में, द सरयू में द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए मैं बेहद उत्सुक हूँ। अयोध्या की शाश्वत आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि ने इस शहर में भौगोलिक सीमाओं से परे भावनात्मक संबंध स्थापित किए हैं। यह अयोध्या की पावन मिट्टी को नमन करने की हार्दिक यात्रा की शुरुआत है, जहाँ परंपरा और आधुनिकता मिलकर भावना का एक अद्भुत संगम बनाते हैं। मैं वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी में अपना घर बनाने के लिए तत्पर हूँ।

## 17 तक रहेगा स्कूलों में अवकाश

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** डीएम सत्येंद्र कुमार ने सर्दी के मद्देनजर सोमवार 15 से 17 जनवरी तक अवकाश की घोषणा की है। इन दिनों में कक्षा आठ तक के स्कूल बंद रहेंगे। डीएम ने कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के मध्य की कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जाए। जिन कॉलेजों में कक्षाएं संचालित करना जरूरी हो वहां सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक ही कक्षाएं संचालित की जाए।

इस दौरान संचालित कक्षाओं में हीटर का प्रयोग किया जाए और खुले में कक्षाएं न चलाई जाएं। यूनीफार्म की अनिवार्यता नहीं रहेगी।

## अयोध्या जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**बाराबंकी।** रामलला के दर्शन को अयोध्या धाम जाते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय एवं नेता विधानमंडल दल श्रीमती अराधना मिश्रा 'मोना' का जनपद बाराबंकी में चौपुला नहर, सफदरगंज पल्हरी, टोल प्लाजा, अहमदपुर में गगनभेदी नारो के साथ जोरदार स्वागत हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता विधान मंडल दल का स्वागत करने व उनके साथ अयोध्या धाम जाने वालो में मुख्यरूप से प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनुज पुनिया, प्रदेश सचिव आदर्श पटेल , कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष सिंकदर अब्बास रिजवी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, शिव बहादुर वर्मा, शिव शंकर शुक्ला, दानिश आजम वारसी, दिलशाद वारसी, अजय रावत, रंजीत रावत, अखिलेश वर्मा, मुन्ने मियां, अफजाल घोसी, देवेन्द्र प्रताप मोनू, मुईनुद्दीन अंसारी, मुन्ने मियां सहित सैकडो की संख्या मे कांग्रेसजन थे।

## राम मंदिर से दूर क्यों कांग्रेस

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण अस्वीकार कर कांग्रेस ने धर्म को निजी मामला माना है, लेकिन उसकी आरोपिया दलीलें भी हैं कि 'अधूरे मंदिर' का उद्घाटन शास्त्र सम्मत नहीं है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है और उन्होंने 'राजनीतिक लाभ' के लिए ऐसा किया है। कांग्रेस ने शंकराचार्यों द्वारा भी आमंत्रण अस्वीकार करने की आड़ ली है, जो अर्द्धसत्य है। शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की टीम प्राण-प्रतिष्ठा की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। इसके अलावा, दो शंकराचार्यों ने अपनी स्वीकृति भेज दी है कि वे 22 जनवरी के पावन उत्सव में शामिल होंगे। शेष दो शंकराचार्यों के अपने कोई कारण होंगे, लेकिन उन्होंने प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा को खारिज नहीं किया है। कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के लिए राम मंदिर समारोह 'अधूरे मंदिर की सियासत' है, लेकिन उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के साथ जो 50 कांग्रेसी नेता मकर संक्रांति के अगले ही दिन अयोध्या की सरयू नदी में डुबकी लगाने और फिर 'राम लला' के दर्शन करने जा रहे हैं, उनके रामवाद और हिंदुत्व की परिभाषा क्या है? कांग्रेस के बड़े नेता कमलनाथ, अशोक गहलोत और गांधी परिवार के प्रिय आचार्य प्रमोद कृष्णम आदि की लंबी सूची है, जो चेतना से 'रामवादी' होने का दावा करते रहे हैं और प्रभु राम के दर्शन करने, अपनी सुविधा के अनुसार, अयोध्या धाम जाएंगे। कांग्रेस के भीतर यह विरोधाभास क्यों है? कांग्रेस ऐसे आध्यात्मिक और ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बने या राजनीतिक कारणों से बहिष्कार करे, यह उसकी सोच है। उससे हमारा कोई सरोकार नहीं, लेकिन वह 'आत्मघाती' साबित हो सकता है। समारोह को संघ परिवार का ही आयोजन करार देना पूर्णतः उचित नहीं है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनना चाहिए, यह सर्वोच्च अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ का निर्णय था। संविधान पीठ ने ही प्रधानमंत्री मोदी को निर्देश दिए थे कि वह मंदिर-निर्माण के लिए एक ट्रस्ट का गठन करें। वह निर्णय कैबिनेट में लिया गया। यदि अयोध्या समारोह में भाजपा-विहिप के नेता, कार्यकर्ता सक्रिय दिख रहे हैं, तो उसमें क्या गलत है? संघ परिवार ने राम मंदिर के लिए बेहद लंबा संघर्ष किया है, आंदोलन में कारसेवकों ने 'कुर्बानियां' दी हैं। यदि इतने व्यापक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उनकी सरकारी टीम शामिल नहीं होगी, तो आम बंदोबस्त से लेकर सुरक्षा-व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी होगी? यदि इन दिनों में कोई अनहोनी हो गई, तो किसकी जवाबदेही तय की जाएगी? प्रशासन और इन व्यवस्थाओं के लिए भाजपा को लोकतांत्रिक जनादेश मिला है। बहरहाल कांग्रेस ने राम मंदिर का बहिष्कार किया है, तो यह उसकी पुरानी आदत है। श्रीराम तो सबके हैं और सभी 'राममय' हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों की लचर शिक्षा व्यवस्था


मुरली कुमारी

पिछले कुछ वर्षों में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तरह कई स्तरों पर विकास हुआ है। विशेषकर सड़क और रोज़गार के मामलों में देश के गांव पहले की तुलना में तेज़ी से विकास की ओर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाया गया है। तो वहीं स्वयं सहायता समूह और लघु उद्योगों के माध्यम से गांव में रोज़गार के कई विकल्प खुल गए हैं। इसमें राज्य सरकारों की भूमिका भी सराहनीय है। लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें विकास की ज़रूरत है। जिसके बिना विकास के अन्य द्वार का खुलना मुश्किल है। इसमें शिक्षा महत्वपूर्ण है। अभी भी देश के कई ऐसे राज्य हैं जहां के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था काफी लचर है। जहां शिक्षकों, भवनों और अन्य बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। जिसकी वजह से शिक्षा का स्तर काफी दयनीय हो जाता है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव बालिका शिक्षा पर पड़ता है।

राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का बिंझरवाली गांव ऐसी ही लचर शिक्षा व्यवस्था का उदाहरण है। करीब 750 घरों वाले इस गांव में 1998 में मध्य विद्यालय स्थापित किया गया था। जिसे पांच वर्ष पूर्व दसवीं और दो वर्ष पूर्व 12वीं कक्षा तक अपग्रेड किया गया है। इस स्कूल में करीब 600 छात्र-छात्राएं हैं। अपग्रेडेशन का सबसे अधिक लाभ गांव की लड़कियों को हुआ। जिन्हें गांव में ही रहकर शिक्षा के अवसर प्राप्त होने लगे हैं। यही कारण है कि यहां छात्राओं की संख्या काफी है। हालांकि विद्यार्थियों को अपग्रेडेशन का बहुत अधिक लाभ मिलता हुआ नज़र नहीं आ रहा है क्योंकि स्कूल में लगभग कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। न तो लड़कियों के लिए शौचालय की उचित व्यवस्था है और न ही पीने के साफ़ पानी का इंतज़ाम है। इस संबंध में नाम नहीं बताने की शर्त पर एक स्कूली छात्रा ने बताया कि स्कूल में सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की है। कई विषयों के शिक्षक नहीं हैं। जो शिक्षक यहां पदस्थापित हैं वह कभी भी समय पर नहीं आते हैं। उसने बताया कि स्कूल के ज़्यादातर शिक्षक अन्य ब्लॉक या शहर के रहने वाले हैं। जो प्रतिदिन आना जाना करते हैं। ऐसे में वह कभी भी समय पर स्कूल नहीं आते हैं लेकिन समय से पहले चले जाते हैं। एक अन्य छात्रा ने भी बताया कि इस स्कूल का केवल भवन ही अच्छा है, इसके अतिरिक्त यहां किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। स्कूल में शिक्षकों की कमी और उनके देर से आने और जल्दी चले जाने की शिकायत अभिभावकों ने उच्च अधिकारियों से की थी। लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उसने बताया कि स्कूल में लड़कों से अधिक लड़कियों की संख्या है। यह शिक्षा के प्रति उनके उत्साह को दर्शाता है। लेकिन जब लड़कियां स्कूल आती हैं और शिक्षकों की कमी के कारण कक्षाएं नहीं होती हैं तो बहुत दुःख होता है। कई बार शिक्षक केवल खानापूर्ति के लिए कक्षा में आते हैं। आर्ट्स के शिक्षक विज्ञान का विषय पढ़ाने आते हैं। ऐसे में वह क्या पढ़ाते होंगे? इसका अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है। एक अन्य छात्रा ने बताया कि स्कूल में सुरक्षा की कोई व्यवस्था भी नहीं है। जिससे कई बार बाहरी लोग भी स्कूल के अंदर आ जाते हैं। शिक्षक भी बाहरी होने की वजह से न तो उन्हें पहचानते हैं और न ही उन्हें अंदर आने से रोकते हैं। यदि शिक्षक स्थानीय होते तो वह गांव के बाहरी लोगों को पहचान कर उन्हें स्कूल में आने से रोक सकते थे।

10वीं की एक छात्रा कोमल ने बताया कि स्कूल में पुस्तकालय भी नहीं है। जिससे हम छात्राओं को अपने विषय की तैयारी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि स्कूल की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को मुफ्त किताबें दी जाती हैं, लेकिन कई बार कुछ पुस्तकें नहीं मिलती हैं। ऐसे में हमारे पास पुस्तकालय से किताबें प्राप्त करने का एकमात्र रास्ता बचता है। लेकिन स्कूल में लाइब्रेरी नहीं होने के कारण कई बच्चों को बिना किताब के पूरे वर्ष पढाई करनी पड़ती है। जिसका प्रभाव उनकी शिक्षा पर पड़ता है। वहीं एक अभिभावक सेवाराम कहते हैं कि गांव में ज़्यादातर लोग कृषि या दैनिक मज़दूरी करते हैं। ऐसे में उनके पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह अपने बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ा सकें। ऐसे में वह गांव के सरकारी स्कूल में ही बच्चों को भेजते हैं। जहां सुविधाओं के घोर अभाव में ही उनके बच्चे शिक्षा ग्रहण करने पर मजबूर हैं। एक अन्य अभिभावक यशोदा कहती हैं कि मेरी बेटी 9वीं कक्षा में पढ़ती है। वह रोज़ शिक्षकों की कमी की शिकायत करती है। लेकिन हम गरीब हैं ऐसे में उसे प्राइवेट स्कूल में नहीं भेज सकते हैं। वह किसी प्रकार अपनी शिक्षा पूरी कर रही है। गांव की अधिकतर लड़कियों ने इसी कमी के बीच अपनी पढाई पूरी की है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता आयुष्य बताते हैं कि बिंझरवाली गांव सामाजिक और आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा गांव है। गांव में जहां रोज़गार की कमी है वहीं जेंडर भेदभाव भी देखने को मिलता है। यहां के अभिभावक लड़कियों की तुलना में लड़कों को पढ़ाने में अधिक गंभीर हैं। इसीलिए गांव की अधिकतर लड़कियां जहां सरकारी स्कूलों में पढ़ती हैं वहीं आर्थिक रूप से सशक्त अभिभावक अपने लड़कों को अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से उन्हें प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने को प्राथमिकता देते हैं। उन्हें लड़कियों की शिक्षा पर पैसे खर्च करना फ़िज़ूल लगता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**


**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

राम मंदिर उद्घाटन के महोत्सव में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोगों को जोड़ने की योजना है। 500 साल के इंतजार के बाद राम लला अपने महल में विराजित होंगे, ऐसे में इस तारीख को सुनहरे अक्षरों में याद किया जाएगा। यही वजह है कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए देश-विशेद के 5 लाख मंदिरों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। राम मंदिर उद्घाटन के लिए पूरी अयोध्या नगरी ही नहीं देश-विदेश में भी धार्मिक स्थलों पर तैयारी चल रही है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 5 लाख मंदिरों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

# प्रभु श्री रामोंत्सव-देश दुनियां में दीपोत्सव


किशन भावनानी



वैश्विक स्तरपर आध्यात्मिकता की गहराइयों तक सराबोर श्रद्धालुओं की सबसे अधिक संख्या वाला देश भारत, 22 जनवरी 2024 की तैयारीयों में इस तरह मशगूल है मानो हर नागरिक प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी स्वयं की स्वागत करने की जवाबदारी है, ऐसा है मेरा भारत देश जिसका करीब करीब हर नागरिक किसी न किसी धर्म जाति आस्था में विश्वास रखता है, परंतु 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बसे मूल भारतीयों द्वारा भी अपने अपने नजदीकी के मंदिर में जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की अभिलाषा रखते है उल्लेखनीय है कि अमेरिका के 10 से अधिक राज्यों में प्रभु श्रीराम के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हैं, तो वहीं मॉरीशस ने मंदिर दर्शन की छुट्टी की घोषणा कर दी है। यह इसलिए के कुछ दिन पहले माननीय पीएम ने 22 जनवरी को देश-विदेश के सभी मंदिरों मैं साफ सफाई कर दीपोत्सव से जगमगा दें, तथा घरों में भी चारों तरफ दिए जलाकर दीपोत्सव का माहौल बनाएं, जिसे सभी ने हाथों-हाथ लेकर पूर्ण करने की ठान ली है। मंदिरों के व्यवस्थापकों द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र में ढोल नगाड़ों के साथ केसरी दुपट्टा टोपी पहनकर श्रद्धालुओं नागरिकों को 22 जनवरी 2024 को मंदिर आने का निमंत्रण और घरों में दिए जलाने का निवेदन किया है।दिनांक 13 जनवरी को हमारी धर्म नगरी गोंदिया में भी ढोल नगाड़ों के साथ श्याम बाबा मंदिर व्यवस्थापकों और जिला व्यापारी फेडरेशन द्वारा दुपट्टा टोपी पहने जनता औरश्रद्धालुओं को मंदिर आने का निमंत्रण दिया, हमारे ऑफिस घर में भी आकर विनम्रता से आमंत्रित किया। सबसे बड़ी बात यह है कि मंदिर व्यवस्थापक कार्यकर्ता सेवादार किसी पार्टीके नहीं थे और ना ही किसी पार्टी का झंडा लिए हुए थे बस प्रभु श्री राम जी के भक्त लग रहे थे। किसी भी प्रकार का नारा या पार्टी बाजी नहीं थी।मेरामानना है कि यह माहौल करीब हर शहर गांव में दिख रहा होगा। चूंकि देश-विदेश के सभी मंदिर और घर 22 जनवरी को दीपोत्सव से सराबोर होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री रामोंत्सव, देश दुनियां में दीपोत्सव।

साथियों बात अगर हम प्रभु श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी की करें तो, यूपी के अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इस खास दिन का पूरे देश के लोगों को बेसब्री से इंतजार है। भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोग बेहद उत्साहित हैं। वर्षो से इस दिन का इंतजार कर रहे हिंदू धर्म के लोग इसे अपने अपने तरीके से इसे खास बनाना चाहते हैं। अयोध्या में इन दिनों 22 जनवरी को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही है। सड़कों से लेकर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन हर जगह को बेहद खूबसूरती के साथ सजाया जा रहा है। सड़कों की साफ सफाई कर वहां पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक दिन पर कई राज्यों ने सार्वजनिक अवकाश घोषित भी घोषित कर रही है। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 15 जनवरी से होगी। राम मंदिर उद्घाटन के महोत्सव में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोगों को जोड़ने की योजना है। 500 साल के इंतजार के बाद राम लला अपने महल में विराजित होंगे, ऐसे में इस तारीख को सुनहरे अक्षरों में याद किया जाएगा। यही वजह है कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए देश-विशेद के 5 लाख मंदिरों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

राम मंदिर उद्घाटन के लिए पूरी अयोध्या नगरी ही नहीं देश-विदेश में भी धार्मिक स्थलों पर तैयारी चल रही है।22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 5 लाख मंदिरों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा, ताकि बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक इस ऐतिहासिक पल को साक्षी बन सकें। भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मॉरीशस, आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी देशों के मंदिरों और अन्य स्थल पर बड़े पैमाने पर रामलला का कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। न्यूयॉर्क शहर में प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर श्रीराम मंदिर का उद्घाटन दिखेगा। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर पूरी दुनिया की निगाहे हैं। दुनिया भर में फैले हिंदू आस्था वाले लोग इस दिव्य और भव्य कार्यक्रम का जश्न मनाएंगे। इसी बीच मॉरीशस की सरकार ने एक अहम घोषणा की है। इसके तहत मॉरीशस में 22 जनवरी को हिंदू आस्था वाले अधिकारियों को 2 घंटे की स्पेशल छुट्टी देने की घोषणा की गई है। इस दौरान वह रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले स्थानीय कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।मॉरीशस के पीएम के नेतृत्व में मॉरीशस कैबिनेट ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया है कि कैबिनेट ने सोमवार 22 जनवरी 2024 को दोपहर 2 बजे से दो घंटे की विशेष छुट्टी देने पर सहमति व्यक्त की हैभारत में अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर ये फैसला लिया गया है।लिहाजा हिंदू आस्था के सार्वजनिक अधिकारी 22 जनवरी को 2 घंटे की स्पेशल छुट्टी पर रहेंगे। बयान में इस बात का भी जिक्र है कि यह ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी का प्रतीक है। बता दें कि,पीएम 22 जनवरी को भव्य मंदिर के गर्भगृह में श्री राम लला की मूर्ति की स्थापना करेंगे। भव्य मंदिर के उद्घाटन के लिए कई नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार यह समारोह 16 जनवरी से शुरू होकर 7 दिनों तक चलेगा।

साथियों बात अगर हम ग्रामों से शहरों, मंदिरों से मठों तक 22 जनवरी 2024 के उत्साह की करें तो, नगरों तथा ग्रामों में राम मंडलियों को स्थानीय कार्यकम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रदेश के मुख्य मंदिरों में टीवी स्कीन लगाकर अयोध्या के उक्त कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए। उक्त मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट/ समिति के द्वारा दिनांक 22 जनवरी, 2024 को भंडारों का आयोजन किया जाए। इस बाबत विभिन्न धर्मगुरुओं से भंडारों के आयोजन किए जाने हेतु समन्वय किया जाए। प्रत्येक जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट / समिति के माध्यम से आमजन हेतु आयोजित किए जायेंगे। सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से दिनांक 14 से 21 जनवरी, 2024 के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जाएगा। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जाएगी। एमपी प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में दिनांक 16 से 21 जनवरी (एक सप्ताह) तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। 21 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था की जाएगी।

# बिलकिस की तरह हर नागरिक को मिले इंसाफ

बिलकिस का माद्दा है कि वह अदालती लड़ाई लड़ती रही। उसके पास संसाधन भी पर्याप्त नहीं थे। वह मानसिक और भावनात्मक तौर पर ढह चुकी थी। सभी दरिंदों की रिहाई के बाद बिलकिस बानो समेत कई अन्य महिलाओं जैसे तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता सुहासिनी अली ने इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं डालीं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय में गुजरात सरकार के निर्णय को ग़लत बताया है।


रोहित माहेश्वरी



सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उनके परिवार वालों की हत्या करने के मामले में सज़ा पाए 11 दोषियों की सज़ा में छूट देकर रिहा करने के फ़ैसले को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने ये फ़ैसला सुनाया है। कोर्ट के इस फ़ैसले के बाद इन 11 अपराधियों को दो हफ़्ते के अंदर जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान इन 11 लोगों ने बिलकिस बानो जो कि उस वक्त गर्भवती थी, का सामूहिक बलात्कार किया था। इसके साथ ही 14 लोगों की हत्या भी की गई थी, जिनमें बिलकिस बानो की तीन वर्षीय बेटी भी शामिल थीं। बिलकिस बानो केस में सर्वोच्च अदालत के फैसले ने साबित कर दिया कि इंसाफ और कानून अभी जिंदा हैं। अपराधियों को मुक्त नहीं किया जा सकता। अपराधी और उनके सत्ताई आका कानून के सामने बौने हैं। अंततः उन्हें कानून के सामने आत्म-समर्पण करना ही पड़ेगा।

गुजरात पुलिस ने साल 2002 में कहा था कि इस केस को बंद कर देना चाहिए क्योंकि वह अपराधियों को ढूंढ़ नहीं पाई है। इसके बाद बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि इस केस की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। इसके बाद ये मामला गुजरात से महाराष्ट्र भेजा गया। साल 2008 में सीबीआई की विशेष अदालत ने इन 11 लोगों को आजीवन कारावास की सज़ा दी। आजीवन कारावास की सज़ा पूरे जीवन के लिए होती है लेकिन सरकार के पास ये अधिकार होता है कि वो अपराधी का अच्छा आचरण देखकर 14 साल बाद उसे रिहा कर दे। सरकार इस मामले में दूसरी शर्तें भी लागू कर सकती है, जैसे संबंधित क़ैदी को कब रिहा किया जाए। इसके बाद अप्रैल 2022 में राधेश्याम भगवान शाह नामक अपराधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली कि गुजरात सरकार को साल 1992 की एक नीति के तहत उनकी सज़ा माफ़ी पर निर्णय लेना चाहिए। गुजरात सरकार ने इसका विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ के मुताबिक़ इसका फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार को करना होगा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने राधेश्याम भगवान शाह की याचिका को मंज़ूरी दे दी। इसके पहले राधेश्याम भगवान शाह ने गुजरात हाई कोर्ट में भी समान याचिका डाली थी। लेकिन गुजरात हाई कोर्ट ने कहा कि सज़ा माफ़ी की शक्ति महाराष्ट्र सरकार के पास है।

इसके बाद गुजरात सरकार ने अगस्त 2022 को सारे 11 अपराधियों की सज़ा माफ़ करके उन्हें रिहा कर दिया। वह गुजरात सरकार का निर्णय था। हालांकि इस संदर्भ में 1992 और 2014 के कानूनों के मद्देनजर वह रिहाई अवैध थी, क्योंकि वह गुजरात सरकार का अधिकार-क्षेत्र ही नहीं था। कानून की गलत व्याख्या ही नहीं की गई, बल्कि अदालत से भी तथ्य छिपाए गए और गलत जानकारी दी गई। यह गुजरात सरकार का न्यायिक अपराध था। क्या इनकी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? 15 अगस्त देश का स्वतंत्रता दिवस होता है, लेकिन उसी दिन दरिंदगी वाले अपराधियों की न केवल सजा माफ की गई, बल्कि उन्हें सम्मानित रिहाई भी दी गई, मिष्ठान्न खिलाए गए और फूलों की माला पहनाई गई! यह सम्मान किसलिए दिया गया?

बिलकिस का माद्दा है कि वह अदालती लड़ाई लड़ती रही। उसके पास संसाधन भी पर्याप्त नहीं थे। वह मानसिक और भावनात्मक तौर पर ढह चुकी थी। सभी दरिंदों की रिहाई के बाद बिलकिस बानो समेत कई अन्य महिलाओं जैसे तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता सुहासिनी अली ने इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं डालीं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय में गुजरात सरकार के निर्णय को ग़लत बताया है। कोर्ट के मुताबिक़, सज़ा माफ़ी का फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार का था। कोर्ट ने कहा कि जिस राज्य में सज़ा सुनाई गई होती है। वही सज़ा माफ़ी पर भी फ़ैसला करेगा। कोर्ट ने गुजरात सरकार पर भी कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार ने 11 में से एक अपराधी के साथ मिलकर काम किया है और मिलीभगत की है। इसके साथ ही कोर्ट ने बोला कि पहले भी तीन बार कोर्ट को इन मामलों में दखल देना पड़ा, पहले जांच पड़ताल गुजरात पुलिस से हटाकर सीबीआई को सौंपी और मुक़दमा भी गुजरात से हटाकर महाराष्ट्र भेजा। कोर्ट ने ये भी कहा कि उनका 2022 का फ़ैसला ग़लत था। इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा कि गुजरात सरकार को 2022 के फ़ैसले के लिए समीक्षा याचिका फाइल करनी चाहिए थी।

कोर्ट ने यहां तक कहा कि गुजरात सरकार की ओर से सज़ा माफ़ी का फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार की सत्ता हथियाने जैसा था। इस मामले में कई अथॉरिटीज़ ने सज़ा माफ़ करने से इनकार किया था, जैसे सीबीआई मुंबई के स्पेशल जज, सीबीआई और गुजरात पुलिस में दाहोद के एसपी. लेकिन गुजरात सरकार ने इनकी राय पर ध्यान नहीं दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार को इन सभी रायों पर भी गौर करने की ज़रूरत थी। कोर्ट ने कहा कि सारे 11 अपराधियों की सज़ा माफ़ी के ऑर्डर कॉपी मिलती जुलती थी जो प्रत्येक मामले के तथ्यों पर कोई स्वतंत्र विचार नहीं दिखाती हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि 2022 में कोर्ट के ऑर्डर में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए गए और कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की गई राधेश्याम भगवान शाह ने यह नहीं बताया था कि उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से भी सज़ा माफ़ी की मांग कि थी। उसके बाद कई अथॉरिटीज़ ने यह भी कहा था कि उनकी सज़ा कम ना की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गौर करते हुए कहा कि राधेश्याम भगवान शाह ने यह बात ना तो सुप्रीम कोर्ट को बताई ना ही गुजरात सरकार ने। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां का कथन सटीक और मानवाधिकार के पक्ष में है कि कानून के राज को बचाना जरूरी है। संविधान में दिए गए समता के मौलिक अधिकार का संरक्षण भी जरूरी है। यह न्यायिक निर्णय इन्हीं संदर्भो और संकल्पों में याद किया जाना चाहिए। बेशक गोधरा के दंगे गुजरात में भडके थे, लेकिन सजा महाराष्ट्र सरकार के अधिकार-क्षेत्र में दी गई थी, लिहाजा उसे ही 'अभयदान' की संवैधानिकता प्राप्त है। बेशक सर्वोच्च अदालत ने दो हफ्ते में जेल में आत्म-समर्पण का आदेश दिया है। अपराधियों की रिहाई को 'अवैध' करार देते हुए खारिज कर दिया है, लेकिन दुष्कर्मी अब भी पुनर्विचार याचिका 30 दिनों में दाखिल कर सकते हैं और महाराष्ट्र सरकार से 'माफी' की गुहार लगा सकते हैं। गुजरात से ट्रायल महाराष्ट्र को स्थानांतरित किया गया था, लिहाजा महाराष्ट्र की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। तब गुजरात में माहौल भी माकूल नहीं था। सवाल है कि सर्वोच्च अदालत की अन्य पीठ ने मई, 2022 में जो फैसला सुनाया था, उस पर गुजरात सरकार ने पुनर्विचार याचिका क्यों दाखिल नहीं की? उसी की गलत व्याख्या कर गुजरात सरकार ने दुष्कर्मी चेहरों को 'मुक्ति' दी थी। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में सर्वोच्च अदालत की भी कुछ गलती है।

# निर्विवादित होनी चाहिये 'मर्यादा पुरषोत्तम' की प्राण प्रतिष्ठा

चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों की विभन्न कारणों से प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से नाराज़गी व दूरी जग ज़ाहिर हो चुकी है। सभी शंकराचार्य इस विषय पर सार्वजनिक तौर पर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं। इन सभी सम्मानित शंकराचार्यों की एक सामान्य,सबसे महत्वपूर्ण व शास्त्र सम्मत आपत्ति तो यही है कि मंदिर भवन अभी भी अधूरा है। इसके पूरा होने में अभी लगभग एक वर्ष का समय और लग सकता है। यहाँ तक कि इसका मुख्य शिखर भी अभी तक तैयार नहीं। और जब शिखर तैयार नहीं तो मंदिर की ध्वजा कहाँ स्थापित होगी? ऐसे गंभीर प्रश्नों के साथ सभी शंकराचार्य आपत्ति दर्ज कर रहे हैं।


तनवीर जाफ़री



अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की बहु प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। वैसे तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर अपना अंतिम फ़ैसला सुनाए जाने के बाद जब अयोध्या की 2.77 एकड़ विवादित भूमि राम जन्मभूमि मंदिर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक ट्रस्ट बनाकर उसे सौंपने का आदेश दिया था उसी समय राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया था। साथ ही अदालत ने उसी समय यह आदेश भी जारी किया था कि सरकार ध्वस्त की गयी बाबरी मस्जिद के बदले दूसरी मस्जिद बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड को किसी अन्य स्थान पर वैकल्पिक 5 एकड़ ज़मीन भी दी जाये। वैसे भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर दिये गये फ़ैसले से पूर्व भी दशकों से यह स्पष्ट ही था कि आज नहीं तो कल उस विवादित स्थान पर मंदिर निर्माण ही होगा। सुप्रीम फ़ैसले से पूर्व के दो लक्षण तो कम से कम इसी ओर इशारा कर रहे थे। एक तो बाबरी मस्जिद में मुसलमानों का दशकों से नमाज़ अदा न करना और इस इमारत के प्रति निष्क्रिय हो जाना। क्योंकि इस्लाम धर्म किसी भी ऐसे स्थान पर नमाज़ पढ़ने की इजाज़त नहीं देता जो जगह विवादित हो। और दूसरे अदालती फ़ैसला आने से दशकों पहले से ही अयोध्या के कार सेवक पुरम में राम जन्म भूमि की इमारत से सम्बंधित पत्थरों को तराशने का काम निरंतर जारी रखना।

बहरहाल अयोध्या विवाद पर दिये गये सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार ने आनन् फ़ानन में एक 15 सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया। सरकार ने इसमें अपनी मर्ज़ी से अपनी पसंद के लोगों को ट्रस्टी बनाया। जिसमें अधिकांश लोग आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े या इसी विचारधारा के लोग हैं। अब यही ट्रस्ट न केवल मंदिर का निर्माण कर रहा है बल्कि इसी ट्रस्ट ने भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये भी 22 जनवरी का दिन भी निर्धारित कर दिया है। परन्तु अफ़सोस की बात यह है कि भारत वर्ष के सबसे प्रतिष्ठित, पूज्य, आदरणीय व स्वीकार्य भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जितना ही निर्विवाद,सर्वमान्य व सर्व स्वीकार्य होना चाहिये उतना ही अधिक यह आयोजन विवादों में घिरता जा रहा है। यहाँ तक कि ख़बर है कि 'हिन्दू मैनुफ़ेस्टो' नमक संस्था जोकि कथित तौर पर हिन्दू धर्म के हितों हेतु कार्य करती है,से सम्बद्ध एक व्यक्ति ने 8 जनवरी को ट्रस्ट को एक आपत्ति पत्र व क़ानूनी नोटिस भेजा है जिसमें कई बातों पर आपत्ति दर्ज की गयी है। इनकी आपत्तियों में किसी भी शादी शुदा व्यक्ति का यजमान बनने पर उसका सपत्नीक अनुष्ठान में शामिल होना ही शास्त्र सम्मत है फिर प्रधानमंत्री मोदी अकेले ही यजमान कैसे? शास्त्रों के अनुसार इस अवसर पर मोदी की अकेले की जाने वाली पूजा शास्त्र सम्मत नहीं। दूसरा यह कि पूजा के समय गर्भ गृह में पांच लोगों की सूची में संघ प्रमुख मोहन भागवत का नाम किस आधार पर? जबकि मोहन भागवत एक ग़ैर रजिस्टर्ड संस्था के प्रमुख मात्र हैं? इसी तरह सरकार द्वारा स्वामी विजेंद्र सरस्वती को शंकराचार्य बताया जा रहा है। जबकि 22 सितंबर 2017 को इलाहबाद उच्च न्यायालय यह निर्णय भी दे चुका है कि केवल वर्तमान चार पीठों के प्रमुखों को ही शंकराचार्य माना जायेगा। और पांचवां फ़्रॉड समझा जायेगा।

उधर चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों की विभन्न कारणों से प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से नाराज़गी व दूरी जग ज़ाहिर हो चुकी है। सभी शंकराचार्य इस विषय पर सार्वजनिक तौर पर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं। इन सभी सम्मानित शंकराचार्यों की एक सामान्य,सबसे महत्वपूर्ण व शास्त्र सम्मत आपत्ति तो यही है कि मंदिर भवन अभी भी अधूरा है। इसके पूरा होने में अभी लगभग एक वर्ष का समय और लग सकता है। यहाँ तक कि इसका मुख्य शिखर भी अभी तक तैयार नहीं। और जब शिखर तैयार नहीं तो मंदिर की ध्वजा कहाँ स्थापित होगी? ऐसे गंभीर प्रश्नों के साथ सभी शंकराचार्य आपत्ति दर्ज कर रहे हैं। और इस पूरे आयोजन को ही शास्त्र विरुद्ध बता रहे हैं। उनका साफ़ कहना है कि यह पूरा आयोजन, सरकार आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र केवल राजनैतिक लाभ हासिल करने के लिये कर रही है। लिहाज़ा एक शंकराचार्य होने के नाते उनका किसी भी अशास्त्र संगत आयोजन में शिरकत करना मुनासिब नहीं। उन्हें प्राण प्रतिष्ठा हेतु चुनी गयी 22 जनवरी की तारीख़ पर भी एतराज़ है। शंकराचार्य के अनुसार इसके लिये रामनवमी से बेहतर अवसर और क्या हो सकता था? बहरहाल सरकार को शंकराचार्यों की आपत्तियों की तो कोई परवाह नहीं है बल्कि सरकार मंदिर निर्माण के नाम पर की जा रही राजनीति को और भी तेज़ धार देने में व्यस्त है। अब उसकी नज़रें इसपर हैं कि 22 जनवरी के आयोजन का निमंत्रण पाने वालों में कौन कौन लोग नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता इस आयोजन से किनारा काट रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि धर्म व्यक्ति का निजी विषय है परन्तु बीजेपी और आरएसएस लंबे समय से इस मुद्दे को राजनीतिक प्रोजेक्ट बनाते रहे हैं. स्पष्ट है कि एक अर्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है. 2019 के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी, भाजपा और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं। परन्तु निमंत्रण अस्वीकार करने वालों को भाजपा ने राम द्रोही नामक एक नई श्रेणी बनाकर उसमें डाल दिया है और दलाल मीडिया सत्ता की बीन पर नागिन डांस करने लगा है। मीडिया के बूते की बात नहीं कि वह चारों शंकराचार्यों के विरुद्ध भी ऐसे शब्दों का प्रयोग कर सके जैसे शब्द वह इंडिया गठबंधन नेताओं विशेषकर कांग्रेस के बारे में प्रचारित कर रहा है। उधर शंकराचार्यों की आपत्ति का जवाब जिन शब्दों में विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय द्वारा दिया गया और मर्यादा पुरुषोत्तम को भी सम्प्रदाय में बांटने की कोशिश की गयी वह तो बेहद आपत्तिजनक है। उनके बयान के बाद तो कई शंकराचार्य चंपत राय पर भी भड़क उठे हैं। इन सब बातों के बावजूद सरकार व ट्रस्ट ने मंदिर मस्जिद विवाद में मुख्य पक्षकार मुद्दई स्वर्गीय हाशिम अंसारी के पुत्र इक़बाल अंसारी को भी मंदिर ट्रस्ट ने आमंत्रण पत्र भेजा है। ग़ौरतलब है कि लंबे अदालती विवाद के दौरान मुद्दई रहे इक़बाल के पिता हाशिम अंसारी न्यायालय में पैरोकारी करने दिगंबर अखाड़ा के महंत परमहंस राम चंद्र दास के साथ ही आते जाते थे।

# योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें : योगेश

अवधनामा संवाददाता



■ विधायक योगेन्द्र शुक्ला एवं अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास डा रजनीश दुबे द्वारा मण्डल स्तरीय पशु आरोग्य मेले का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** पं दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला (मण्डल स्तर) का आयोजन आज यहां तहसील बक्शी का तालाब के ग्राम पंचायत मण्डौली में किया गया। मेले का उद्घाटन बीकेटी, विधायक योगेश शुक्ला एवं पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डा0 रजनीश दुबे द्वारा संयुक्त रूप से गौपूजन करके एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया।

इस अवसर पर मण्डल के विभिन्न जनपदों से आये हुए प्रगतिशील पशुपालको एवं उत्कृष्ठ कार्य करने वाले पशु चिकित्साविदों, पशुधन प्रसार अधिकारियों एवं मैत्री/पैरावेट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पशुपालन प्रबन्धन एवं दिग्दर्शिका पुस्तक का विमोचन किया गया। मेले में आये हुए पशुपालको के कुल 4132 पशुओं की चिकित्सा, दवापान, शल्य चिकित्सा, बधियाकरण व टीकाकरण किया गया। मेले में मादा गोवंशो का अल्ट्रासाउण्ड मशीन द्वारा गर्भ परीक्षण किया गया। कुल 169 पशुपालको को किसान क्रेडिटकार्ड एवं 137 पशुओं का पशुधन बीमा किया गया।

इस अवसर पर मेले की अध्यक्षता कर रहे योगेश शुक्ला ने पशुपालन विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो की सराहना की और पशुपालको से अपील करते हुए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने एवं अपनी आय को दोगुनी करने का आहवान किया। इसके अतिरिक्त अपर मुख्य सचिव डा0 रजनीश दुबे ने विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे वर्गीकृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुधन बीमा, नन्दबाबा दुग्ध मिशन, गौवंश संरक्षण, मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजना राष्ट्रीय पशुधन विकास योजनार्न्तगत बकरी पालन, सूकर पालन, कुक्कुट पालन तथा कुक्कुट नीति पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय एवं अमरनाथ उपाध्याय भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास डा0 अरूण कुमार जादौन ने केन्द्र राज्य सरकार द्वारा पशु पालको के हित में चलाई जा रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डा0 नीरज गुप्ता मुख्य कार्यकारी अधिकारी यू0पी0एल0डी0बी0 द्वारा वर्गीकृत वीर्य के उपयोग एवं महत्व के बारे में प्रकाश डाला गया। मेले का आयोजन डॉ0 सुनील कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा किया गया। मेले में पशुपालन निदेशालय के अधिकारी के साथ-साथ मण्डल के सभी जनपदों के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में डा0 सुरेश कुमार मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा मेंले में आये हुए सभी अतिथियों एवं पशुपालको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 13 कार्य दिवसों में होंगी

**लखनऊ।** माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की परीक्षाएं 15 फरवरी से 29 फरवरी तक 13 कार्य दिवसों में सम्पन्न करायी जाएगी। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव श्री शिव लाल ने दी।

सचिव श्री शिव लाल ने बताया कि इस बार की परीक्षा में कुल 49,736 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। पूर्व मध्यमा द्वितीय व उत्तर मध्यमा प्रथम की परीक्षा प्रथम पॉली प्रातः 08:30 से 11:45 बजे तक तथा उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर की परीक्षा द्वितीय पॉली अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रदेश के समस्त जनपदों में जनपद की भौगोलिक स्थिति एवं छात्र/छात्राओं की सुगमता को दृष्टिगत रखते हुए 230 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गये हैं, जिनमें प्रसंगागत परीक्षाएं सम्पन्न करायी जायेंगी।

# अगर हम चैन से है तो हमारे देश की सेना की वजह से हैं : शहनाज सिदरत

अवधनामा संवाददाता



**लाखनऊ।** आज 15 जनवरी आर्मी-डे पर बज्म-ए-खवातीन द्वारा आयोजित गोष्ठी का आयोजन शहीद जवानों को खिराजे अकीदत पेश करने के लिए ज़नाना पार्क अमीनाबाद में किया गया। अपने संबोधन में बज्म की सदर बेगम शहनाज सिदरत ने कहा की इस कड़ाके की ठंड में भी अगर हम चैन से है तो हमारे देश की सेना की वजह से हैं जो माइनस टेंप्रेचर में भी सरहदों पर डटे है। हमारी सेना विश्व में सबसे ताकतवर सेना है हम चीन पाकिस्तान जैसे दुश्मनों से घिरे है लेकिन हमारे जवानों के अदम्य साहस और शौर्य से कोई हमे आंख नही दिखा सकता। हमारी हर मुश्किल में और आपदा में सेना हमे मदद करती है आर्मी डे पर आए हुए बच्चो द्वारा देशभक्ति पर कई तराने भी पेश किए बेगम ने राम मंदिर स्थापना कार्यक्रम को लेकर लोगो को भ्रम फैलाने माहौल खराब होने की अफवाहों से सावधान रहने को कहा उन्होंने कहा की यदि कोई आपके गली मोहल्ले में जय श्री राम का नारा लगाता है तो आप उनका स्वागत करे हम सब को मिलकर रहना है हमारी शादियों पुरानी गंगा जमुनी तहजीब रही है मंदिर का मसला सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद खत्म हो चुका है हमे मिलजुल कर तरक्की करनी है आपस में एक दूसरे के धर्मो का सम्मान करना होगा। इस कार्यक्रम में स्वामी विवेका नंद जी को भी याद करते हुए उन्हें महान समाज सुधारक और विश्व में भारत का गौरव बढ़ाने वाला बताया बच्चो ने विवेकानंद के कुछ विचार भी बोले। वही महिलाओं के शिक्षा पर जोर दिया और कहा की समाज की तरक्की और भेद भाव इसी से खत्म होगा और महिला आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी कार्य क्रम में मुख्य रूप से फरीदा जलीस किरणकलंकरी महाराष्ट्र, अनवर जहां, रिजवाना मजीद लखनऊ, गुलनाज हसन दिल्ली, रायना खान आदि ने अपने विचार के माध्यम से आपसी भाई चारा व देश की तरक्की के लिए सभी मजहब के सम्मान एवम हिंदू मुस्लिम एकता पर खास जोर दिया। इस अवसर पर अपनी समाजी ख़िदमात की वजह से गुलनाज हसन दिल्ली, विशनूमति सेन दिल्ली किरण कलंकरी महाराष्ट्र और फ़रीदा जलीस लखनऊ को एजाज़ ए बज़्म से सम्मानित किया गया।

# मुनव्वर राना देश के सबसे बड़े नामों में से 'एक' थे : प्रमोद

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उ.प्र. ने मशहूर शायर श्री मुनव्वर राना जी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके परिजनों, उनके हजारों समर्थकों एवं शुभ चिन्तकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है ।

नेता द्वय ने कहा है कि जनपद रायबरेली में जन्म स्व. मुनव्वर राना जी शायरों की दुनिया में देश के सबसे बड़े नामों में से ''एक'' थे । वे प्रसिद्ध कवि, शायर और लेखक थे, पिछले कई दषकों से उन्होंने अपनी कविताओं ओर गजलों, शायरों के द्वारा लोगो में अपनी अलग पहचान बनायी हुई थी, उनकी शायरियॉ लोगों को बहुत पसंद आती थी, स्व. मुनव्वर राना जी ने कई पुस्तकें भी लिखी है, जो बहुत लोकप्रिय हैं। खास कर उन्होंने ''मॉ'' पर बहुत कुछ लिखा है - जैसे किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकॉ आई- मै सबसे छोटा था मेरे हिस्से में मॉ आई। 'जब भी कश्ती मेरी सैलाब में आ जाती है, मॉ दुआ करती हुई ख्वाब में आ जाती है' वे बहुत ही मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे । स्व. मुनव्वर राना जी के निधन से एक चमकते हुये सितारे का सदा के लिये अन्त हो गया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। हम परवरदिगार से दुआ करते हैं कि स्व. मुनव्वर राना की आत्मा को जन्नत नसीब हो, तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों व समर्थकों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# गीता भावामृत ग्रंथ गागर में सागर है : डॉ दिनेश

## कमलेश शर्मा को संत तुलसी व कल्पना शुक्ला को रमन लाल अग्रवाल सम्मान

अवधनामा संवाददाता



■ कृष्णमय हुआ ऐशबाग श्री रामलीला परिसर

**लखनऊ।** श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने की सही राह दिखाती है, गीता की हर बातों को अपने जीवन में उतारने से व्यक्ति को हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। यह बात आज तुलसी शोध संस्थान उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वावधान में तुलसी मानस भवन श्री रामलीला परिसर ऐशबाग, लखनऊ में पं. आदित्य द्विवेदी द्वारा लिखित ग्रंथ 'गीता भावामृत' के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा राज्य सभा सदस्य व पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कही।

उन्होने आगे कहा कि पं. आदित्य द्विवेदी ने गीता भावामृत की रचना कर गागर में सागर भरने का साहसिक कार्य किया है, जो अपने आप में एक पुनीत कार्य है। उन्होने कृति को भाव पूर्ण बताते हुए कहा कि आज समाज को गीता भावामृत जैसे पुस्तकों की आवश्यकता है , जो समाज को एक सही दिशा दे सके।

इसके पूर्व समारोह में मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा राज्य सभा सदस्य, विशिष्ट अतिथि पंकज सिंह विधायक नोएडा, डॉ नीरज बोरा विधायक उत्तर लखनऊ, प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ दिनेश चन्द्र अवस्थी ने पं. आदित्य द्विवेदी के लिखे ग्रंथ गीता भावामृत का लोकार्पण किया।

समारोह में विशिष्ट अतिथि पंकज सिंह विधायक नोएडा ने कहा कि पं. आदित्य द्विवेदी का ग्रंथ गीता भावामृत अद्वित्य ग्रंथ है, गीता के भावानुवाद से हर व्यक्ति इसके मर्म को जान सकेगा। डॉ नीरज बोरा विधायक उत्तर लखनऊ ने गीता भावामृत की विशुद्ध व्याख्या करते हुए कहा कि इस ग्रंथ का भावानुवाद घनाक्षरी छन्दों में किया गया है, जो बहुत लोकप्रिय विद्या है।

इसके पूर्व विषय प्रवर्तक अमर नाथ ने कृति की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता प्रो0 सूर्यप्रसाद दीक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा कि ÷गीता भावामृत÷ गीता के काव्यमयी भावों का अमृत है। उन्होंने कृति के विभिन्न पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृतिकार पं. आदित्य द्विवेदी ने अपने ग्रंथ गीता भावामृत के बारे में बताया कि श्रीमद्भागवत गीता में वर्णित सम्पूर्ण 18 अध्याय के सात सौ श्लोकों के भाव को साधारण भाषा में काव्य शैली मे लिखने में मात्र 18 दिन का समय लगा। उन्होने बताया कि इस ग्रंथ, कृति को कम पढ़े लिखे लोग भी आसानी से समझ सकते हैं, जिस प्रकार राम चरित मानस को बिना पढ़ा लिखा व्यक्ति भी आसानी से गा समझ सकता है, ठीक उसी तरह से गीता भावामृत को भी व्यक्ति आसानी से गा समझ सकेगा।

इस अवसर पर संत तुलसी सम्मान कमलेश शर्मा (इटावा) को तथा रमन लाल अग्रवाल सम्मान कल्पना शुक्ला (दिल्ली) को प्रदान किया गया। इसी क्रम में गायकों ने गीता भावामृत में विशेष रूप से विरचित स्तुति की संगीतमय प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कवियों का काव्य पाठ हुआ। कवयित्री कल्पना शुक्ल ने एक रचना में सुनाया - राधा परखने वाले, मीरा परखने वाले। नायाब जौहरी थे हीरा परखने वाले।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करने वाले रामद्रोही



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संदर्भ में आज ब्राह्मण संसद की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में हुआ। प्रेस वार्ता को संस्था की अध्यक्ष डॉ पंडित अमरनाथ मिश्रा ने संबोधित किया।इस मौके पर आचार्य धीरज अवस्थी के नेतृत्व मे आचार्य शिवानंद जी आचार्य सत्य प्रकाश जी आचार्य निकुंज आचार्य राम मिश्रा जी आचार्य संगम बाजपेई जी आचार्य केशव आचार्य श्री प्रसाद आचार्य दिलीप तिवारी आचार्य अभिषेक जी आचार्य राजन मिश्रा आचार्य उमेश व पंडित आदित्यनाथ मिश्राने मंगलाचरण वा स्वस्तिवाचन इन अचारियों द्वारा किया गया एवं दीप प्राजलन डॉ पंडित अमरनाथ मिश्रा जी ने किया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में उन लोगों की चर्चा की जो अयोध्या में श्री राम लाला के भाव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को आज स्वीकार कर रहे हैं श्री मिश्रा ने कहा ऐसे लोग बाबर सेना के सिपाही हैं जो आईएसआईएस और आईएसआई के कहने पर अपने अकाओ को खुश करने के लिए इस तरह की बातें कर रहे हैं।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सनातनी कराया खिचड़ी भोज

**लखनऊ।** सत्य सनातन नारी शक्ति द्वारा सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल पूरे भारत में सनातन धर्म को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। 22 जनवरी राम लला के मंदिर में आगमन की खुशी में 1 जनवरी से ही सभी जिलों में गरीबों को कंबल वितरत किया जा रहा है इसी के साथ 14 जनवरी को लखनऊ के लेखराज स्तिथ शनि मंदिर के प्रांगण में खिचड़ी भोज का वितरण किया गया था।

# टीएमयू में बताई आईपीआर की आत्मनिर्भर भारत में भूमिका

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** यूनाइटेड एंड यूनाइटेड लॉ फर्म, दिल्ली की पेटेंट एसोसिएट डॉ. पिंकी चक्रवर्ती ने फिजियोथैरेपी के छात्रों से बौद्धिक संपदा के लिए आईपीआर पर वर्कशॉप में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि हम इसका स्वामित्व कैसे प्राप्त कर सकते हैं? उन्होंने छात्रों को पेटेंट और गैर-पेटेंट योग्य विषयों के बारे में भी विस्तार से समझाया। डॉ. चक्रवर्ती ने केंद्र सरकार की ओर से जारी किए जाने वाले विभिन्न पेटेंट प्रमाण पत्रों के बारे में भी गहनाता से बताया। साथ ही पात्रता मानदंड और पेटेंट दाखिल करने के चरणों के बारे में भी बात की। डॉ. पिंकी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन सेल और केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय इन्नोवेशन सेल की ओर से फिजियोथेरेपी विभाग में आत्मनिर्भर भारत एवम् राष्ट्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में बौद्धिक संपदा अधिकार-आईपीआर की प्रासंगिकता पर आयोजित एक दिनी वर्कशॉप में बतौर मुख्य वक्ता बोल रही थीं।

इससे पहले डॉ. पिंकी चक्रवर्ती ने बतौर मुख्य वक्ता, यूनाइटेड एंड यूनाइटेड लॉ फर्म, दिल्ली की एडवोकेट वैष्णवी मिश्रा ने बतौर अतिथि वक्ता, फिजियोथैरेपी विभाग की एचओडी डॉ. शिवानी एम कौल, डॉ. शाज़िया मट्टू आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

एडवोकेट वैष्णवी ने छात्रों को आर्थिक विकास और सामाजिक विकास में आईपीआर की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उल्लंघन मामलों के उदाहरण देकर उन्हें सरकार की ओर से कानूनी रूप से संरक्षित करने की प्रक्रिया के बारे में छात्रों को विस्तार पूर्वक समझाया।

# अनन्या पाण्डेय को 64,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा अनन्या पाण्डेय को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित पेस यूनिवर्सिटी द्वारा 64,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अनन्या को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. की इस मेधावी छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी सी.एम.एस. छात्र रिकार्ड संख्या में विदेश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ायेंगे।


## रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ मंडल के लखनऊ–बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर आधारिक अवसंरचना से जुड़े कार्यों के संपादन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेल सेवाओं को उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर आंशिक निरस्त/डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है:–

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/से प्रारंभ होगी | तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14205 अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | 20 से 22.01.2024 |
| 14206 दिल्ली जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस | सुलतानपुर पर | 19 से 21.01.2024 |
| 14231 प्रयागराज संगम–बस्ती मारवाड़ एक्सप्रेस | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ पर | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| 14232 बस्ती–प्रयागराज संगम मारवाड़ एक्सप्रेस | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| 14233 प्रयागराज संगम–मनकापुर सरयू एक्सप्रेस | सुलतानपुर पर | 19 से 22.01.2024 |
| 14234 मनकापुर–प्रयागराज संगम सरयू एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | 20 से 23.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 12225 आजमगढ़–दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस | शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| 12226 दिल्ली जं.–आजमगढ़ कैफियत एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 21.01.2024 |
| 14205 अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. एक्सप्रेस | सुलतानपुर–लखनऊ | 20 to 22.01.2024 |
| 14206 दिल्ली जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर | 19 to 21.01.2024 |
| 14853 वाराणसी सिटी–जोधपुर जं. मरुधर एक्सप्रेस | वाराणसी–जंघई–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| 14854 जोधपुर जं.–वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस | लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–जंघई–वाराणसी | 20.01.2024 |
| 15026 आनन्द विहार(टर्मि.)–मऊ जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज | 22.01.2024 |
| 15558 आनन्द विहार(टर्मि.)–दरभंगा जं. अमृत भारत एक्सप्रेस | बाराबंकी–गोरखपुर–गोंडा | 19.01.2024 |
| 19165 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 19.01.2024 |
| 19166 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 20.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| 19167 अहमदाबाद जं.–वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद | 18.01.2024 एवं 20.01.2024 |
| 19168 वाराणसी सिटी–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 21.01.2024 |
| 22549 गोरखपुर–लखनऊ वन्दे भारत एक्सप्रेस | गोंडा–गोरखपुर–बाराबंकी | 21.01.2024 एवं 22.01.2024 |
| 22550 लखनऊ–गोरखपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस | बाराबंकी–गोरखपुर–गोंडा | 21.01.2024 एवं 22.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

180/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


# 'न दूरी, न खाई है, मोदी हमारा भाई है...'

## मुस्लिम महिलाओं तक पहुंचने के लिए भाजपा ने शुरू किया अभियान





**लखनऊ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सोमवार से शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान प्रारंभ कर दिया। इस अभियान के तहत लखनऊ में पहली जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भाग लिया। जनसभा में भाजपा ने मोदी सरकार में मुस्लिम समाज के लिए किए गए कार्यों के बारे में जानकारी। इस दौरान मंच से ना दूरी है, ना खाई है, मोदी हमारा भाई है... के नारे भी लगे।

हर जिले में इस अभियान के तहत सभाएं होंगी। अभियान में केंद्र सरकार की उन योजनाओं के बारे में बताया जाएगा, जिनसे मुस्लिमों को खास लाभ हुआ है। लखनऊ में आयोजित जनसभा में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दानिश अली भी शामिल हुए और कहा कि मोदी सरकार सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। अभियान के तहत तीन तलाक के मामले पर मुस्लिम महिलाओं को जोड़ा जाएगा और बताया जाएगा कि उसका कितना लाभ उन्हें हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी जनसभा को संबोधित किया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि इस अभियान में हम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मुस्लिम हित में लिए गए बड़े फैसलों के बारे में जानकारी देंगे और योजनाओं पर बात करेंगे जिससे मुस्लिम समाज को खास लाभ हुआ है।

## स्वयं को सीबीआई कर्मचारी के तौर पर पेश करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** सीबीआई कर्मचारी के तौर पर स्वयं को परनामधारित करने एवं जबरन वसूली व जालसाजी आदि के कुछ आरोपों पर जिला मेरठ (उत्तर प्रदेश) निवासी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक सिपाही के विरुद्ध मामला दर्ज किया। आरोपी, जुलाई 2022 के दौरान सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर आया था एवं उसे मार्च, 2023 में समय से पूर्व उसके मूल संगठन आरपीएफ में वापस भेज दिया गया था।

यह आरोप है कि सीबीआई से वापस जाने के पश्चात, उसने स्वयं को सीबीआई (मुख्यालय), दिल्ली में कार्यरत सीबीआई कर्मचारी के रूप में परनामधारित करने के लिए नकली सीबीआई पहचान पत्र का प्रयोग किया एवं मुजफ्फरनगर के व्यापारी को एक मामले में कथित तौर पर सी.बी.आई. द्वारा जारी फ़र्जी नोटिस देने हेतु नया मंडी पुलिस स्टेशन, मुजफ्फरनगर, (उत्तर प्रदेश) की सहायता ली।

# 2 किलोमीटर लंबी हजारों मातृशक्तियों की कलश यात्रा पर जमकर बरसे फूल

■ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कलश यात्रा में चल रही महिलाओं का उत्साहवर्धन किया

वहाज अली निहाल



**इटावा।** 550 वर्ष की साधना के बाद अयोध्या में श्री राम लाल मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में ट्रिप प्रेम सेवा मिशन के द्वारा श्री राम कथा का शुभारंभ विशाल 2 किलोमीटर लंबी कलश यात्रा के साथ हुआ कलश यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करभव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में मातृ शक्तियों का उत्साह वर्धन करने के लिए सबसे आगे सदर विधायक सरिता भदौरिया कलश लेकर चल रही थी उनके साथ मुख्य यजमान एमपी सिंह तोमर सपत्नी श्रीमती बबीता तोमर सहित शहर की विश्व हिंदू परिषद परिवार से जुड़ी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार से जुड़ी कई विभिन्न संगठनों की महिला प्रमुख साथ में चल रही थी पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गूंजायमांन हो रहा था जगह-जगह पुष्प वर्षा से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो जैसे इटावा नहीं अयोध्या में नगर वासी पहुंच गए हो कलश यात्रा सनातन धर्म इंटर कॉलेज नगर पालिका द्वारा से होते हुए तिकोनिया नौरंगाबाद चौराहा चौगुजी बलराम सिंह चौराहा नुमाइश चौराहा होते हुए नुमाइश पंडाल पहुंची नुमाइश पंडाल में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष आशीष भैया जी ने कलश लेकर पहुंची मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब का परम सौभाग्य है कि हम सबको भगवान राम जी के बना रहे भव्य मंदिर का साक्षी बनने का अवसर प्रदान किया है हम सबके पूर्वज 550 वर्षों से इस प्रकल्प के लिए लग रहे तब जाकर के हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है हमारे पूर्वजों ने बहुत सारी यातनाएं झेली जबरदस्ती उनका धर्म परिवर्तन सहित कई प्रकार के उत्पीड़न किए गए किंतु सनातन धर्म को मानने वालों ने हार नहीं मानी जिसका परिणाम है कि हम सब आज भगवान श्री रामचंद्र जी को ट्रिपाल के बाद भवय मंदिर में विराजित होते हुए देखेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के युवा इकाई अध्यक्ष जयवीर सिंह कार्यक्रम संयोजक रामकुमार चौधरी कार्यक्रम अध्यक्ष अनंत अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप भाजपा शहर अध्यक्ष सुशांत दीक्षित लाइन पर अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर उद्योग मंच के अध्यक्ष मेजर पांडे भारत विकास परिषद के अध्यक्ष इंद्र नारायण पांडे विश्व हिंदू परिषद के रणवीर सिंह चौहान भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजू चौधरी युवा मोर्चा जिला मंत्री छोटू तोमर पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे सेवाश्रम के युवा अध्यक्ष शिवभूषण सिंह चौहान व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा विनीत कुमार पांडे भाजपा महामंत्री अजय कुमार गुप्ता जितेंद्र राजपूत भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष बिरला शाक्य नीतू नारायण मिश्रा धर्मेंद्र भदोरिया कुलदीप यादव शैलेंद्र सिंह राजावत राहुल चौहान चित्रा परिहार सुनीता कुशवाहा उर्मिला भदौरिया ममता दुबे पूनम तिवारी अच्युत कृष्णा मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# खिचड़ी भोज पंचमुखी महादेव मन्दिर महेरा चुंगी पर संपन्न




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** परशुराम सेवा समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मकर संक्रांति के अवसर पर समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे के संयोजन में कम्बल वितरण व खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन पंचमुखी महादेव मंदिर महेरा चुंगी चौराहा इटावा पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गयी एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने किया। इस मौके पर खिचड़ी भोज में परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्यों सहित बड़ी संख्या में खिचड़ी भोज में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, संरक्षक लालजी दुबे, आनंद प्रकाश नारायण दुबे, राकेश नारायण द्विवेदी, आचार्य बृहम् प्रकाश मिश्रा, शिक्षक नेता भानु प्रकाश अवस्थी, समिति के जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गीतिका तिवारी, साधना दुबे, अंजली दुबे, ट्विंकल दुबे, प्रिया त्रिपाठी, चंचल दुबे, भजन गायक प्रखर गौड, राजा सिंह भदौरिया, आलोक तिवारी, मदन गोपाल वर्मा, सुरेंद्र दुबे, लोकेंद्र सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# मानव सेवा से बढ़कर नहीं है कोई धर्मः अंकुर यादव




वहाज अली निहाल

**इटावा।** मकर संक्रांति के मौके पर जे.के. हॉस्पिटल दतावली रोड पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अंकुर यादव ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई भी समाज सेवा या धर्म नहीं होता। मनुष्य ही मनुष्य के काम आए तो यह मानवता का सबसे बड़ा संदेश होता है। सर्दी के मौसम में जीव जंतु आम जनमानस को हो रही समस्याओं को देखते हुए जे.के. हॉस्पिटल के प्रबंधक व उनकी पूरी टीम ने जिस प्रकार का आयोजन किया है उसके लिए वह बधाई के पात्र है। जे.के.हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ.मनोज यादव व निदेशक सुनयना यादव ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हुए मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, डॉ.विपिन वर्मा, सुरेंद्र सिंह यादव, राम अवतार ठेकेदार, वीरू भदौरिया, सर्वेश शाक्य, हरिकिशन यादव, राहुल यादव, बीनू यादव, वीरेंद्र सेठ, हरिकिशन, हरगोविंद यादव, संजीव यादव, अशोक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# इमाम अली नक़ी ने इंसानियत को प्राथिमकता दीः ज़ैदी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** दसवें इमाम हज़रत अली नक़ी अ.स.की शहादत पर समर अब्बास नक़वी की ओर से मस्जिद पंजतनी में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर करते हुए कहा इमाम अली नक़ी की विलादत 6 रजब सन 214 मदीने में हुई और शहादत 4 रजब सन 254 में हुई। सन 220 में 8 वर्ष की उम्र में दसवें इमाम को इमामत मिली। नबी और इमाम अल्लाह की तरफ से इल्म लेकर आते हैं। दसवें इमाम ने अपने दौर में इल्म के जौहर दिखाए। इमाम ने इंसानियत को प्राथिमकता दी। दसवें इमाम ने जियरते ग़दीर व जियरते जमाये कबीरा को इंसानों के लिए तोहफा दिया। इमाम को जब मदीने से सामरा में तलब किया गया तो फ़ौज भेजी गई। जालिम बादशाह ने इमाम को कैद और नजरबन्द रखा। इमाम ने कैदखाने में इबादत कर वक्त गुजरा। जालिम बादशाहों ने इमाम अली नक़ी पर बहुत जुल्म ढाये। दुश्मनों ने दसवें इमाम को जहर देकर शहीद कर दिया।

# सदर विधायक खिचड़ी भोज व कम्बल वितरण कार्यक्रम में हुईं शामिल

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर श्री भोले शंकर शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति व श्री जगत जननी उमा समिति के तत्वाधान में आयोजित खिचड़ी भोज में 250 जरूरतमंदों को कम्बल वितरण वरिष्ठ भा.ज.पा.नेता कृष्ण मुरारी गुप्ता के आवास सिविल लाइन्स ईदगाह पर सम्पन्न हुआ। गरीब अपाहिज, निराश्रितों को कम्बल वितरण का आयोजन समिति के संयोजक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ओमप्रकाश गुप्ता के सौजन्य से सदर विधायक सरिता भदौरिया के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने जरूरतमंदों को कम्बल वितरण एवं खिचड़ी भोज करवाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में स्वच्छता अभियान चलाकर धार्मिक स्थलों पर पूजापाठ के साथ दीपावली की तरह हर्षोल्लास से मनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कम्बल वितरण, खिचड़ी भोज और अलाव जलवाकर गरीबों को मदद करने वाले इस कार्यक्रम के संयोजक ओम प्रकाश गुप्ता व कृष्ण मुरारी गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम गणमान्य लोगों को प्रेरित करते हैं। समिति द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री तरूण बाजपेई, समाजसेवी श्री चंद्र गुप्ता, श्याम मुरारी गुप्ता, दिलीप अवस्थी, अशोक दुबे, रामकिशन दुबे, डा.एस.सी.गुप्ता, संजीव अग्रवाल, प्रो.मनोज गुप्ता, पीकेएस भदौरिया, राजीव अग्रवाल, अशोक शर्मा, सर्वेश चौहान, विकास भदौरिया, धर्मेन्द्र मिश्रा एड, आलोक गुप्ता, राजेन्द्र भसीन, राजेश गुप्ता, संजीव ऋषिश्वर, ऐश्वर्य गुप्ता, आलोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# किआ शोरूम में सोनेट फेसलिफ्ट कार की लॉन्चिग

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** रानी की सराय क्षेत्र के चकखैरूल्लाह में स्थित किआ शोरूम में सोमवार को सोनेट फेसलिफ्ट कार लॉन्चिग कर दिया है। लांचिग भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल व शोरूम के संस्थापक हाजी इसरार अहमद ने संयुक्त रूप से किया। आगंतुकों के प्रति एमडी मो हाशिम ने बताया कि आज का दिन बहुत खास है क्योंकि आज ही हमारे यहां सोनेट फेसलिफ्ट कार लांच हुई है। जो काफी अलग डिजाइन को स्पोर्ट करता है और लगभग दो दर्जन से अधिक फीचर्स है। नई सोनेट में कस्टमर्स को एडवांस सेफ्टी फीचर्स मिलेंग। कंपनी ने नई किया सोनेट में 25 सेफ्टी फीचर्स दिए हैं। 6 एयर बैग्स और 10 एडीएएस फीचर शामिल हैं। कंपनी ने नई सोनेट में 10.25 इंच का एलसीडी डिजिटल कलस्टर दिया है। फ्रंट में वेंटिलेटेड शीट होगी। इनबिल्ड एयर प्यूरीफायर है। इसके अलावा 7 स्पीकर बोस सिस्टम सहित कार में कई प्रकार खूबियां है। इस दौरान पहले बुक कराये सोनेट कार को ग्राहकों मुख्य अतिथि के द्वारा दिलाया गया एवं अधिकत्तर ग्राहकों द्वारा 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर गाड़ी लेने की इच्छा जाहिर की। इस दौरान मोहम्मद जफर, मोहम्मद नोमान, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद हातिम, निजामुद्दीन, लक्ष्मी सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अरविन्द सिंह, चन्दन, सचिन सिंह, नूर आलम, मिस्टर साहब, मंसूर प्रधान, शाहिद प्रधान, हाफिज इफरान आदि मौजूद रहे।

# हाईवे पर सफेद पट्टी नहीं, वाहन चालकों को खतरा

■ सर्दी बढ़ने के साथ हादसों की बढ़ती है संख्या

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम हरदोई।** मौसम बदलते ही ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। शाम होते ही शहर की सड़कों पर हल्का कोहरा दिखने लगता है। ग्रामीण इलाकों में कोहरे की समस्या काफी बढ़ती जा रही है. जिससे गाड़ी चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों का पालन करना भी जरूरी है। कोहरे में कटरा बिल्हौर हाईवे पर सबसे ज्यादा खतरा रहता है। वहीं, कोहरे में हादसों को रोकने के लिए भी कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं किया जा रहा है। हाईवे की सफेद पट्टी गायब हो गई है।कोहरे में चालकों की मदद के लिए यह कारगर है। यही हाल हरदोई रोड हो या कटरा बिल्हौर से कानपूर, हाईवे पर भी कहीं सफेद पट्टी नहीं दिखाई दे रही है। रोड पर सफेद पट्टी कहीं-कहीं दिख जाएगी लेकिन वह भी काफी पुरानी हो चुकी है। सड़क में सफेद पट्टी काफी कारगर होती है। इससे कोहरे में गाड़ी चला रहे चालक को सड़क के बाएं दाएं और बीच में होने का एहसास भी होता रहता है।

### हाईवे पर न खड़ा करें वाहन

कोहरे के दौरान हाईवे पर खड़ी गाड़ी काफी खतरनाक साबित होती है। यहां हादसे की संभावना अधिक होती है। यातायात विबाग पहले ही गाइडलाइन जारी कर चुकता है। जिसमें बताया गया है कि वाहन खराब होने की स्थिति में उसे हाईवे किनारे पटरी पर खड़ा किया जाए। वहां भी कोई संकेतक बना दे। इसके होटल ढाबा पर रुकने से पहले, चारों इंडिकेटर वाहन चालक जला ले। कोहरे में सफर करते समय फॉग लाइट के साथ एक लेन में चलना जरूरी है। गाड़ी के शीशे पर कोहरा नहीं जमा होना चाहिए।

### शोज़ब रिज़वी लगभग 200 से भी अधिक वोटों के अंतर से विजय घोषित हुए




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** यूथ काँग्रेस संघठन चुनाव का परिणाम घोषित हुआ और उसमें शोज़ब रिज़वी अपने प्रतिद्वंधि से क़रीब 200 से भी ज़्यादा वोटो के अंतर से विजय घोषित हुए।ज़िला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रदेश सचिव मो:राशिद खां, कोमल सिंह कुशवाह, प्रशांत तिवारी, वाचस्पति दिवेदी, करन सिंह राजपूत, सरवर अली, आसिफ़ ज़ादरान, अवनीश वर्मा, रफ़त अली, बाबू अली आदि लोगों ने बधाइयाँ दी ।

### नुमाइश व्यापारियों ने कराया खिचड़ी भोज

**इटावा।** मकर सक्रांति के पावन पर्व पर सोमवार को प्रदर्शनी व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय रैना कश्मीरी के संयोजन में नुमाइश फब्बारे पर दिन में खिचड़ी भोज का कार्यक्रम किया जिसमें व्यापारियों के अलावा नुमाइश देखने आये लोगों को खिचड़ी भोज कराया गया।

# ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग की हुई समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों के कार्य मे तेजी लायी जाए। उन्होंने कछौना विकास खण्ड में खराब प्रगति को लेकर एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा बिलग्राम व माधोगंज के एडीओ पंचायत को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरआरसी केन्द्रों का निर्माण तेजी से कराया जाए। उन्होंने भूमि के चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण न होने पर बीडीओ बेहन्दर, पिहानी व सांडी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। ओडीएफ प्लस की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विकास खण्डों की जनपद स्तर पर रैंकिंग जारी की जाए और संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाए। उन्होंने वर्ष 2022-23 में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत भुगतान लम्बित रहने पर बीडीओ सांडी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बेगमगंज संडीला में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्थापित यूनिट में प्लास्टिक भेजने हेतु दिवसवार रोस्टर तैयार किया जाए। अवशेष अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। ग्राम पंचायत में पब्लिक एड्रेस सिस्टम व सीसीटीवी कैमरे के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए। स्थान चयन के लिए ग्राम के संभ्रांत लोगों से बात की जाए। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों से नियमित अंतराल पर संवाद किया जाए। ग्रामों में सफाई को लेकर नागरिकों से फीडबैक लिया जाए। किसानों के साथ बैठक की जाए। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड पिहानी की ग्राम पंचायत नेदुरा के ग्राम प्रधान को गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था के लिए आइएसओ 9001रू2015 प्रमाणपत्र प्रदान किया। ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 के प्रधानमंत्री आवास योजना के अवशेष लाभार्थियों को नियमानुसार धनराशि का भुगतान जल्द कराया जाए। नियमित आधार पर भुगतान की समीक्षा की जाए। वर्ष 2023-24 के भी भुगतान में तेजी लायी जाए। चिन्हित अमृत सरोवरों का अवशेष कार्य जल्द पूरा किया जाए।

# शीतलहर का कहर, कोहरे के बीच बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई गलन, लुढ़का पारा

अवधनामा संवाददाता




**बिलग्राम।** उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बीते दिनों जनपद हरदोई के बिलग्राम समेत कई इलाकों में चमक के साथ हल्की बारिश हुई थी। बारिश और ठंडी हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ी है। आसमान में बादल के साथ घने कोहरे छाए हैं। जिसकी वजह से जीवन अस्त-व्यस्त है। बुजुर्ग और बच्चों को ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के द्वारा बसंत पंचमी मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई हैं। फिलहाल कोहरे से राहत नहीं मिलने की उम्मीद नहीं हैं। कई इलाको में घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी डाउन है। जिससे सड़कों पर निकलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं बर्फिली पछुआ हवाओं से गलन बढ़ी है। जिसकी वजह से पारा गिरा है। अभी शीतलहर से निजात नहीं मिलने वाला। आज भी बादलों के आवाजाही के बीच बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। घने कोहरे के चलते यातायात प्रभावित रहा।सूत्रों के अनुसार आज भी बादलों का आने जाने के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। तेज हवाओं की वजह से ठिठुरन बढ़ेगी।बिलग्राम क्षेत्र में सुबह कोहरे के साथ बड़ी सर्दी शरीर में हड्डियों तक समा गई है हर कोई ठिठुरते नजर आ रहा है। जिससे हर कोई कठोरता नजर आ रहा है सड़क किनारे जल रहे अलाव के पास हर कोई दुबक गया। इस भीषण सर्दी में बर्फीली हवाओं ने जनजीवन अस्त-व्यस्त है अधिक कोहरा होने के कारण दो पहिया चार पहिया वाहन सड़क पर रेंगते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना होते नजर आए। और बिलग्राम कस्बे के मुख्य बाजार में सन्नाटा पसरा नजर आया।

# मुस्तफ़ा क्रिकेट क्लब की टीम ने जीता उद्घाटन मैच

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के नन्दौली खेल मैदान पर आयोजित 15 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ हुआ। पहले मैच में मुस्तफ़ा क्रिकेट क्लब की टीम ने आठ ओवर में दो विकेट खोकर जीत दर्ज की।उद्धघाटन मैच 15 ओवर का खेला गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि गुलाम हैदर उर्फ बब्बू, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजधर शुक्ल व डॉक्टर सूरज वैश्य ने किया।मुख्य अतिथि ने नूर क्रिकेट क्लब को प्रतियोगिता आयोजन पर शुभकामनाएं दीं। कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। होनहार युवाओं को खेलों में प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर लाने को मेहनत करनी चाहिए जिससे अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकें। खेलकूद शारीरिक फिटनेस के लिए भी जरूरी है। शरीर तंदरुस्त रहेगा तो मन तंदरुस्त रहेगा। उद्घाटन मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वलीपुर की टीम ने 15 ओवर में 97 रन बनाकर आल आउट हो गई। जवाब में मुस्तफ़ा क्रिकेट क्लब की टीम ने मात्र 8 ओवर में 2 विकेट खोकर मैच जीत लिया। इस तरह मुस्तफा क्रिकेट क्लब की टीम ने जीत दर्ज कराई।मैच में अंपायर का भूमिका मोहम्मद सफीक व लल्लन ने निभाई। इस मौके पर सुजात उल्ला, मोहम्मद सलमान, सुल्तान, मोहम्मद हसीन खान, एजाज खान, निहाल खान, समीम खान, अल्ताफ, गुलाम मोहम्मद, गुलाम नबी, टिक्कू, ईदू खान, मास्टर समीम खान, भट्टू खान, मास्टर हकीक, महमूद, सुफ़यान, कदीर, एजाज, आजाद आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड हरपालपुर के ग्राम मिरगावां चौधरियापुर व बर्रा में सासंद जय प्रकाश रावत जी एवं ब्लाक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप जी द्वारा कार्यकम का शुभारम्भ किया गया । सासंद जी द्वारा कार्यकम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया । उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसको ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री जी द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढाया है। तो वही उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढाया गया है तो वहीं आयुष्मान कार्ड योजना से गरीबो का निशुल्क उपचार हो रहा है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। यात्रा कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा केन्द्र व राज्य सरकर द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड कछौना के ग्राम भानपुर व हथौड़ा में सांसद श्री अशोक रावत जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा ग्राम वासियों को गरीबों, महिलाओं, किसानो, नौजावानो के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। किसान आधारित प्रदेश में जब किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा। इस हेतु समस्त अधिकारी/ कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त पात्र व्यक्तियो को समस्त योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होने कहा कि विगत कई दशकों से जो कार्य नहीं हुये थे। वो कार्य प्रधानमंत्री जी द्वारा कराये गये है। यात्रा कार्यकम में उपस्थित समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ दिलवाई गयी। यात्रा कार्यकम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड कोथावां के ग्राम नरामदनापुर व भीखपुर ऐमा में विधायक अलका अर्कवंशी जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया।

# स्टील के पैन को आसानी से बना सकते हैं नॉन स्टिक, बस फॉलो करें ये सिंपल हैक्स, नहीं चिपकेगा खाना



कुछ घरों में आज भी स्टील के पैन में ही खाना बनाया जाता है। हांलाकि यह थोड़ा मुश्किल काम होता है। लेकिन सब्जी या चीला बनाने के लिए स्टील के पैन का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में इन तरीकों से स्टील के पैन पर खाना नहीं चिपकेगा।

किचन में खाना बनाने के लिए कई सारे बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन स्टील के पैन में खाना बनाना सबसे झंझट का काम होता है। क्योंकि इसमें खाना चिपकने लगता है। इसलिए अधिकतर लोग खाना बनाने के लिए नॉन स्टिक पैन का इस्तेमाल करते हैं। वहीं कुछ घरों में आज भी स्टील के पैन में ही खाना बनाया जाता है। हांलाकि यह थोड़ा मुश्किल काम होता है। आमतौर पर खाना बनाने के लिए सबसे ज्यादा कुकर का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन सब्जी या चीला बनाने के लिए स्टील के पैन का इस्तेमाल किया जाता है।

ऐसे में स्टील के पैन पर खाना चिपकने से इसका स्वाद और टेक्सचर दोनों ही खराब हो जाते हैं और पैन भी खराब होने लगते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस समस्या से निपटने के लिए छोटे-छोटे और आसन टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में इन ट्रिक्स के जरिए आप भी इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

### स्टील के पैन को बना लें नॉन स्टिक पैन

हांलाकि यह आपको सुनने में भले ही थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन आप स्टील के पैन को नॉन स्किक पैन में बदल सकते हैं। इसके लिए आप स्टील के पैन को तेज आंच पर गर्म कर लें। फिर उसपर पानी की छींटे मारें, ऐसा करने पर पानी की बूंद मोतियों की तरह उछलती दिखेंगी। इसके बाद 2-3 बूंद तेल डालकर एक टिशू पेपर की मदद से इसे पूरे पैन पर फैला लें। इस आसान उपाय से स्टील का पैन नॉन स्टिक पैन में तब्दील हो जाएगा।

### नमक के पानी में उबाल लें सब्जी

पैन में खाना तब चिपकता है, जब यह बिलकुल सूखा होता है। ऐसे में अगर आप ज्यादा तेल का इस्तेमाल करते हैं, तो यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होता है। इसलिए सब्जी आदि पैन में न चिपके इसके लिए आप सब्जी को पहले उबाल लें। वहीं गंठल वाली सब्जी को नमक के पानी में उबाल लें। इसके बाद पैन में मसाले डालकर पका लें। फिर जब सब्जी उबल जाए तो इसे पैन में डालकर पका लें। इससे न सिर्फ आपका समय बचेगा बल्कि गैस भी कम खर्च होगी।

### हल्की आंच का इस्तेमाल

पैन में खाना बनाने के दौरान हल्की आंच का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे खाना अच्छा बनेगा और पैन में चिपकेगा भी नहीं। वहीं तेज आंच में खाना तो पक जाता है, लेकिन यह अंदर से कच्चा ही रह जाता है। इसलिए हमेशा हल्की आंच पर खाना पकाना चाहिए। वहीं खाना पकाने के दौरान पैन को ऊपर से ढक लें। पैन को ढक देने से भाप बाहर नहीं आती और सब्जी जल्दी पक जाती है।

### ऐसे साफ करें पैन में जला हुआ खाना

पैन जल जाने पर उसके निशानों को हटाने के लिए आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आप ईंट के टुकड़े से भी पैन को साफ करके देखना चाहिए। इससे भी आपका पैन नए जैसा चमकने लगेगा। लेकिन आइए जानते हैं कि बेकिंग सोडा से आप किस तरह पैन की सफाई कर सकते हैं।

### ऐसे करें साफ

जले हुए बर्तन को साफ करने के लिए आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बेकिंग सोडा से साफ करने के लिए सबसे पहले जले हुए बर्तन में पानी भर लें।

फिर उसमें 2 चम्मच बेकिंग सोडा डालकर इसे तेज आंच पर गर्म कर लें।

बेकिंग सोडा वाले इस पानी को 20-30 मिनट तक उबलने दें।

फिर ईंट के टुकड़े की मदद से इसे साफ कर लें और साबुन से पैन की सतह को धो लें।

इस आसान तरीके से पैन साफ हो जाएगा।

# दही का रायता ही नहीं बल्कि कई तरीके से बनाएं चटनी, स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाट जाएंगे लोग

आज हम आपको दही की चटनी बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। आप कई चीजों और कई तरीकों से दही चटनी बना सकते हैं। आप कई तरीके से दही चटनी बनाकर खा सकते हैं। आइए जानते हैं दही चटनी की रेसिपी के बारे में। भारतीय खाने में दही को जरूर शामिल किया जाता है। अक्सर लोग सादा सदी या फिर रायता खाना पसंद करते हैं। बता दें कि पेट के लिए दही काफी फायदेमंद होता है। वहीं इसके सेवन से गट हेल्थ भी बेहतर होती है। भारतीय खाने में चटनी काफी फेमस है। सब्जी और फल से लेकर नारियल तक की चटनी बनाई जाती है। वहीं बोरिंग खाने के स्वाद को चटनी स्वादिष्ट बना देती है। इसलिए अधिकतर घरों में चटनी बनाकर खाई जाती है। लेकिन क्या आपने दही चटनी खाई हैं। अगर आपका जवाब नहीं है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दही की चटनी बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। आप कई चीजों और कई तरीकों से दही चटनी बना सकते हैं। आइए जानते हैं दही की चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में...

### राजस्थानी स्टाइल में दही चटनी

पूरे भारत देश में राजस्थानी स्टाइल की चटनी फेमस है। राजस्थान में बनने वाली लहसुन चटनी वाकई स्वाद में बेहद लाजवाब होती है। अगर आपने राजस्थानी दही-लहसुन की चटनी नहीं खाई हैं, तो आप इस रेसिपी को घर पर ट्राई कर सकते हैं।

### ऐसे बनाकर करें तैयार

राजस्थानी स्टाइल की दही चटनी बनाने के लिए सूखे लाल मिर्च को पानी में भिगो दें।

फिर एक पैन में तेल गर्म करके उसमें लहसुन की कलियों को भूरा होने तक भूनें।

फिर लहसुन में 2 चम्मच धनिया के बीज, 1 चम्मच जीरा, सूखा लाल मिर्च और आधा चम्मच काली मिर्च डालकर धीमी आंच पर पका लें।

कुछ देर में चटनी से खुशबू आने लगेगी, तब गैस को बंद कर लें। वहीं पेस्ट को ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

जब पेस्ट ठंडा हो जाए तो इन्हें अच्छे से पीस लें।

अब पीसे गए पेस्ट को तेल में डालकर तब तक पकाए जब तक उसका तेल अलग न हो जाए।

फिर इसमें 1 चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग ,करी पत्ता, 1 चम्मच सरसों और फेटा हुआ दही अच्छे से मिक्स कर दें।



करीब 5 मिनट तक चलाने के बाद गैस बंद कर दें।

इस तरह से आपकी दही-लहसुन की राजस्थानी स्टाइल चटनी बनकर तैयार है।

इसे आप सादे चावल से लेकर स्नैक्स तक के साथ खा सकते हैं।

### ऐसे बनाएं परफेक्ट चटनी

चटनी को घर टेस्टी बनाने के लिए ताजे लहसुन का इस्तेमाल करें।

क्योंकि लहसुन के खराब होने पर चटनी का स्वाद बिगड़ जाएगा। इस चटनी के लिए अंकुरित लहसुन का इस्तेमाल न करें।

वहीं ताजे दही का इस्तेमाल करें, क्योंकि अगर दही खट्टा होगा तो चटनी उतनी स्वादिष्ट नहीं होगी।

अधिक मात्रा में इसमें तेल का उपयोग न करें।

वही चटनी बनने के बाद इसको सही से स्टोर करें। जिससे कि यह 2-3 दिन चल जाए।

आप कांच के जार में चटनी को स्टोर करके रख सकती हैं।

चटनी अधिक पतली नहीं होनी चाहिए। क्योंकि चटनी गाढ़ी अच्छी लगती है।

### दही हरी मिर्च चटनी की रेसिपी

हरा मिर्च भी खाने के स्वाद को दोगुना करता है। हरी मिर्च का इस्तेमाल खाने को चटपटा करने के लिए किया जाता है। आप चाहें तो हरी मिर्च की चटनी भी बना सकती हैं। आज हम आपको दही और हरी मिर्च की चटनी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आप भी इसे घर पर बनाकर खा सकते हैं।

हरी मिर्च की चटनी बनाने के लिए हरी मिर्च को अच्छे से धो लें।

फिर इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।

अगर आप स्वादिष्ट चटनी बनाना चाहते हैं, तो मिर्च को मिक्सी की जगह सिलबट्टे पर पीसें।

इससे चटनी का स्वाद दोगुना हो जाएगा।

हरी मिर्च को बारीक पीसने के बाद इसमें दही मिक्स कर लें।

फिर इसमें हींग, जीरा पाउडर और स्वादानुसार नमक मिला लें।

इस तरह से आपकी दही-हरी मिर्च की चटनी बनकर तैयार हो जाएगी। आप इस चटनी को समोस और दाल-चावल के साथ भी खा सकती हैं।

# वजन कम करने में बेहद कारगर है किचन में रखी ये एक चीज, जानिए कैसे करें इस्तेमाल

शहद को आयुर्वेद में गुणों से भरपूर माना जाता है। बता दें कि शहद वेट लॉस करने में काफी मददगार होता है। हांलाकि वेट लॉस के लिए शहद का सही तरीके से सेवन किया जाना बेहद जरूरी होता है।

हर भारतीय किचन में कुछ ऐसे हर्ब्स और मसाले पाए जाते हैं, जो हमारी सेहत के लिए लाभकारी होते हैं। साथ ही यह हर्ब्स वेट लॉस करने में भी हमारी मदद करते हैं। इनमें हल्दी, इलायची और दालचीनी समेत कई ऐसी चीजें होती हैं, जो न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि वजन कम करने के अलावा सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इन्हीं में से एक चीज शहद है। शहद को आयुर्वेद में गुणों से भरपूर माना जाता है। बता दें कि शहद वेट लॉस करने में काफी मददगार होता है। हांलाकि वेट लॉस के लिए शहद का सही तरीके से सेवन किया जाना बेहद जरूरी होता है।

आयुर्वेद में शहद को बेस्ट फैट बर्नर माना जाता है। लेकिन वजन घटाने के लिए शहद का कैसे सेवन करना चाहिए और शहद का सेवन करने के दौरान किन-किन गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में भी जानना बेहद जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस प्रकार शहद का सेवन करना चाहिए।



### शहद के फायदे

आयुर्वेद में शहद को मधु भी कहा जाता है।

शहद को आंखों के लिए अच्छा माना जाता है।

साथ ही यह कफ को भी दूर करने में सहायक होता है।

कोल्ड की समस्या में भी यह फायदेमंद होता है।

अस्थमा, कफ और यूरिनरी ट्रैक्ट डिसऑर्डर को दूर करने में शहद मददगार है।

शहद में ऐफ्रडिजीऐक गुण भी पाया जाता है, जो न सिर्फ हमारे दिल की सेहत बल्कि त्वचा के लिए भी अच्छा माना जाता है।

### शहद खाने का तरीका

आयुर्वेद के मुताबिक नया शहद वेट बढ़ाने का काम करता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है।

वहीं स्टोर किया गया शहद फैट के मेटाबॉलिज्म को सुधारने में मदद करता है और कफ की समस्या को भी कम करता है।

शहद के साथी यदि आप कोई दवा ले रहे हैं। तो बता दें कि शहद की मदद से दवा हमारी सेल्स तक पहुंचती है।

वहीं वजन कम करने के लिए 1 चम्मच शहद को रूम टेम्परेचर पर रखें। फिर पानी में मिलाकर खाली पेट सेवन करने से वजन कम होता है।

### ऐसे न करें शहद का सेवन

आयुर्वेद के अनुसार शहद का गलत तरीके से सेवन करने से यह टॉक्सिक हो सकता है। साथ ही इससे कई बीमारियां भी हो सकती हैं।

बता दें कि शहद को गर्म करने से इसमें मौजूद एंजाइम्स खत्म हो जाते हैं। जिससे शरीर में टॉक्सिन्स पैदा होते हैं।

इसके साथ ही शहद को कभी गर्म खाने या फिर पानी के साथ मिलाकर नहीं खाना चाहिए।

गर्म वातावरण में काम करने के दौरान शहद का सेवन नहीं करना चाहिए।

इसके अलावा गर्म, मसालेदार या फिर घी व सरसों के साथ शहद का सेवन नहीं करना चाहिए।

# सर्दियों में वूलेन कपड़ों की शॉपिंग के लिए बेस्ट हैं दिल्ली के ये मार्केट, एक बार जरूर करें एक्सप्लोर

नवंबर-दिसंबर के महीने से अच्छी खासी ठंड शुरू हो जाती है। ऐसे में ठंड से बचने के लिए वूलेन कपड़ों की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी कम दामों में ढेर सारी शॉपिंग करना चाहती हैं, तो आपको दिल्ली की इन मार्केट्स में जरूर आना चाहिए।

नवंबर-दिसंबर के महीने से अच्छी खासी ठंड शुरू हो जाती है। ऐसे में ठंड से बचने के लिए वूलेन कपड़ों की जरूरत होती है। सर्दियों में जैकेट, स्वेटर, शॉल, कैप आदि की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी वूलेन कपड़े खरीदने की सोच रही हैं, तो इसके लिए दिल्ली की मार्केट से अच्छी और कौन सी जगह हो सकती है।

दिल्ली की कुछ फेमस मार्केट में आपको वूलेन कपड़े खरीदने के लिए ज्यादा खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। बल्कि आप इन मार्केट्स से बेहद किफायती दाम में अच्छे और लेटेस्ट कलेक्शन के वूलेन कपड़ों की शॉपिंग कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली की कुछ बेस्ट मार्केट के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां से आप बेहद कम दाम में वूलेन कपड़े खरीद सकती हैं।

### तिलक नगर मार्केट

वूलेन कपड़ों की खरीरदारी के लिए आप तिलकनगर मार्केट भी जा सकती हैं। यहां पर आपको ऊनी कपड़ों का काफी अच्छा कलेक्शन मिल जाएगा। आपको इस मार्केट में बेहद कम दाम यानी कि सिर्फ 100 रुपए में सर्दियों के लिए स्वेटर और जैकेट आदि मिल जाएंगी। इसके अलावा तिलक नगर मार्केट से आप वुलेन पैंट, स्वेटर, जैकेट आदि भी बेहद कम दाम में खरीद सकती हैं। मात्र 300 से 500 रुपए में वूलेन कोट मिल जाएगा। तिलक नगर मार्केट पहुंचने के लिए ब्लू लाइन वाली मैट्रो से जाना होगा। मैट्रो से उतरते ही आपको पूरा बाजार दिख जाएगा।



### कमला नगर मार्केट

जाहिर है कि सर्दियों में ठंडी हवाओं से बचने के लिए वूलेन कपड़ों की जरूरत होती है। वहीं ऊनी कपड़े लेने के लिए दिल्ली की मार्केट से अच्छा ऑप्शन भला और क्या हो सकता है। अगर आप भी वूलेन कपड़ों का लेटेस्ट कलेक्शन देखना व लेना चाहती हैं, तो कमला नगर मार्केट आपको निराश नहीं करेगी। यहां पर आपको कम दामों में बेहद अच्छे और स्टाइलिश वूलेन कपड़े मिल जाएंगे। आप इस मार्केट में सिर्फ 1000 रुपए में 4 स्वेटर खरीद सकती हैं। यहां पहुंचने के लिए आपको यूनिवर्सिटी पर एग्जिट लेना होगा। फिर आगे ऑटो के जरिए आप कमला नगर मार्केट पहुंच सकती हैं। हांलाकि यह मार्केट सोमवार को बंद रहती है।

### लक्ष्मी नगर मार्केट

लक्ष्मी नगर मार्केट का नाम तो आप सभी ने सुना होगा। क्योंकि यह दिल्ली की सबसे फेमस मार्केट में से एक है। इस मार्केट में आपको हर तरीके का सामना मिल जाएगा। वहीं कपड़ों की खरीददारी के लिए इस मार्केट को काफी अच्छा माना जाता है। यहां पर आप शॉल से लेकर जुराब तक खरीद सकती हैं। यहां पहुंचने के लिए आपको ब्लू लाइन से ट्रैवल करना होगा। फिर मैट्रो से उतरते ही कुछ दूरी पर यह मार्केट लगती है।

### मजनू का टीला

आपको बता दें कि दिल्लीवासियों के बीच मजनू का टीला जगह काफी ज्यादा फेमस है। इस स्थान पर एक से बढ़कर एक कई कैफे हैं। जहां पर खाने के लिए बेहद टेस्टी फूड मिलता है। इसके अलावा यह जगह शॉपिंग के लिए भी काफी फेमस है। यहां पर आपको कपड़ों का लेटेस्ट कलेक्शन एकदम किफायती दामों में मिल जाएगा। ऐसे में आप यहां से दिल खोलकर शॉपिंग कर सकती हैं। मजनू का टीला जाने के लिए आपको विधानसभा मेट्रो पर एग्जिट लेना होगा। फिर आगे जाने के लिए आपको मजनू का टीला तक के लिए रिक्शा करना होगा।

# सूखे नींबू को फेंकने की जगह ऐसे करें रियूज

अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है।

नींबू का इस्तेमाल हम सभी अपनी कई डिशेज में करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि अगर ढेर सारे नींबू एक साथ ले आएं तो इससे वे सूखने लगते हैं। इन सूखे हुए नींबू को डिश में इस्तेमाल करने का मन नहीं होता है, इसलिए हम बिना सोचे-समझे इन्हें बाहर कर देते हैं। जबकि वास्तव में ये सूखे हुए नींबू भी कई तरह से इस्तेमाल किए जा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप सूखे हुए नींबू को किस तरह से रियूज कर सकते हैं।

### बनाएं इंफ्यूज्ड वाटर

अगर आपको प्लेन पानी पीना अच्छा नहीं लगता है तो आप सूखे हुए नींबू की मदद से इंफ्यूज्ड वाटर तैयार करें। इसके लिए आप पानी के जार में सूखे नींबू के टुकड़े डालें। साथ ही साथ, आप इसमें अपनी पसंद से कुछ हर्ब्स भी मिलाएं। यह पानी आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में भी मदद करेगा।



### बनाएं साइट्रस ऑयल

साइट्रस ऑयल बनाने के लिए सूखे हुए नींबू या फिर उसके सूखे छिलके को जैतून के तेल के साथ मिलाएं। आप इसे सलाद के लिए ड्रेसिंग या फिर मीट और सब्जियों के लिए मैरिनेड के रूप में उपयोग करें।

### बनाएं होममेड क्लीनर

अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है।

### करें कॉकटेल गार्निश

अपने कॉकटेल को गार्निश करने के लिए आप सूखे नींबू की स्लाइस का इस्तेमाल कर सकते है। वे आपकी ड्रिंक को ना केवल देखने में अट्रैक्टिव लगती है, साथ ही साथ इससे उनका टेस्ट भी काफी अच्छा हो जाता है।

### करें चॉपिंग बोर्ड की क्लीनिंग

चॉपिंग बोर्ड का इस्तेमाल यूं तो हम सभी हर दिन करते हैं, लेकिन अक्सर उसकी क्लीनिंग पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। जिसके कारण चॉपिंग बोर्ड जल्द की गंदा नजर आता है। ऐसे में उसे दोबारा अच्छी तरह क्लीन करने के लिए सूखे हुए नींबू का इस्तेमाल करें। आपको बस इतना करना है कि आप सूखे हुए नींबू को बीच में से काट लें। फिर उसे चॉपिंग बोर्ड पर रब करते हुए क्लीन करें।

# चश्मे के कवर को इन तरीकों से भी किया जा सकता है इस्तेमाल

अक्सर हम सभी के घर में कई फोन होते हैं और उनकी अलग-अलग चार्जर लीड होती हैं। अमूमन हम उन्हें ऐसे ही इधर-उधर रख देते हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो चश्मे के कवर की मदद से चार्जर लीड को आसानी से आर्गेनाइज करके रख सकती हैं।

आज के समय में हर कोई चश्मे का इस्तेमाल जरूर करता है। जहां कुछ लोग नजर कमजोर होने के कारण चश्मे का इस्तेमाल करते हैं तो कुछ लोगों के लिए यह एक फैशन स्टेटमेंट है। इसलिए, वे सनग्लासेस को अपने लुक का हिस्सा बनाते हैं। आमतौर पर, ये चश्मे किसी बॉक्स में आते हैं। एक समय के बाद जब चश्मा टूट जाता है या फिर खराब व पुराना हो जाता है तो हम उसे बाहर कर देते हैं, लेकिन उसका बॉक्स ऐसे ही रह जाता है। हालांकि, अगर आप चाहें तो इस खराब समझे जाने वाले बॉक्स को भी कई तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस बारे में बता रहे हैं-



### चार्जर लीड को करें आर्गेनाइज

अक्सर हम सभी के घर में कई फोन होते हैं और उनकी अलग-अलग चार्जर लीड होती हैं। अमूमन हम उन्हें ऐसे ही इधर-उधर रख देते हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो चश्मे के कवर की मदद से चार्जर लीड को आसानी से आर्गेनाइज करके रख सकती हैं।

### रखें इयररिंग्स

आप अपनी छोटी-छोटी एक्सेसरीज जैसे इयररिंग्स या रिंग्स आदि को भी इसमें आसानी से रख सकती हैं। इस तरह आपकी एक्सेसरीज ना तो खोएगी और ना ही खराब होगी। इतना ही नहीं, अगर आप इन्हें इस छोटे बॉक्स में रखती हैं तो इससे आपके लिए इसे कहीं पर भी ले जाना काफी आसान हो जाएगा।

### स्टेशनरी आइटम्स

वर्क डेस्क पर हमें कई तरह की स्टेशनरी आइटम्स की जरूरत पड़ती है। अमूमन हम इन्हें डेस्क पर ही रखते हैं, लेकिन अगर आपकी डेस्क छोटी है तो ऐसे में आप उस स्टेशनरी आइटम्स को चश्मे के कवर बॉक्स में रख सकते हैं। यह स्टेशनरी आइटम्स रखने का एक स्पेस सेविंग तरीका है।

### इमरजेंसी सिलाई किट

आप चश्मे के कवर बॉक्स को एक मिनी इमरजेंसी सिलाई किट में बदलें। आप इसमें धागे से लेकर सुइयों, सेफ्टी पिन और कुछ बटनों को रखना चाहिए। इस तरह आप जरूरत पड़ने पर बिना किसी परेशानी के सिचुएशन को हैंडल कर पाएंगे।

# सर्दियों में सिर में खुजली होने के साथ झड़ रहे बाल, अपनाएं ये घरेलू उपाय, बालों में आएगी नई जान

सर्दी के मौसम में ड्राई स्कैल्प होने की वजह से खुजली होने के साथ बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। वहीं बाल भी झड़ने लगते हैं। ऐसे में आप इन घरेलू उपायो को अपनाकर बालों की समस्या को दूर कर सकते हैं।

सर्दियों में हमारे शरीर को अधिक पोषण की जरूरत होती है। क्योंकि इस मौसम में नमी के चलते बालों और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में अगर आप समय रहते इन समस्याओं पर गौर करते हैं, तो यह समस्या अधिक गंभीर नहीं होंगी। सर्दी के मौसम में ड्राई स्कैल्प होने की वजह से खुजली होने के साथ बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं।

साथ ही बालों का झड़ना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आजमाने से आप ड्राई स्कैल्प की समस्या को ठीक कर सकते हैं।

### टी ट्री ऑयल

टी ट्री ऑयल एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसका इस्तेमाल करने से न सिर्फ खुजली दूर होगी। बल्कि स्कैल्प को भी पर्याप्त पोषण मिलेगा। वहीं ड्राई स्कैल्प को पर्याप्त पोषण देने के लिए आप टी ट्री ऑयल में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। फिर इससे स्कैल्प की मसाज करें। वहीं 2 घंटे बीतने के बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धो डालें।

### जोजोबा ऑयल

बता दें कि यह ऑयल बालों की जड़ों को अच्छे से मॉइस्चराइज करता है। जिससे ड्राई स्कैल्प और खुजली की समस्या कम होती है। इसके लिए आप जोजोबा ऑयल से हल्के हाथों से अपनी स्कैल्प पर मसाज करें। फिर इसे 2 घंटा या फिर रातभर के लिए लगा रहन दें।



अगली सुबह माइल्ड शैंपू से बालों को धो डालें।

### कोकोनट ऑयल

बालों के लिए नारियल का तेल काफी फायदेमंद माना जाता है। इस तेल से स्कैल्प की ड्राइनेस और डैंड्रफ की समस्या दूर हो सकती है। इसके लिए आप नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर स्कैल्प पर अप्लाई कर मसाज करें।

अरंडी का तेल

स्कैल्प की ड्राईनेस कम करने में अरंडी का तेल यानी कैस्टर ऑयल भी आपकी मदद कर सकता है। इस तेल को एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। अगर आर बेहतर रिजल्ट चाहते हैं, तो सप्ताह में करीब 2 बार इसका इस्तेमाल जरूर करें।

### जैतून का तेल

यह तेल आपके ड्राई स्कैल्प को हील करने में सहायक होता है। इससे न सिर्फ स्कैल्प मॉइस्चराइज होता है, बल्कि खुजली की समस्या भी दूर होती है। इसलिए ऑलिव ऑयल को हल्का गुनगुना कर स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर करीब 2 घंटे बाद किसी माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें।

# समान रूप से विकास चाहती है राज्य सरकार: धामी

## प्रत्येक बैंक ब्रांच को एक निश्चित टारगेट के साथ काम करना होगा

**प्रक्रिया**

**नाबार्ड के तत्वावधान में आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि किया प्रतिभाग**

एजेंसी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नाबार्ड के तत्वावधान में एक स्थानीय होटल में आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्टेट फोकस पालिसी पेपर 2024-25 का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में कृषि, बागवानी तथा छोटे और मध्यम क्षेत्र के उद्योगों के विकास के लिए नाबार्ड ने इस वर्ष चालीस हजार करोड़ रूपये की ऋण योजना तैयार की है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में साढ़े तैतीस प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे छोटे किसानों तथा छोटे व मझौले उद्योगों में लगे लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि इस ऋण व्यवस्था की सही निगरानी भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऋण, लोन या क्रेडिट को जरूरतमंद और योग्य लोगों तक सरलता से पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका बैंकों की है। बैंकों को ध्यान देना होगा कि जरूरतमंद और योग्य लोगों को ऋण सम्बन्धित औपचारिकताओं के लिए अनावश्यक न भटकना पड़े। इसके लिए बैंकों को मिशन मोड पर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान कर रही है। उन्होंने नाबार्ड के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश की महिलाओं हेतु विशेष योजना प्रारंभ करें ताकि महिलाओं को भी इन योजनाओं का अधिक लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उन्होंने टिहरी जिले की लाभार्थी महिलाओं से संवाद किया। उनके द्वारा बताया गया कि सशक्त बहना उत्सव योजना से विपणन में उन्हें काफी मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की योजनाओं के लिए बैंकों से ऋण लेने के लिए सरलीकरण होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई बार देखा गया है कि जो लोग वास्तव में कुछ करना चाहते हैं वे कई बार लोन लेने से वंचित रह जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन रोकने हेतु पलायन निवारण आयोग का गठन किया। उन्होंने आह्वान किया कि पर्वतीय क्षेत्रों में ऋण आवंटन हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। ऋण जरूरतमंद लोगों को आसानी से मिल सके, इसके लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। इस कार्य में बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर्स पलायन की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है, बैंक भी इस कार्य में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि नाबार्ड की ऋण योजना के आवंटन के लिए प्रत्येक बैंक ब्रांच को एक निश्चित टारगेट के साथ काम करना होगा।

# भूपेंद्र का उपयोग करने की तैयारी में भाजपा

**सुनवाई**

**मंत्रियों के स्टॉफ पर आरएसएस-भाजपा की पैनी नजर**

एजेंसी



**भोपाल।** बुंदेलखंड के सागर जिले के दो दिग्गज गोपाल भार्गव और भूपेंद्र सिंह इस बार राज्य मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए गए, लेकिन भाजपा नेतृत्व इन्हें महत्वपूर्ण भूमिका में लाने की तैयारी में है। गोपाल की अपनी पहचान है जबकि भूपेंद्र को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का खास माना जाता है। लोकसभा चुनाव की दृष्ट से देखें तो दमोह सीट से सांसद रहे प्रहलाद पटेल अब नरसिंहपुर से विधायक हैं और सरकार में मंत्री। टीकमगढ़ से सांसद और केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार का टिकट इस बार कट सकता है। खजुराहो से सांसद प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भोपाल सीट से लड़ने के इच्छुक बताए जाते हैं। सागर सांसद राजबहादुर सिंह को भी शायद ही फिर टिकट मिले। ऐसे में पार्टी नेतृत्व गोपाल और भूपेंद्र का उपयोग कर सकता है। खबर है कि भूपेंद्र को दिल्ली बुलाया गया है। वे दिल्ली पहुंच रहे हैं। भूपेंद्र के अचानक दिल्ली दौरे के कारण मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का खुरई दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है। वे 15 जनवरी को खुरई जने वाले थे। इधर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भूपेंद्र को बुंदेलखंड की चारों लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी बनाया जा सकता है। दूसरी तैयारी गोपाल भार्गव को लोकसभा का चुनाव लड़ाने की है। यदि योजना ठीक रही तो लोकसभा चुनाव के बाद भूपेंद्र राज्य मंत्रिमंडल और गोपाल सांसद बनने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 13 जनवरी को अपने कार्यकाल का एक माह पूरा कर लिया। इस दौरान गुना कांड पर कार्रवाई और ड्राइवर को अपमानित करने वाले शाजापुर कलेक्टर के खिलाफ एक्शन से वे अपने काम की दिशा का संकेत देने में सफल रहे।

## क्विक न्यूज

### सोनपुर के सैदपुर पंचायत में मोदी सरकार की गारंटी रथ पहुंची

**पटना।** सोनपुर प्रखंड के खरिका, चतुरपुर, गोविंदचक तथा सैदपुर पंचायत में मोदी सरकार की गारंटी रथ पहुंची। जिसमे केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में डिजिटल माध्यम से बताया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के पहल पर आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और गैस पाइपलाइन का रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही साथ स्वास्थ्य जांच शिविर और बैंक खाता खोलने का भी काउंटर लगा था। इस कार्यक्रम का लगभग 200 लोगों ने लाभ उठाया। मुख्य रूप से विधायक मंटू सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह भाजपा नेता बिनोद सम्राट प्रदेश मिडिया प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम मे मोदी सरकार की योजना को विस्तार से बताया इस अवसर पर धूप शर्मा राजीव मुनमुन ब्रजेश सिंह उपस्थित रहे।

### पंजाब में कड़ाके की ठंड, कई जिलों में मौसम विभाग का रेड अलर्ट

**चण्डीगढ़।** पंजाब में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जिलों में मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं अगले 24 घंटों में यानी कि 16.1.24 (दोपहर 3.30 बजे) तक पंजाब के अधिकांश स्थानों पर घने कोहरे के साथ शीत दिवस की स्थिति होने की संभावना है। पंजाब एसडीएमए ने लोगों को ठंड से बचने के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। पंजाब एसडीएमए ने कहा कि कड़ाके की ठंड में बच्चों और बुजुर्गों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहें, कोहरे के दौरान यात्रा कम से कम करें और पर्याप्त सर्दी के कपड़े पहने। अगर आपको बुखार, सिरदर्द और सर्दी के साथ सांस लेने में दिक्कत महसूस हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। अंगीठी व हीटर का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें, क्योंकि इनसे आमतौर पर ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।

# गंगा और मही नदी के संगम स्थित डुमरी में भव्य गंगा आरती का हुआ आयोजन

**आयोजन**

**भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है सारण कि भूमिका**

एजेंसी

**पटना।** सारण लोकसभा क्षेत्र के हासिलपुर पंचायत के बभनगांवा मे पतित पावनी गंगा और मही नदी का पवित्र संगम है। सोनपुर के डुमरी में आज सोमवार 15 जनवरी को डॉ पंकज कुमार सिंह के द्वारा गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे बड़ी संख्या मे श्रद्धांलुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजन मे मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रूडी ने शिरकत की। गौरतलब है कि सारण में बाभनगांव घाट पर गंगा आरती का विशेष रूप से आयोजन प्रतिवर्ष 15 जनवरी को किया जाता है।

इस अवसर पर सांसद रूडी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि प्राचीन काल से हीं इस संगम की सांस्कृतिक महत्ता रही है। हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालु इस पवित्र संगम मे डुबकी लगाते है और भगवान सूर्य की आराधना करते है। सारण कि भूमि भारतीय संस्कृति मे महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सभी युग मे महर्षि सारण्य की इस भूमि की महत्ता रही है। उन्होंने कहा कि सारण में हीं तीन नदियों का प्रत्यक्ष संगम है। यह क्षेत्र परम तीर्थ है जिसका जिक्र रामायण, रामचरित मानस व कई पुराणों में मिलता है। विदित हो कि आज मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा आरती का आयोजन किया गया साथ हीं अयोध्या मे भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम भजन का भी आयोजन किया

## पूरी दुनिया को है 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार

**लुधियाना।** स्व. सतपाल गोसाईं के पौत्र व पंजाब भाजपा प्रवक्ता अमित गोसाईं ने आज कहा कि भारत ही नहीं ब्लकि पूरी दुनिया 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार कर रही है। पिछले दिनों अयोध्या में प्रधानमंत्री मोदी जी ने 15,700 करोड़ के 46 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया था क्योंकि 2.77 एकड़ में श्री राम मंदिर बनने के बाद अयोध्या में करोड़ों श्रद्धालु आयेंगे इसलिए अयोध्या को स्मार्ट शहर बनाया जा रहा है। गोसाईं ने कहा कोई भी देश हो अगर उसे विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचना है तो , उसे अपनी विरासत को संभालना ही होगा। गोसाईं ने कहा कि इस वर्ष भारत के लोग तीन दिवाली मनाएंगे, एक राम मंदिर शिलान्यास वाले दिन, दूसरा नवंबर को दिवाली वाले दिन और तीसरा जब मोदी जी दोबारा देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

# दुष्कर्म-हत्या के बाद चुपचाप दफना दी गई थी लड़की, पुलिस ने कब्र से निकाला शव

एजेंसी



**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिला अंतर्गत गुआ थाना क्षेत्र के काशिया-पेचा गांव में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद गांव के कुछ दबंग लोगों ने उसकी मां पर दबाव डालकर वारदात के बारे में न सिर्फ पुलिस को सूचित करने से रोका, बल्कि शव को भी चुपचाप दफन करने पर मजबूर कर दिया।

वारदात के एक हफ्ते के बाद लड़की की मां ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने लड़की का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिस लड़की की हत्या हुई, उसके पिता एक मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें गांव में बेटी की हत्या कर उसे दफन कर दिए जाने की जानकारी तीन-चार दिनों के बाद हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को कहा। बताया गया कि लड़की 3 जनवरी को दोपहर लगभग एक बजे गांव के समीप बांगुरकिया जंगल में मवेशी चराने गई थी। वह वापस जंगल से नहीं लौटी तो उसकी मां, परिजन और ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। 7 जनवरी को उसका शव गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में संदिग्ध स्थिति में मिला। उसके मुंह और गले में कपड़ा लपेटा गया था। सिर पर भी जख्म था। गांव के लोग खुद उसका शव उठाकर लाए। लड़की की मां ने पुलिस को सूचना देनी चाही, लेकिन उसे कुछ दबंग लोगों ने रोक दिया। इसके बाद उसका शव दफना दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया है।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड गरीबी रेखा से बाहर आए

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सोमवार को जारी एक परिचर्चा पत्र में कहा गया है कि भारत पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ आबादी को बहुआयामी गरीबी' से बाहर निकालने में सफल हुआ है। आयोग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 2005-06 से भारत में बहुआयामी गरीबी' शीर्षक वाले चर्चा पत्र का निष्कर्ष है कि 2013-14 से 2022-23 के बीच देश में कुल 24 करोड़ 82 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इस चर्चा-पत्र के अनुसार यह सफलता गरीबी के सभी पहलुओं से निपटने के लिये केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों के चहले प्राप्त हुई है। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है।

## आइसलैंड में फटा ज्वालामुखी, शहर की तरफ बढ़ रहा है बहता हुआ लावा

**आइसलैंड।** दक्षिण पश्चिम आइसलैंड में रविवार को एक ज्वालामुखी फट गया। ज्वालामुखी का पिघला हुआ लावा दोपहर तक एक छोटे से मछली पकड़ने वाले शहर के बाहरी इलाके में पहुंच गया, जिससे कुछ घर जल गए। हालांकि शहर को पहले ही खाली करा लिया गया था और जिसकी वजह से किसी भी व्यक्ति को कोई भी खतरा नहीं था। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। दैनिक मोर्गनब्लैडिड द्वारा प्रकाशित लाइव वीडियो में दिखाया गया है कि ग्रिंडाविक शहर तक फैले एक विस्तृत क्षेत्र में पिघली हुई चट्टान के फव्वारे और जमीन में दरारों से धुआं निकल रहा है। ग्रिंडाविक शहर के बारे में बताया जा रहा है कि वहां एक घर में आग लग गई थी। आइसलैंड के राष्ट्रपति गुडनी जोहानसन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, किसी की भी जान को इस ज्वालामुखी के कारण खतरा नहीं पहुंचा है।

# भारतीय मूल के एक व्यक्ति सहित दो लोगों को मिली ब्रिटेन में जेल की सजा

**सजा**

**सिख महिला की हत्या के मामले में थे आरोपित**

एजेंसी



**लंदन।** ब्रिटेन में एक भारतीय मूल के व्यक्ति सहित दो लोगों को 81 वर्षीय एक सिख महिला की हत्या करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई गई है। एक मीडिया रिपोर्ट ने इसकी जानकारी दी। बता दें कि 13 नवंबर, 2022 को वेस्ट मिडलैंड्स काउंटी के राउली रेजिस में ओल्डबरी रोड पर एक वाहन की चपेट में आने से 81 वर्षीय सुरिंदर कौर की मृत्यु हो गई थी।

खबर में पुलिस के हवाले से बताया गया कि अर्जुन दोसांझ (26) और जैकेक वियात्रोवस्की (51) एक दूसरे को नहीं जानते थे लेकिन ट्रैफिक सिग्नल पर मिलने के बाद उन्होंने दौड़ (रेस) लगाने का फैसला किया। खबर के मुताबिक, दोनों वाहन चालक तय सीमा से कहीं अधिक गति से वाहन चला रहे थे।

सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, बीएमडब्ल्यू कार चला रहे वियात्रोवस्की ने सुरिंदर कौर को सड़क पार करते देख तुरंत ब्रेक लगाया और वह बाल बाल बच गईं। लेकिन दोसांझ ने अपने वाहन को सड़क की गलत दिशा में मोड़ दिया। वह बीएमडब्ल्यू को टक्कर मारने से बच गया लेकिन उसने सुरिंदर कौर को टक्कर मार दी।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वॉल्वरहैम्प्टन क्राउन कोर्ट में पिछले सोमवार को वियात्रोस्की और दोसांजिह को छह साल की कैद की सजा सुनाई गई और आठ साल के लिए गाड़ी चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

## भारत-बांग्ला देश सीमा पर बीएसएफ जवान ड्यूटी के दौरान शहीद

**जींद।** भारत-बांग्ला देश की सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल जवान सत्यवान ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। 48 वर्षीय सत्यवान 90वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल रूपनगर कूच बिहार पश्चिम बंगाल में सत्यवान तैनात थे। मिली जानकारी के अनुसार 12 जनवरी की रात 12 बजे सत्यवान शहीद हो गए। हलांकि उनकी मौत किस वजह से हुई है, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक नहीं है। मुख्य आरक्षक सत्यवान सिंह का पार्थिव शरीर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान संख्या 6 ई-5249 से दिनांक 14 जनवरी 2024 को दोपहर 12¬15 बजे पहुंचा। आज सत्यवान का पार्थिव शरीर उनके गांव मोहनगढ़ छापड़ा में अंतिम संस्कार के लिए लाया गया। सत्यवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां अंतिम दर्शन के बाद शस्त्रों की सलामी देकर अंतिम संस्कार किया गया।

# ईरानी कोर्ट ने नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी की सजा और बढ़ाई

**गतिविधिया**

**मोहम्मदी को तेहरान से निर्वासित किया गया**

एजेंसी



**दुबई।** ईरान की एक अदालत ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को अतिरिक्त 15 महीने की सजा सुनाई है। यह सजा देश के खिलाफ अफवाह फैलाने के आरोप में दी गई है। वह पहले से ही जेल में बंद हैं। मोहम्मदी के परिवार की ओर से इंस्टाग्राम पर दी गई जानकारी में कहा गया है कि नई सजा 19 दिसंबर को सुनाई गई थी।

इस दौरान मोहम्मदी ने कोर्ट में उपस्थित होने से इनकार कर दिया था। फैसले में यह भी कहा गया कि अपनी सजा पूरी करने के बाद दो साल के लिए मोहम्मदी की विदेश यात्रा पर भी प्रतिबंध रहेगा और उस अवधि के लिए राजनीतिक और सामाजिक समूहों में सदस्यता और मोबाइल फोन रखने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

मोहम्मदी को तेहरान से भी निर्वासित कर दिया गया है। इसका अर्थ है कि संभवत¬ईरान के किसी अन्य प्रांत में नई सजा काटनी होगी। मोहम्मदी को तेहरान की कुख्यात एविन जेल में रखा गया है, जहां वह सत्तारूढ़ व्यवस्था के खिलाफ प्रचार करने, जेल में अवज्ञा और अधिकारियों की मानहानि के लिए 30 महीने की सजा काट रही हैं।

# श्रीलंका ने अपने जल क्षेत्र में 10 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**प्रयोग**

**श्रीलंका ने 2023 में 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया**

एजेंसी



**कोलंबो।** श्रीलंका ने अपने जल क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों की नावों को भी जब्त कर लिया। मछुआरों को पकड़े जाने की घटना दो दिन पहले की है। श्रीलंका ने एक आधिकारिक बयान जारी करके में सोमवार को इस बात की जानकारी दी। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि मछुआरों को रविवार को जाफना के प्वाइंट पेड्रो के उत्तर से गिरफ्तार किया गया और उनके ट्रॉलर को जब्त कर लिया गया। बयान में कहा गया है कि पकड़े गए दस मछुआरों को कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

इससे पहले शनिवार को श्रीलंका जल क्षेत्र में कथित तौर से अवैध शिकार करने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया था। श्रीलंका नेवी ने मछुआरों के तीन ट्रॉलर भी जब्त कर लिए थे।

बता दें कि मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा बना रहा है। यहां तक कि श्रीलंका की नौसेना ने पाल्क स्ट्रेट में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया।

# टोक्यो से कोरिया जा रहे विमान में लगी आग

## 122 यात्री बाल-बाल बचे, पक्षी के टकराने के चलते हुआ हादसा

एजेंसी



**टोक्यो।** टीवे एयर की फ्लाइट बोइंग 737-800 के यात्रियों की जान उस वक्त बन आई, जब पक्षी के टकराने के चलते हवाई जहाज के इंजन में आग लग गई। गौरतलब है कि इस जहाज में 122 लोग यात्रा कर रहे थे। यह हवाई जहाज साउथ कोरिया जा रहा था, तभी अचानक इससे पक्षी टकरा गया। गनीमत की बात है कि हवाई जहाज में मौजूद सभी यात्री सुरक्षित हैं। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डे पर उतरने से पहले हुई थी।

स्थानीय न्यूज एजेंसियों के मुताबिक, आग लगते हुए विमान की आनन-फानन में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि हवाई जहाज आग की लपटे के साथ उड़ रहा था। जहाज की रफ्तार तेज होने के कारण आग की लपटे पिछले हिस्से तक जा पहुंची थी। पायलट ने बड़ी सूझबूझ के साथ यात्रियों और क्रू मेंबर्स ने इंचियोन हवाईअड्डे में उतरने के बजाए फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिग कराई थी।

हवाई जहाज में आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फ्लाइट में सवार यात्रियों ने लैंडिंग के बाद अपनी आपबीती सुनाई। एक यात्री ने कहा कि उस दौरान मेरे हाथ कांप रहे थे, मैं अपने परिवार तक को एक शब्द बोलने में असमर्थ हो गया था। मैं पूरी तरह से डर गया था। ऐसा लगा कि मौत हमारे सामने हैं। आग की लपटों को देखकर तो लग रहा था कि हम बच नहीं पाएंगे।

## संदिग्ध फलस्तीनी ने तेज रफ्तार कार से 13 लोगों को कुचला, हालत गंभीर, आरोपी हेब्रॉन शहर से गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इस्राइल में संदिग्ध फलस्तीनी ने 13 लोगों को तेज रफ्तार कार से कुचल डाला। हादसे में 13 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। मौका-ए-वारदात पर पहुंचे सुरक्षाबलों ने बताया कि हमला या हादसे के कारणों की सटीक जानकारी नहीं है। जांच जारी है। आरोपी को हादसे के बाद गिरफ्तार भी कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

कार से कुचले गए लोगों के बारे में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक इस्राइली फॉरेंसिक टीम ने रानाना शहर में हुए हादसे के बाद घटनास्थल से अहम सबूत जमा किए। इस्राइली पुलिस ने बताया कि उसके कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीनी शख्स की तरफ से किए गए संदिग्ध कार हमले में 13 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक चोरी के वाहन में सवार संदिग्ध कार की गति पर कंट्रोल नहीं कर पाया। तेज रफ्तार कार में सवार इस शख्स ने कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में बुरी तरह घायल एक महिला क मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कार में सवार संदिग्ध हमलावर हेब्रॉन शहर से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इस्राइल और हमास का हिंसक संघर्ष विगत सात अक्तूबर से शुरू हुआ। इस्राइल हमास को आतंकी संगठन घोषित कर चुका है। इस हिंसक संघर्ष में अब तक 24 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुक है। इस्राइली सेना गाजा में हमास के आतंकी ठिकानों को लगातार निशाना बना रही है। इस्राइली सेना के मुताबिक उसके 1200 से अधिक सैनिकों / नागरिकों की मौत हो चुकी है। जवाबी कार्रवाई के दौरान 22 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

# डाक्टर की हत्या करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जलालपुर पुलिस ने डा0 तिलकधारी पटेल की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्त महेश सोनकर व किशन सिंह को मय आला कतल एक पिस्टल मय चार जिन्दा कारतूस, एक मोटर साइकिल के साथ किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर, डॉ0 अजय पाल द्वारा अपराध व अपराधियों एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर,डा0 बृजेश कुमार गौतम के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत, गौरव शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना जलालपुर की टीम द्वारा डा0 तिलकधारी पटेल की हत्या के मुकदमे का सफल अनावरण किया गया। प्रभारी निरीक्षक जलालपुर राजेश यादव मय हमराह के क्षेत्र में रवाना होकर संदिग्ध व्यक्ति वाहन की चेकिंग पतारसी सुरागरसी वांछित अभियुक्त मे मामूर थे कि जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की डा0 तिलकधारी पटेल के हत्या में शामिल अभियुक्त महेश सोनकर पुत्र भोला सोनकर नि0 लालपुर थाना जलालपुर, जौनपुर सीतमसराय की तरफ से कुसिया नहर के रास्ते मोटर साइकिल से हाइवे की तरफ आ रहा है। इस सूचना पर विश्वास करके प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस टीम के भवनाथपुर नहर पुलिया के पास से रविवार की रात्रि में एक अभियुक्त को पकडा गया, जिसका नाम पता पूछते हुए जामातलाशी ली गयी तो अपना नाम महेश सोनकर पुत्र भोला सोनकर नि0 लालपुर थाना जलालपुर, जौनपुर बताया जिसके कब्जे से एक पिस्टल मय चार जिन्दा कारतूस व एक मोटर साइकिल लूट की सुपर स्पलेण्डर काले कलर की बिना नेम प्लेट की बरामद हुई। तत्पश्चात् अभियुक्त महेश सोनकर के बताये अनुसार स्थान दरवेशपुर हाइवे पुल अण्डरपास से एक अभियुक्त किशन सिंह पुत्र सुशील सिंह उर्फ बबलू नि0 कसेरूपुरेदयाल थाना सुरेरी, जौनपुर (श्री कृष्णा बाल केयर चिकित्सालय, जलालपुर के संचालक) को गिरफ्तार किया गया।

उक्त हत्या की घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पूर्व में मु0अ0सं0- 02/24 धारा 302/34 भादवि व 3/25 शस्त्र अधि0 का अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के मद्देनजर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दिलीप तिवारी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ छेत्र ट्रस्ट को सौंपे एक लाख मास्क

**जौनपुर।** मिशन जिंदगी फाउंडेशन के संस्थापक दिलीप तिवारी ने रविवार की शाम अयोध्या धाम पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ छेत्र ट्रस्ट के चंपत राय के वरिष्ठ सहयोगी कार्यवाहक विजेंद्र को सौंपे एक लाख मास्क। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होने के पूर्व यह मास्क मन्दिर ट्रस्ट से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं ,सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिया गया है।वही समाजसेवी दिलीप तिवारी ने बताया कि आगे भी पांच लाख बॉक्स सर्जिकल ग्लब्स संस्था के सहयोग से ताइवान से मगाया गया है जिसे जल्द ही मन्दिर ट्रस्ट को सौपा जाएगा मंदिर ट्रस्ट की बैठक के दौरान दिलीप तिवारी ने जानकारी दी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व जल्द ही सर्जिकल ग्लब्स मन्दिर ट्रस्ट को सौंपी जाएगी।

# एक सप्ताह पूर्व दबंगों द्वारा मारपीट में वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर(खुटहन)** भटपुरा गांव में एक सप्ताह पूर्व शराब के नशे में कुछ दबंगों ने एक परिवार के सात लोगों को लाठी डंडा से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया था जिसमें बृद्ध जिसका उपचार ट्रामा सेंटर में चल रहा था स्थिति गम्भीर हो गया और रविवार को हास्पिटल में ही उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं राजेश कुमार बिन्द का आरोप है कि शाम को जब हम लोग खाना खा कर सो रहे थे तभी अरविंद कुमार शराब के नशे में भद्दी भद्दी गालियां देने लगा और जब उसको हम लोग मना करने लगे तो मारपीट करने लगा। तभी दस की संख्या में उसके परिवार के लोग लाठी डंडा, कुल्हाड़ी लेकर आये और परिवार के सभी लोगों को मारने लगे वहीं विस्तर पर सो रहे 80 वर्ष के बृद्ध धनई बिन्द व उनके पुत्र राजेश , धर्मेंद्र, अभिषेक,अमित बृद्ध पत्नी कैलाशी व पुत्र बधु अनीता पर हमला करके बहुत बुरी तरह से घायल कर दिये जिसमें बृद्ध धनई बिन्द का उपचार के दौरान मौत हो गई मौत की सूचना पाते पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई।

## भारत संकल्प यात्रा में किसानों को किया गया सम्मानीत



**आजमगढ़।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा आज सदर विधानसभा के करनपुर गांव में पहुंची कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा मिथिलेश चौरसिया जी द्वारा लाभार्थियों को किसान सम्मान निधि देकर लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश चौरसिया ने कहा कि मोदी जी की गारंटी है संकल्प है की भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ निचले पायदान पर खड़ी हमारी जनता को सभी लाभ मिलना चाहिए इसलिए यह विकसित भारत संकल्प यात्रा आप लोगों के बीच में आई है सभी अधिकारी विभागों के आपके गांव आपके द्वारा आए हैं जिन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है वह लोग संबंधित विभाग के अधिकारी के पास जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराए।

## राष्ट्रनायक श्री राम पर मुक्त वि.वि. में संगोष्ठी आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की व्यावसायिक अध्ययन विद्या शाखा के तत्वावधान में मंगलवार 16 जनवरी 2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे गंगा परिसर में मीडिया सेंटर के समीप मुक्तांगन में सामाजिक समरसता और राष्ट्र नायक श्री राम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी ने चलाया सफाई अभियान

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** विकास खण्ड सिरकोनी के खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने सफाई अभियान का शुभारंभ किया और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को अपने साथ लेकर साफ सफाई की , तथा माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार की मंशा के अनुरूप 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी स्कूलों, शिक्षण संस्थाओं, सरकारी कार्यालयों और सामान्य संसाधन केंद्र पर सफाई अभियान की शुरुआत की गई है ,जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के अनुसार जनपद के सभी खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी सफाई अभियान में बढ़कर चढ़कर भाग ले रहे हैं तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने कहा की हमे अपने आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए, तथा सफाई अभियान के इसी क्रम में प्लास्टिक, कचरा मुक्त कार्यालय और उसके आसपास के क्षेत्र को बनाने के उद्देश्य सफाई अभियान चलाया गया है ,जिसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित होकर सफाई अभियान में भाग ले रहे हैं ,इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह, विद्या प्रकाश सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, नीतीश कुमार,आदि लोगो ने सफाई अभियान में भाग लेकर अपने कार्यकाल व उसके आस पास के क्षेत्रों को कचरा मुक्त किया।

## महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मना सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन

**आज़मगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के नेता सांसद मैनपुरी का जन्मदिन महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर 11 किलो का केक काटकर सैकड़ों महिला एवम पार्टी के पदाधिकारियों ने श्रीमती डिंपल यादव को दीर्घायु होने की बधाइयां दी। कार्यक्रम की आयोजन समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव सुनीता सिंह ने कहा कि कि आज श्रीमती डिंपल यादव के जन्म दिवस को हम लोग संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं और यह संकल्प ले रहे हैं कि आने वाले लोकसभा 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी को प्रचंड बहुमत दिलाएंगे और इस तानाशाही सरकार को हटाने का काम महिलाएं करेगी।

# राममय हुआ जौनपुर, मंदिरो में शुरू हुआ राजा राम का गुणगान

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा जनपद राम मय हो गया है। रामोत्सव- 2024 के द्वितीय दिन भी सभी प्रमुख मंदिरो में भजन कीर्तन व रामायण पाठ जारी रहा। संस्कृति विभाग के सहयोग से सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारो ने अपने आवाज के जादू से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया।

जनपद में समस्त प्रमुख श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिर तथा वाल्मीकि मंदिरों में रामकथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम कराए जाने है। इस क्रम में जनपद के तहसीलवार चयनित मंदिरों में सूचना विभाग तथा संस्कृति विभाग के



पंजीकृत कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन रामकथा आदि कार्यक्रम की शुरुआत मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी से ही हो गई है।

जिला प्रशासन द्वारा मंदिरो की साफ सफाई के साथ ही सजावट का काम किया गया। राम अभिलाख यादव द्वारा तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर बदलापुर, चिंटू सरगम राम जानकी मंदिर सरोखनपुर में, अब्दुल रशीद और पार्टी द्वारा श्री राम जानकी मंदिर मडियाहू, सोनम सरोज एंड पार्टी द्वारा रामेश्वर धाम मंदिर तहसील सदर, सहित योगेंद्र नाथ चौबे, जगदीश यादव, नरेंद्र बहादुर, अर्पित लोक दल आदि पंजीकृत गायकों ने जनपद के विभिन्न प्रमुख मंदिरो में अपनी मनमोहक प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और माहौल को आध्यात्मिक कर दिया। सभी राम मंदिर, हनुमान मंदिर एवं वाल्मीकि मंदिरों में कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं दैनिक रूप से संपादित हो रहे कार्यक्रमों के फोटोग्राफ व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजने के साथ ही पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं तथा संबंधित ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद मंदिर में पूजा पाठ, भजन कीर्तन, भोज कार्यक्रम प्रसाद वितरण एवं मंदिरों के साथ समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं।

# लायंस स्पोर्ट्स में हुई मस्ती




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रयागराज के सदस्यों द्वारा अग्रसेन इंटर कॉलेज में स्पोर्ट्स आयोजन जोन एवं रीजन चेयरपर्सन द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष लायन जे एन श्रीवास्तव रहे।

लायन रागिनी चंदेल ने डांस गेम कराया। इस कार्यक्रम में लायंस क्लब प्रयागराज गौरव ने भी सहभागिता की जिसमें लायंस पुष्पेंद्र सिंह ने सभी सदस्यों को अपनी तरफ से सफेद टी-शर्ट वितरित की। जिसको पहन कर सभी सदस्य खेल प्रतियोगिता में शामिल हुए। ड्रेस पहनकर सभी सदस्य बहुत खुश हुए और खेल प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिसमें कई सदस्यों ने खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्पोर्ट्स में संध्या केसरी, डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह, डॉक्टर आरके सिंह और हिमांशु गुप्ता ने क्रिकेट मैच में लगातार चार चौके और दो छक्के लगाकर सभी क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। क्रिकेट के कप्तान लायन उदय चांदनी के साथ बीरेन्द्र जायसवाल, जगमोहन अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, डॉ आर के सिंह, सुनील गुप्ता, विशाल खरे आदि ने जोरदार बैटिंग की। 7 ओवर के मैच में पूर्व मंडल अध्यक्ष लायन वीरेंद्र गोयल की टीम विनर हुई। लायन सतीश टंडन ने पेपर रेस में प्रथम स्थान, डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह एवं डॉक्टर आरके सिंह बैलून गेम प्रथम, संध्या केसरी म्यूजिकल चेयर आदि गेम कराए। जिसमें लायन सीमा सिंह, श्याम केसरी लायन शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, ऋषि ईरा सेठी, लाला भैया, डॉ आशीष त्रिपाठी, डॉ शशि आशुतोष, नीलम गुप्ता, प्रज्ञा प्रणव पार्थ, अर्णव आदि लोग विनर रहे।

# संगम में लाखों भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी, किया दान पुण्य

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माघ मकर गत रबि जब होई। तीरथ पतिहिं आव सब कोई॥ देव दनुज किंनर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनीं।। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सोमवार को संगम घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया और पूजा पाठ कर अन्न, खिचड़ी का दान किया। शनिवार की रात से ही संगम मे स्नान करने वाले श्रृद्धालुओ की भीड़ आना शुरु हो गयी। दो दिन मकर संक्रांति पड़ने के कारण श्रृद्धालुओ ने रविवार और सोमवार को भी गंगा स्नान किया। मेले में लाखो की भीड़ मौजूद रही। सुरक्षा की दृष्टि से उप महानिरीक्षक मेला लगातार फोर्स के



साथ गश्त पर रहे। प्रशासन के अनुसार शाम 6:00 बजे तक 20 लाख से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। सोमवार को भी मकर संक्रांति होने के कारण मेले में स्नान करने वालो की भारी भीड़ रही। रात से ही कड़ाके की ठंड और पछुआ हवा चलने के बावजूद स्नान करने वालों के पग नही रुके। वह गंगा स्नान पथ लिए आगे बढ़ते रहे। सुबह चार बजे से ही संगम में स्नान करने वाले पहुंच रहे थे। संगम, राम घाट, किला घाट, काली घाट के साथ दशाश्वमेध घाट पर काफी भीड़ देखने को मिली। जिसके लिहाज से घाटो पर कदे सुरक्षा के इंतजाम किया गये। दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई और मंदिर में पूजन करने पथ बाद अन्न व फल, तिल के लड्डू आदि का दान कर पुण्य अर्जित किया।

### श्रद्धालुओं में दिखा गजब का उत्साह

**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना, अदृश्य सरस्वती की लहरों में पुण्य की डुबकी लगाने का उत्साह देखते बना। संतों की टोलियां भजन-कीर्तन करते हुए निकलीं, तो श्रद्धालु जय श्रीराम और मां गंगा के जयकारे लगाते हुए संगम पर पहुंच रहे थे। मकर संक्रांति को लेकर दूसरे राज्यों से निकले श्रद्धालुओं ने रविवार की भोर से ही संगम में डुबकी लगानी शुरू कर दी। भोर में आस्था पथ पर भक्ति की लहरें हिलोरें मारने लगीं। भगवान सूर्य के उत्तरायण होने का लोगों ने इंतजार नहीं किया। कोहरे के बीच कंपकंपी छुड़ाती सुबह मेंकोहरे की वजह से संगम क्षेत्र में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। बावजूद इसके संगम स्नान के लिए सिर पर गठरी लिए निकले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। काली मार्ग हो या फिर त्रिवेणी मार्ग। हर तरफ से पड़ोसी राज्य के अलावा पूर्वांचल के गांवों, कस्बों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी की पावन धारा में गोता लगाना शुरू कर दिया। संगम नोज पर सर्वाधिक भीड़ रही। कोई लेटते हुए पहुंच रहा था तो कोई ढोल-नगाड़े के साथ नाचते-कीर्तन करते हुए।

# उचित शिक्षा से ही होगा भविष्य का सही निर्माण: धनंजय

- ‘वैश्विक शिक्षा परिवेश में भारत’ विषय पर गोष्ठी और मुशायरा




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** वर्तमान शिक्षा को जारी रखते हुए इसके ढाचे को समझने और इसमें परिवर्तन करने की आवश्यकता है ताकि हमारे बच्चे सही रूप में शिक्षा ग्रहण करें। आज के दौर में हमारे बच्चों को डिग्री लेना सिखाया जाता है, शिक्षा ग्रहण का मतलब ही यही हो गया है। जबकि शिक्षा ग्रहण करने का आशय ज्ञान बढ़ाने से है। परीक्षा पास कर लेने को ही शिक्षा ग्रहण करना बता दिया गया है, जिसकी वजह से हम सही मायने में आगे नहीं बढ़ पाते। आज ज़रूरत इस बात की है कि हम वास्तविक ज्ञान अर्जित करने के उद्देश्य से बच्चों को पढ़ायें। बच्चों को बताया जाए कि वास्तविक शिक्षा ग्रहण करना किसे कहते हैं। यह बात सोमवार को गुफ़्तगू की ओर से आयोजित ‘वैश्विक शिक्षा परिवेश में भारत’ विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अमेरिका के धनंजय कुमार ने कही।

धनंजय कुमार ने कहा कि आज के बच्चे ही उत्तम भविष्य का निर्माण कर सकते हैं यदि उन्हें ‘प्रज्ञालय’ शिक्षा का अवसर प्राप्त हो। मानसिक विकास और दूरदर्शिता, प्रकृति से संयोग और सभी समस्याओं का समाधान खोज लेने की क्षमता ही प्रज्ञालय के माध्यम से चलाई जा रही है।

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में मीडिया स्टडी सेंटर के को-आर्डिनेटर डॉ. धनंजय चोपड़ा ने कहा कि वर्ष 2010 के बाद जिन बच्चों का जन्म हो रहा है, उनके जीवन यापन और शिक्षा का तरीका बदल गया है। इस समय इसी को देखते हुए बच्चों के अंदर शिक्षा की पद्धति को बदलने की आवश्यकता है।

आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री पकज जायसवाल ने कहा कि भारत में बढ़ती जनसंख्या के साथ बच्चों को शिक्षा देने का तरीका बदल रहा है। चित्रों और रेखाचित्रों के माध्यम से बच्चों को समझाना आसान हो गया है।

गुफ़्तगू के अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने कहा कि आज समय में बच्चों का सही मार्गदर्शन करना आवश्यक है, ताकि खुद उस बच्चे के विकास के साथ देश और समाज का बेहतर निर्माण और विकास हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रधानाध्यापिका सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि मैं शुरू से ही बच्चों को मार्गदर्शन करने का काम करती रही हूं। ये बच्चे ही हमारे देश और समाज के भविष्य हैं। अभिभावकों को खुद भी उनके शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, सिर्फ़ स्कूल और अध्यापकों के भरोसे नहीं रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र जय ने किया।

दूसरे दौर में मुशायरे का आयोजन किया गया। अनिल मानव, नरेश महरानी, डॉ. वीरेंद्र तिवारी, धीरेंद्र सिंह नागा, कमल किशोर कमल, शाहिद सफ़र, शकील सिद्दीक़ी आदि ने कलाम पेश कियां।

# माघ मेला: चप्पे-चप्पे पर रही सुरक्षा बलों की नजर

- पुलिस और अर्धसैनिक बलों की रही जबरदस्त निगरानी
- कमांड सेंटर से हो रही लाइव निगरानी



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** माघ मेले के पहले स्नान पर्व मकर संक्रांति को लेकर मेला क्षेत्र में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। संगम क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री का पहरा लगा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर नाकेबंदी की गई है। संगम क्षेत्र में पुलिस, पीएसी व पैरामिलिट्री का द्विस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। जवानों को रविवार से ही मुस्तैद भी कर दिया गया है।

माघ मेले में पुलिस व होमगार्ड के करीब 3500 जवानों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त पैरामिलिट्री को भी तैनात किया गया है। इनमें आरएएफ के जवान भी शामिल हैं। मेला क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर पुलिस व पीएसी जबकि संगम क्षेत्र में आरएएफ के जवानों को मुस्तैद किया गया है। इसके अलावा आतंकवादी निरोधक दस्ते की दो टीमें भी तैनात की गई हैं। मकर संक्रांति से एक दिन पहले रविवार शाम को एटीएस के जवानों ने मेला पुलिस के साथ पूरे क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एंटी सबाटोज टीमों ने भी संवेदनशील स्थलों पर जाकर गहनता से चेकिंग की। डॉ. राजीव नारायण मिश्र, डीआईजी एसएसपी माघ मेला ने बताया कि पहले स्नान पर्व के लिए संगम क्षेत्र में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पहले ही डायवर्जन व पार्किंग प्लान जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में कुल 125 सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल किए गए हैं। इनमें से 52 आउटडोर बॉक्स सर्विलांस कैमरा जबकि 73 आउटडोर पीटीजेड सर्विलांस कैमरे हैं। यह सभी कैमरे आईट्रिपलसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) से जुड़े हुए हैं। जिनसे मिलने वाली फीड के जरिए पूरे संगम क्षेत्र की लाइव निगरानी की जा रही है।

## सर्वधर्म सम्भाव ही हिंदुस्तान की पहचान: श्रीनारायण

**प्रयागराज।** आज अनाम स्नेह परिवार द्वारा बैंक रोड प्रयागराज मे मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा स्नानर्थियों को खिचड़ी खिला कर मकर संक्रांति की शुभकामनायें दिया गया। अनाम स्नेह परिवार के संयोजक बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव ने कहा की गंगा यमुनी तहजीब यही सिखाता है कि सर्वधर्म सम्भाव ही हिंदुस्तान की पहचान है। प्रयागवासियों को चाहिए कि माघमेला मे आने वाले श्रद्धांलुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो खास कर दिव्यांग और बुजुर्गो को इस बात का विशेष ख्याल रखें। खिचड़ी वितरण के अवसर पर बरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार गुफरान खान एवं बरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष राठी, कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्रा, जावेद सिद्दकी, बरिष्ठ समाजसेवीका प्रेमलता शुक्ला, मधू, बरिष्ठ समाजसेविका अनुराधा, प्रशांत कुमार मौर्य, आभा मिश्रा, अनंत कुमार चौधरी, धर्मेंद्र यादव, तरुण कुमार, सुनीता जायसवाल, निशा गुप्ता, श्रद्धा, राधा, सीमा, सुलोचना आदि उपस्थित रहकर सहयोग दिया।

# अम्बेडकर पार्क में मना मायावती का जन्मदिन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का 68वां जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में डा अम्बेडकर पार्क में रविवार को मनाया गया। जन्मदिन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व मुख्य मण्डल प्रभारी डा. बलिराम मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरूण सिंह व संचालन विनोद चौहान ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व मुख्य मण्डल प्रभारी डा. बलिराम ने कहाकि बसपा ने उत्तर प्रदेष में अपनी चार बार की सरकार में सभी वर्गो के लिए काम किया था।

अल्पसंख्यक, मुस्लिम, गरीब, किसान और मेहनतकष लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं। इन योजनाओं को सरकारें नाम और स्वरूप बदल कर अपना बनाने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जातिवादी होने की वजह से यह काम नहीं हो पा रहा है। मुख्य मण्डल प्रभारी हरिश्चन्द्र गौतम ने कहाकि बसपा ही गरीबों, दलितों, वंचितों, अल्पसंख्यकों और सर्व समाज की हितैशी है। बसपा को सत्ता में लाने के लिए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें। कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी पूरी ताकत से निभायें। बसपा में हर वर्ग के लोगों व कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान है। प्रतिनिधि अब्दुल्ला आम चुनाव में बसपा पूरे दमदारी से चुनाव लड़कर केन्द्र की राजनीति करेगी और शोषित वंचितों की लड़ाई लड़ेगी। इस दौरान मुख्य मण्डल प्रभारी चेतई राम, रामविलाष भाष्कार, जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार, अब्दुल्ला, जिला प्रभारी विजय कुमार, डा. गीता जिपं सदस्य, जानेद फराही, तैय्यब, दुर्गा यादव ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर अमरनाथ गौतम मनोज कुमार, जयप्रकाश सहित हजारों लोग उपस्थि रहे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर, आजमगढ़।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सहित राष्ट्रीय पर्व को संपन्न कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह सजग मुबारकपुर थाना परिसर में सोमवार को दिन में 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सहित राष्ट्रीय पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर पीस मीटिंग की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गांव से धर्मगुरु ग्राम प्रधान व सम्मानित व्यक्तियो ने भाग लिया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर शांति के मध्य नजर थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने पीस मीटिंग में सरकार के गाइडलाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न हो तो पुलिस को सूचित करें पुलिस जनता का सहयोग करने के लिए 24 घंटा उपलब्ध है शांति सौहार्द के वातावरण में स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई करें और आपसी स्वभाव एवं भाईचारा के वातावरण को कायम रखें कोई भी ऐसा कृत न होने दे जिस किसी भी प्रकार का विवाद हो सके इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रभूषण पांडेय, एस आई तुलसी प्रसाद, मनोज जायसवाल गोपाल जयसवाल अनिल अग्रवाल विवेक शर्मा राजू गौड़ भाजपा अध्यक्ष सुदामा गौड़ आदि सहित तमाम गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# धावकों ने दिखाया दम, शाह ने मारी बाजी

अवधनामा संवाददाता




**फूलपुर आजमगढ़।** हर साल की भांति इस साल भी मकर संक्रांति पर्व पर रविवार को नवयुवक क्रांति दौड़ प्रतियोगिता दल की ओर से आयोजित अंतर प्रदेशीय दौड़ में 33 जिलों के 465 धावकों ने दौड़ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह यादव डॉक्टर मोहम्मद अजीम वे डॉक्टर मोहम्मद फैसल खान तथा नगर पंचायत अध्यक्ष राम अशीष बरनवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ आसमान में गुब्बारा उड़ा कर किया। क्रांति दौड़ प्रतियोगिता कस्बे के शंकर जी तिराहा से शुरू होकर रोडवेजपशु अस्पताल पुरानी मिर्च मंडी शनिचरा बाजार होते हुए शंकर जी तिराहा पहुंच संपन्न हुआ। जहां धावकों में सबसे आगे रहने वाले20-20 प्रतिभागियों को छांटकर चौथे राउंड में शामिल कर दौड़ी गया। हम आपको बता दें कि पीलीभीत के युनुस शाह ने पहली बाजी मारी। वहीं द्वितीय स्थान पर हापुड़ के अभिषेक सिंह दूसरे और बागपत के आरिफ अली तीसरे स्थान पर रहे। नव युवक विजेताओं को क्रांति दल की तरफसे पुरस्कृत किया गया। तथा बच्चे 57 धावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया वहीं कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार प्रजापति ने किया इस मौके पर अखिलेश सोनकर अभय सिंह लालू बृजेश कुमार संतोष सुरेश सोनकर शीतल अग्रहरी डंपी तिवारी संग आदि लोग उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के नौ साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले, नीति आयोग की रिपोर्ट में किया गया दावा




**नई दिल्ली।** नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए। नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है।

नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए।

उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज (गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत) रही।

नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन सोमवार को नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया। नीति आयोग के इस पेपर के लिए ऑक्सफोर्ड पॉलिसी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने तकनीकी इनपुट प्रदान किए हैं।

नीति आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में बदलावों के आधार पर वंचितों का आकलन किया जाता है। इन्हें विकास के 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित संकेतकों के जरिए मापा जाता है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूलों में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं।

### गिरफ्तार टीएमसी नेता से जुड़े परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले के तहत गिरफ्तार तृणमूल नेता से जुड़े कई परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी ने सेंट्रल कोलकाता के चार परिसरों में छापा मारा। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि सॉल्ट लेक के एक चार्टर्ड अकउंटेंड के आवास पर भी छापेमारी की गई। चौरंगी लेन स्थित एसआर आध्या फाइनेंस में ईडी की रेड जारी है।

ईडी के अनुसार, जहां भी छापेमारी की जा रही है, ये सभी स्थान टीएमसी नेता और बोनगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या से जुड़े हैं। छापेमारी के दौरान केंद्रीय बल को परिसर की निगरानी करते हुए देखा गया। इसी महीने आध्या को उनके परिसर से गिरफ्तार किया गया था। आध्या को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी माना जाता है, जिसे पिछले साल ही राशन वितरण घोटाला मामले के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## देश का निर्यात 1% बढ़कर 38.45 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर के दौरान निर्यात 5.7 प्रतिशत घटकर 317.12 अरब डॉलर रहा। वहीं, आयात 7.93 प्रतिशत घटकर 505.15 अरब डॉलर रहा। दूसरी ओर अदाणी समूह ने सोमवार को कहा कि वह मुंबई के धारावी झुग्गी बस्तियों के पात्र निवासियों को 350 वर्ग फुट के नए फ्लैट की पेशकश करेगा।

सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में देश का निर्यात एक प्रतिशत बढ़कर 38.45 अरब डॉलर हो गया। हालांकि पिछले साल दिसंबर में आयात 4.85 प्रतिशत घटकर 58.25 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर के दौरान निर्यात 5.7 प्रतिशत घटकर 317.12 अरब डॉलर रहा। वहीं, आयात 7.93 प्रतिशत घटकर 505.15 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक नरमी के बावजूद हम सकारात्मक दायरे में हैं।

अदाणी समूह ने सोमवार को कहा कि वह मुंबई के धारावी झुग्गी बस्तियों के पात्र निवासियों को 350 वर्ग फुट के नए फ्लैट की पेशकश करेगा। महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से धारावी झुग्गियों का पुनर्विकास कर रहे अदाणी समूह ने दावा किया



कि झुग्गी पुनर्विकास परियोजनाओं के हिस्से के रूप में पेश की जाने वाली फ्लैट के आकार से यह ÷17 प्रतिशत अधिक÷ है। अदाणी ने एक बयान में कहा नए फ्लैटों में एक रसोई और शौचालय होगा। पहले अनौपचारिक बस्तियों के निवासियों को 269 वर्ग फुट के घर दिए गए थे। 2018 से, राज्य सरकार ने उन्हें 315-322 वर्ग फुट के घर देना शुरू किया। पुनर्विकास क्षेत्र में सामुदायिक हॉल, मनोरंजक क्षेत्र, सार्वजनिक उद्यान, डिस्पेंसरी और बच्चों के लिए डेकेयर सेंटर भी होंगे। पात्र निवासियों का निर्धारण करने के लिए जनवरी, 2000 को कट-ऑफ तिथि मानने का निर्णय लिया गया है। अयोग्य निवासियों को राज्य सरकार के मानदंडों के अनुसार, प्रस्तावित किफायती किराया आवास नीति के तहत आवास प्रदान किया जाएगा। धारावी पुनर्विकास परियोजना एक स्पेशल पर्पस व्हीकल है, जिसे अदाणी समूह और महाराष्ट्र सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में गठित किया गया है। कंपनी ने नवंबर 2022 में एशिया में सबसे बड़े झुग्गी समूहों के पुनर्निर्माण का अनुबंध अपने नाम किया था।

## निसान ने सौरभ वत्स को कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने आज सौरभ वत्स को कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति 15 जनवरी से प्रभावी हो गई है। सौरभ अपनी नई भूमिका में, कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तवको रिपोर्ट करेंगे और कंपनी को भारत में अपनी भविष्य की योजनाओं के मद्देनज़र मौजूदा ट्रांसफार्मेशन प्लान को लागू करने में सपोर्ट करेंगे। इस दौरान, वह कंपनी की मध्यावधि योजनाओं (मिड टर्म प्लान/एमटीपी) को साकार करने में मदद देने के अलावा हमारे एंबीशन (महत्वाकांक्षा) 2030 लक्ष्यों को साकार करने में भी सहयोग करेंगे। उनकी नियुक्ति भारत में ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के समक्ष उपलब्ध अवसरों और उसकी राह में पेश आने वाली चुनौतियों के मद्देनज़र कंपनी के ट्रांसफार्मेशन प्लान को रेखांकित



करती है।

इस नियुक्ति के बारे में, फ्रैंक टॉरेस, प्रेसीडेंट, निसान इंडिया ऑपरेशंस ने कहा, हम 2024 में, जबकि निसान मोटर इंडिया एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही है, कंपनी के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर के तौर पर सौरभ की नियुक्ति को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जबकि हम भारत में, अपने ट्रांसफॉर्मेशन प्लान के चलते, अपने एलायंस के तहत् 600 मिलियन डॉलर (5300 करोड़ रु)का निवेश करने की प्रतिबद्धता जाहिर कर चुके हैं। हमें यकीन है किनिसान के लिए ग्रोथ का यह अगला दौर सभी के लिए काफी उत्साहजनक साबित होगा और हम निसान मैगनाइट की कामयाबी के आधार पर आगे की राह बनाएंगे।

सौरभ इससे पहले स्टेलेंटिस से जुड़े थे जहां वह स्टेलेंटिस की लीडरशिप टीम के सदस्य थे और भारत में सिट्रॉएन ब्रैंड की स्थापना के समय से ही इसका नेतृत्व कर रहे थे तथा ब्रैंड प्रमुख के तौर पर बिजनेस के सभी पहलुओं के लिए जिम्मेदार थे। सौरभ करीब दो दशकों तक जनरल मोटर्स (जीएम) से भी जुड़े रहे हैं और कंपनी में ही कई प्रमुख नेतृत्वशाली भूमिकाओं को निभाने के साथ-साथ दक्षिण कोरिया में काफी लंबे समय तक कार्यरत रह चुके थे। सौरभ के पास एशियन मार्केट में काम करने का व्यापक अनुभव है और साथ ही, ऑटोमोटिव इंडस्ट्री की भी गहरी जानकारी है।

## विमानों के विलंब या रद्द होने की स्थिति के लिए डीजीसीए ने जारी किया एसओपी

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने प्रतिकूल मौसम के कारण अत्यधिक देरी की वजह से उड़ानों के रद्द होने की स्थिति में विमानन कंपनियों के लिए एसओपी जारी किया है। डीजीसीए ने सिविल एविशशन रिक्वायरमेंट (सीएआर) खंड-3, सीरीज एम भाग-IV जारी किया है। इसमें विमान में सवार होने से मना किए जाने, उड़ानों के रद्द होने तथा उड़ानों में विलंब होने के कारण एयरलाइनों की ओर से यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का जिक्र किया गया है।

विमानन कंपनियों को उड़ान टिकटों पर सीएआर के बारे में जानकारी प्रकाशित करने के लिए भी कहा गया है। डीजीसीए ने बताया है कि सभी विमानन कंपनियों के लिए सीएआर के प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य किया गया है।

डीजीसीए के नए एसओपी के अनुसार एयरलाइनों को अपनी



उड़ानों की देरी के बारे में रियल टाइम सूचना प्रकाशित करनी होगी। यह सूचना एयरलाइन की संबंधित वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके अलावे विमानन कंपनियों को एसएमएस/व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए प्रभावित यात्रियों को अग्रिम जानकारी देनी होगी। हवाई अड्डों पर प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों के लिए उड़ान में देरी के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। एयरलाइन को हवाई अड्डों पर यात्रियों से संवाद स्थापित करने के लिए अपने कर्मचारियों को पर्याप्त संख्या में तैनात करना होगा, ताकि यात्रियों का लगातार मार्गदर्शन किया जा सके और उन्हें विमानों की देरी की स्थिति के बारे में सूचित किया जा सके।

## ऊबर ने मंदिरों की नगरी अयोध्या में की ईवी ऑटोज़ की शुरूआत

**अयोध्या।** भारत के प्रमुख राईड ऐप ऊबर ने आज अयोध्या में अपनी लोकप्रिय श्रेणी ऊबर ऑटो के तहत ईवी ऑटो रिक्शॉ की शुरूआत की। उत्तरप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर मौजूद रहे। ईवी ऑटोज़ की शुरूआत के साथ ऊबर ने मंदिरों की इस नगरी में परिवहन के स्थायी, किफ़ायती एवं सुविधाजनक समाधान उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है, आने वाले समय में शहर में फुटफॉल बढ़ने की उम्मीद है।

इस लॉन्च पर बात करते हुए प्रभजीत सिंह, प्रेज़ीडेन्ट ऊबर इंडिया एवं साउथ एशिया ने कहा, ''अयोध्या में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। अपने इस कदम के साथ हम न सिर्फ शहर में पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों को परिवहन के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराएंगे बल्कि क्षेत्र में रोज़गार के अवसर भी उत्पन्न करेंगे। हम शहर के पर्यटन में योगदान देने,



उपभोक्ताओं को यात्रा का सहज अनुभव प्रदान करने तथा स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं।'' ईवी ऑटो के लॉन्च के बाद ऊबर जल्द ही अपने सबसे किफ़ायती कार प्रोडक्ट-ऊबर गो; तथा तेज़ी सेविकसित होते मोबिलिटी प्रोडक्ट ऊबर इंटरसिटी का संचालन भी शुरू करेगी।ऊबर की ये सेवाएं उत्तरप्रदेश के लोकप्रिय शहर अयोध्या में परिवहन संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।यह व्यापक दृष्टिकोण इस पावन नगरी को विभिन्न गंतव्यों के साथ जोड़ेगा तथा उत्तरप्रदेश में पर्यटन, यात्रा एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान देगा।

देशभर में अपनी विकास योजनाओं के तहत कंपनी ने अयोध्या में विस्तार किया है, गौरतलब है कि कंपनी' इंडिया से भारत'दृष्टिकोण के साथ अधिक से अधिक क्षेत्रीय बाज़ारों में अपने प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं को पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। ऊबर देशभर में राइडरों को मल्टी-मॉडल ऊबर का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दस साल पहले, बैंगलुरू की सड़कों पर पहले भारतीय राइडर ने ऊबर की पहली राईडली, यह एक नई यात्रा की शुरूआत थी। देखते ही देखते यह ऐप राइडरों और ड्राइवरों के लिए देश का सबसे पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन गया।

## इनफ़िनिक्स ने बेजोड़ कैमरा क्षमता और खूबसूरती वाले स्मार्ट 8 का लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** मोबाइल टेक्नोलॉजी उद्योग में अग्रणी ब्रांड इनफ़िनिक्स, ने अपनी स्मार्ट सीरीज़ में नया इनफ़िनिक्स स्मार्ट 8 लॉन्च किया है। इस स्मार्टफ़ोन में बेहतरीन फ़ीचर्स हैं, जो इस सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे। इनफ़िनिक्स स्मार्ट 8 केवल 7,299 रुपये में बेहतरीन स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करने के लिए बाज़ार में आ गया है। इनफ़िनिक्स स्मार्ट 8 इनोवेशन, आकर्षक डिज़ाइन, और बेहतर फंक्शनैलिटी के लिए इनफ़िनिक्स की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, जो यूज़र्स के अनुभव को एक नए आयाम में ले जाते हैं। परफ़ॉर्मेंस और सुंदरता के परफ़ेक्ट मिश्रण के साथ इस डिवाइस में पिछली स्मार्ट सीरीज़ की तुलना में महत्वपूर्ण अपग्रेड किए गए हैं। इसमें 50 मेगापिक्सल का ड्युअल एआई कैमरा, 90हट्र्ज़ पंच-होल डिस्प्ले, 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा, साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और डायनामिक एक्सपैंडेबल नॉच फीचर के साथ एक मैजिक रिंग जैसी खूबियाँ हैं, जो किफायती स्मार्टफोन की क्षमताओं को फिर से परिभाषित कर रही हैं।




**स्टाइलिश डिज़ाइन और डायनामिक फ़ीचर्स**

स्मार्ट 8 परफ़ॉर्मेंस के मामले में पॉवरहाउस तो है ही, साथ ही यह अपने सेगमेंट में सबसे स्टाइलिश स्मार्टफोन÷ भी है। इसमें प्रीमियम टिम्बर टेक्सचर फिनिश और आइकोनिक कैमरा मॉड्यूल तथा क्वाड-एलईडी रिंग फ्लैश के साथ 50 मेगापिक्सल का ड्युअल कैमरा और फ्लैश के साथ 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा है।

सुविधा और सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्मार्ट 8 में एक साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और एक फेस अनलॉक फ़ंक्शन दिया गया है। इस फ़ीचर द्वारा डिवाइस तेज़ी से और आसानी से अनलॉक हो जाती है। यह आपके डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

इस डिवाइस में सेगमेंट का पहला 6.6एचडी+ पंच-होल 90हट्र्ज़ डिस्प्ले दिया गया है, जिसमें 500 निट्स की पीक ब्राइटनेस द्वारा शानदार विज्युअल अनुभव मिलता है। मैजिक रिंग न केवल इसकी खूबसूरती को बढ़ाता है, बल्कि इसमें फेस अनलॉक, बैकग्राउंड कॉल, चार्जिंग एनिमेशन, चार्ज कंप्लीशन रिमाइंडर और लो बैटरी रिमाइंडर जैसी फ़ंक्शनलिटीज़ भी एक जगह मिल जाती हैं।

अतुलनीय परफ़ॉर्मेंस और स्पीड

स्मार्ट 8 आपका स्मार्टफोन अनुभव बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इसका सबसे आकर्षक फ़ीचर 90हट्र्ज़ का पंच होल डिस्प्ले है। यह इसके पूर्ववर्ती, स्मार्ट 7 के मुक़ाबले एक बड़ा अपग्रेड है, जिसमें 60हट्र्ज़ का रिफ्रेश रेट था। इस इनोवेशन द्वारा स्मार्ट 8 में सुगम स्क्रॉलिंग, ज्यादा रेस्पॉन्सिव टच इंटरैक्शन और बेहतर विज्युअल अनुभव प्राप्त होते हैं।

स्मार्ट 8 एफ़िशिएंट मीडियाटेक जी36 चिपसेट पर चलता है, जिसमें 4 × 2.2 गीगाहट्र्ज कॉर्टेक्स-ए53 और 4 × 1.6 गीगाहट्र्ज कॉर्टेक्स-ए53 के साथ एक ऑक्टा-कोर सीपीयू और एक माली-जी57 एमसी1 जीपीयू शामिल है, जो सुगम और एफ़िशिएंट मल्टीटास्किंग प्रदान करता है। इसलिए यह स्मार्टफ़ोन यूज़र्स की विभिन्न ज़रूरतों के लिए उनका एक विश्वसनीय

साथी है। इसके अलावा इसमें 64GB का इंटरनल स्टोरेज और 4GB रैम है, जिसे मेमफ्यूजन द्वारा 8GB तक बढ़ाया जा सकता है।

माइक्रोएसडी कार्ड की मदद से इसके स्टोरेज को 2TB तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा इस पर आसानी से मल्टीटास्किंग करते हुए ज्यादा फ़ोटो, वीडियो, और ऐप्स स्टोर किए जा सकते हैं, तथा सुगम और रेस्पॉन्सिव यूज़र अनुभव प्राप्त किया जा सकता है।

## उषा इन्टरनेशनल ने ऑयल फिल्ड रेडिएटर्स की एक नई रेंज लॉन्च की



**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्राड्स में से एक उषा इन्टरनेशनल ने ऑयल फिल्ड रेडिएटर्स की एक नई रेंज लॉन्च की है। उषा के ऑयल फिल्ड रेडिएटर्स की नई रेंज कमरे को कुशलतापूर्वक गर्म करके सबसे आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। डिजिटल डिस्प्ले और रिमोट कंट्रोल के साथ इलेक्ट्रॉनिक फेदर-टच कन्ट्रोल पैनल से सुसज्जित, ओएफआर ऑयल फिल्ड रेडिएटर्स की नई रेंज में निम्न से उच्च तक तीन हीटिंग पोजीशन में दिए गए है वहीं कुशल गर्मी के लिए एक 400 वॉट पीटीसी फैन हीटर और इसके 'एस' आकार के पंख होने के कारण यह आपके पूरे कमरे को गर्म रखने में सक्षम है। इसके अतिरिक्त, रेंज एक प्रीसेट टाइमर के साथ आती है जो आपको 1 घंटे से 24 घंटे के लिए टाइमर सेट करने का विकल्प देती है, तापमान सेटिंग 5 डिग्री से 35 डिग्री सेल्सियस तक होती है, एक इको-फंक्शन जो हीटर को ऊर्जा बचत मोड पर रखता है, इनबिल्ड टिप-ओवर सुरक्षा स्विच, चाइल्ड सेफ्टी लॉक, और एक कॉर्ड वाइन्डर जो आसान स्टोरेज में मदद करता है। ओएफआरएस की नई रेंज आईएसआई मार्क्ड है और 2 साल की वारंटी के साथ आती है। वर्तमान में इस रेंज में तीन मॉड्स पेश किए गए है और इसकी कीमत 19,890 रूपए से शुरू होती है।

## कारोबार-एनजीओ पर भरोसे के मामले में भारत शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** कारोबारों और गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) में भरोसे के मामले में भारत शीर्ष पर है जबकि मीडिया में भरोसे के मामले में यह चौथे और सरकार के लिए पांचवें स्थान पर है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से पहले एडेलमैन ट्रस्ट बैरोमीटर रिपोर्ट 2024 जारी की गई। इसमें सरकार पर भरोसे के लिए सऊदी अरब को पहले नंबर पर जबकि मीडिया पर भरोसे के मामले में चीन को पहले स्थान पर रखा गया है। ट्रस्ट बैरोमीटर के अनुसार नियोक्ता में दिखाए गए विश्वास के मामले में इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा और उसके बाद भारत दूसरे स्थान पर रहा।

इस वार्षिक सर्वेक्षण में 28 देशों के 32 हजार से ज्यादा उत्तरदाताओं को शामिल किया गया था। गैर-सरकारी संगठनों, कारोबार, सरकार और मीडिया में औसत भरोसे पर तैयार समग्र सूचकांक में भारत दूसरे स्थान पर आ गया। इस मामले में 2023 में भारत चौथे स्थान पर था। जबकि, चीन ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है।

सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर करीब 63 फीसदी लोग इस बात से चिंतित दिखे कि सरकारी नेता जानबूझकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि, व्यापार जगत के लिए यह आंकड़ा 61 फीसदी और पत्रकारों के लिए 64 फीसदी है।

सर्वेक्षण में पाया गया कि विज्ञान अपनी आजादी खो रहा है। अमेरिका के दो-तिहाई (67 फीसदी) उत्तरदाताओं का माना कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो गया है। जबकि, चीन के तीन-चौथाई (75 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने माना कि सरकार और संगठन अनुसंधान के लिए कितना पैसा देते हैं, इसका बहुत असर पड़ता है। वहीं, सूचना युद्ध (इनफोर्मेशन वॉर) का डर बीते एक साल में छह अंक तक बढ़ गया है। सामाजिक डर में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई है।

## एआई के कारण दुनियाभर में 40% नौकरियां जा सकती हैं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चेतावनी दी कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उदय से दुनिया भर में लगभग 40% नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। आईएमएफ के अनुसार एआई के कारण उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएं उभरते बाजारों और कम आय वाले देशों की तुलना में अधिक जोखिम का सामना कर रही हैं।

वाशिंगटन डीसी स्थित संस्था आईएमएफ ने रविवार को वैश्विक श्रम बाजार पर एआई के संभावित असर का आकलन किया और बताया कि ज्यादातर मामलों में, एआई तकनीक के कारण वैश्विक स्तर पर सामाजिक और आर्थिक असमानता के बढ़ने का खतरा है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने नीति निर्माताओं से इस परेशान करने वाली प्रवृत्ति से निपटने और सामाजिक तनाव को और भड़काने से रोकने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने का आग्रह किया।

जॉर्जीवा ने कहा, हम एक तकनीकी क्रांति के कगार पर हैं जो उत्पादकता को बढ़ा सकता है, वैश्विक विकास को बढ़ावा दे सकता है और दुनिया भर में आय बढ़ा सकता है। हालांकि इस बात की भी आशंका है कि इससे नौकरियां कम हो सकती हैं और असमानता बढ़ सकती है।

आईएमएफ के अनुसार उच्च आय वाले देशों में एआई के बढ़ते चलन से लगभग 60% नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, और इनमें से लगभग आधे उत्पादकता को बढ़ावा देने में AI के इस्तेमाल से लाभान्वित भी हो सकते हैं। दूसरी ओर, उभरते बाजारों में एआई के कारण 40% नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं और कम आय वाले देशों में 26% नौकरियों पर इसका खतरा पड़ सकता है।

निष्कर्ष बताते हैं कि उभरते बाजारों और कम आय वाले देशों को अल्पावधि में एआई से कम नुकसान उठाना पड़ सकता है। आईएमएफ के अनुसार ऐसे कई देशों में एआई के तत्काल लाभों का उपयोग करने के लिए कुशल श्रमिकों का बुनियादी ढांचा नहीं है, जिससे इस बात का जोखिम बढ़ जाता है कि तकनीक असमानता को बढ़ा सकती है।

## प्रभु के विशेष भोगः थाल को आईरिस के मुखिया लक्ष्य पाबूवाल ने किया राम मंदिर को समर्पित



**अयोध्या।** प्रभु श्री राम के जन्मभूमि मंदिर को लेकर तैयारियां जोरों पर है, 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राम लला की प्रतिमा की स्थापना के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है अवसर को ख़ास बनाने कई तरह के विशेष प्रयास किये गए है जिनमें राम लला की भोग के लिए एक विशेष थाल का भी निर्माण किया गया है, जिसे जयपुर, राजस्थान के कारीगरों ने कई दिनों के तक अनवरत कार्य कर निर्मित किया है, एक चाँदी का भोग थाल, जिसे जयपुर के माननीय IRIS के सह-संस्थापक लक्ष्य और राजीव पाबुवाल ने विशेष रूप से डिज़ाइन और निर्माण किया है। राम लला के बने इस विशेष थाल को आज लक्ष्य पाबूवाल ने चंपत राय की मौजूदगी में जन्मभूमि मंदिर को किया समर्पति। इस विशेष थाल पर 18 इंच व्यास का श्रेष्ठतम रचना को उकेरा गया है, जिस पर भगवान हनुमान का प्रतिनिधित्व किया गया है, एक पवित्र कलश है जिसमें सुंदरकांड के 35वें सर्ग के 15 श्लोकों का उकेरा गया है, जो भगवान राम और लक्ष्मण की दिव्य गुणों को मानने का उत्सव मना रहे हैं।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया 'कस्टमर केयर महोत्सव' वाणिज्यिक वाहनों के ग्राहकों के लिए एक विशिष्ट संपर्क कार्यक्रम

**कार्यक्रम**

वाणिज्यिक वाहन के ग्राहकों के लिए 14 जनवरी से 30 मार्च 2024 तक अखिल भारतीय कार्यक्रम

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता, टाटा मोटर्स ने अपने 'कस्टमर केयर महोत्सव' की घोषणा की है। यह महोत्सव वाणिज्यिक वाहन के ग्राहकों के लिए एक व्यापक ग्राहक संपर्क कार्यक्रम है। 14 जनवरी से लेकर 30 मार्च, 2024 तक पूरे देश में टाटा मोटर्स के सभी प्राधिकृत सेवा केन्द्रों में इसका आयोजन किया जाएगा। कस्टमर केयर महोत्सव फ्लीट ओनर्स और ट्रक ड्राइवरों की ज़रूरतों और उभरती प्रवृत्तियों को समझने के लिए उनके साथ बातचीत के लिए एक आदर्श मंच का काम करेगा। इसमें ग्राहकों को प्रशिक्षित तकनीशियनों द्वारा कुशल वाहन जाँच, टाटा के असली पार्ट्स की चुनिन्दा रेंज पर आकर्षक छूट, और मूल्य-वर्द्धित सेवायें जैसे कि एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एएमसी), फ्लीट मैनेजमेंट सॉल्यूशंस (एफएमएस) और फ्लीट एज आदि की सुलभता जैसे ढेरों लाभ भी मिलेंगे। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाली ड्राइविंग पद्धतियों पर व्यापक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य की जाँच स्वास्थ्य किट्स और सम्पूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत उनके लिए ख़ास तौर से बने मूल्य प्रस्ताव का लाभ प्राप्त होगा। इस विशिष्ट कार्यक्रम के विषय में टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक, श्री गिरीश वाघ ने कहा कि, ÷टाटा मोटर्स में हमारे व्यवसाय के एक-एक पहलू में ग्राहक-केन्द्रीयता शामिल है। हमारे प्रस्तावों और सेवाओं को ग्राहकों के फीडबैक के कठिन चक्र से गुजारा जाता है और हमारे ग्राहकों के लिए मन की पूरी शान्ति सुनिश्चित की जाती है। यह महोत्सव हमारी समृद्ध और अलग-अलग सेवा प्रस्तावों को दर्शाने, वाहन और ड्राइवर की तंदुरुस्ती की उचित जाँच करने के साथ ग्राहकों और अन्य हितधारकों के साथ हमारे सम्बन्ध मजबूत बनाने के लिए अभिकल्पित किया गया है। सम्पूर्ण देश में विस्तारित यह महोत्सव सभी कमर्शियल व्हीकल वर्कशॉप में मनाया जाएगा और हमारी प्रत्येक प्रोडक्ट लाइन ट्रक, बस और वैन इसमें शामिल होंगे। हम इस महोत्सव को अपने ग्राहकों के लिए लाभकारी और मूल्य वर्द्धित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सभी ग्राहकों और ड्राइवरों को इस महोत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने और टाटा मोटर्स के सावधानीपूर्वक बनाए गए उत्पादों की व्यापक रेंज का व्यक्तिगत रूप से अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

श्रेणी में अग्रणी वाहनों के साथ कंपनी वाहन के पूरी जीवनकाल में परेशानी-मुक्त देखभाल के लिए मूल्य-वर्द्धित सेवायें भी प्रदान करेगी। टाटा मोटर के सम्पूर्ण सेवा 2.0 प्रस्ताव एक व्यापक केयर पैकेज है जो वाहन की खरीदारी के साथ आरम्भ हो जाता है और वाहन की पूरे जीवनचक्र के दौरान परिचालन के सभी पहलुओं पर सहायता प्रदान करता है। इस समाधान में ब्रेकडाउन सहायता, गारंटीड टर्नअराउंड टाइम, एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट्स (एएमसी), असली स्पेयर पार्ट्स की सुविधाजनक सुलभता और उद्योग में अग्रणी अतिरिक्त सेवाएं शामिल हैं। टाटा मोटर्स फ्लीट एज भी प्रदान करती है, जो डेटा एनालिटिक्स द्वारा संचालित एक संयोजित वाहन प्लैटफॉर्म है। वाहनों से अलग, कंपनी हर चरण में व्यवसाय को ताकत प्रदान करते हुए लगातार सपोर्ट और सुविधा देती है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 16 जनवरी, 2024



# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में उतरे कांग्रेसी

- महंगाई बेरोजगारी व अन्याय के खिलाफ है राहुल गांधी की यात्रा

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** देश में शांति और न्याय का दौर वापस लाने हेतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मणिपुर से मुंबई तक की 2.0 भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ किया, इसके संदर्भ में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जनपद में देर शाम नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी की मौजूदगी में एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के संयोजन में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के पूर्व कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी का शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से 15 राज्य एवं लगभग 110 जिलों का सफर तय कर मुंबई पहुंचेगी।यह यात्रा भाजपा सरकार के तानाशाही के खिलाफ़ एवं देश की जनता को न्याय दिलाने अथवा देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं अन्याय के खिलाफ है इस यात्रा का मकसद देश में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रखने हेतु निकाली गई है। जिला कार्यालय में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 2.0 भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों को न्याय दिलाने की यात्रा है जिसे आज मणिपुर से 15 राज्य लगभग 110 जिलों से होकर मुंबई तक का सफर तय करेगी। देश में भाजपा सरकार की तानाशाही एवं देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी व देश के अवाम के साथ हो रहे अन्याय और नफरत की राजनीति के खिलाफ है। देश में अमन चैन भाईचारा एवं हर धर्म व समुदाय के लोगों को न्याय का अधिकार दिलाने हेतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मणिपुर से शुभारंभ किया जिसका सफर मुंबई तक तय होगा। आज हम लोग अपने जननायक व जननेता के समर्थन में शहर के विभिन्न मार्गो पर पैदल चलकर पदयात्रा निकाली। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, कृष्ण कुमार मिश्र ,ओम प्रकाश सिंह, नफीस फारुकी, तेजबहादुर पाठक, हौसिला प्रसाद भीम,राहुल त्रिपाठी,रणजीत सिंह सलूजा आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर, राहुल त्रिपाठी,योगेश पांडेय, विजय पाल, मदन तिवारी, सलाउद्दीन हाशमी, पंकज सिंह, नफीस पठान, शक्ति प्रसाद तिवारी, नंदलाल मौर्य, मनीष तिवारी, एडवोकेट मिर्जा अकरम वेग, प्रेमचंद भारती, महेंद्र प्रताप सिंह, सिराज अहमद भोला, रणजीत सिंह सलूजा, महेश मिश्र, मो कमर खान, मीनू यादव, अमोल बाजपेई, इमरान अहमद, शीतला प्रसाद साहू, जनार्दन शुक्ल, एडवोकेट हामिद राइन आदि लोग सम्मिलित रहे।

# परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक ने कराया खिचड़ी भोज

- विपिन मिश्रा एडवोकेट ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर की कार्यक्रम की शुरुआत

सुल्तानपुर। मकर संक्रांति के अवसर पर परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी के संयोजन में परंपरागत खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी विपिन मिश्रा एडवोकेट देवेंद्र पाठक व पीयूष तिवारी ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजा अर्चना के साथ की .यहां हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद चखा । राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी के संयोजन में आयोजित हुए कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को शहर के परशुराम चौक चौराहे पर भगवान परशुराम का चित्र स्थापित करते हुए विपिन मिश्रा एडवोकेट देवेंद्र पाठक नितिन मिश्रा बल्लर मिश्रा पीयूष तिवारी आलोक पाठक राजदेव शुक्ल आदि ने भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना कर आरती उतारी । पूजा अर्चना के बाद कैंप में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो दोपहर बाद तक चलता रहा यहां अतुल मिश्रा नितिन मिश्रा पीयूष तिवारी संतोष मिश्रा रमाशंकर पांडे देवेंद्र पाठक दीपेश पाठक राजेंद्र मिश्रा धीरेंद्र तिवारी अतुल पाठक बल्लर मिश्रा डॉक्टर प्रभात हर्षित मिश्रा अनुपम तिवारी वीरेंद्र तिवारी सुधीर सिंह सभासद प्रवीण मिश्रा पत्रकार अंकित राय राजदेव शुक्ल वरुण मिश्रा मोहित तिवारी आदि ने पहुंचकर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की वा प्रसाद ग्रहण किया । संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी लगातार मोबाइल से कार्यक्रम संपन्न कराने को लेकर साथियों के साथ विमर्श करते रहे ।

# ट्रांसफार्मर से कटा कनेक्शन गांव की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त

- विद्युत कर्मियों पर अवैध धनराशि मांगने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**जाखलौन (ललितपुर)।** निकटवर्ती तीर्थ क्षेत्र व पर्यटन स्थल केन्द्र देवगढ़ में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से गांव में करीब एक सप्ताह से बिजली सप्लाई नहीं की जा रही है, जिससे पूरे गांव में अंधेरा फैला हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम में बस स्टैंड पर लगा हुआ ट्रांसफार्मर पिछले कुछ दिनों पूर्व खराब हो गया था, जिसको बदलकर दूसरा ट्रांसफार्मर विद्युत खम्बों पर रख दिया गया था किंतु ट्रांसफार्मर से लाइन में कनेक्शन जोड़कर गांव की सप्लाई चालू नहीं की गई है। इस संबंध में सूत्र बताते हैं कि जब बिजली कर्मचारियों से सप्लाई जोड़ने की बात की गई तो वह कह रहे हैं कि कुछ धनराशि ग्रामीणों से एकत्रित करके दिलाओ तभी विद्युत सप्लाई चालू की जाएगी। इसी के चलते अब तक गांव की सप्लाई सुचारू नहीं की गई है। सूत्र यह भी बताते है कि पिछले कुछ दिनों पूर्व टपरियन मोहल्ले में रखा हुआ ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया था, जिसे बदल गया और उसकी सप्लाई चालू कराए जाने के बदले में विद्युत कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं से मोटी रकम ली गई थी। इसी लालसा के चलते अब विद्युत कर्मी बस स्टैंड वाले ट्रांसफार्मर से सप्लाई जोड़ने के एवज में भी मोटी रकम की मांग कर रहे हैं, जिसके चलते गांव की बिजली सप्लाई सुचारू नहीं की जा रही है और इसका खामियाजा कनेक्शन धारकों को भी भुगतना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इस संबंध में विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत न कराया गया हो, लेकिन अब तक गांव की विद्युत व्यवस्था सुचारू नहीं की जा सकी है। ऐसी स्थिति में ग्राम के विद्युत उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञा लेकर दोषी विद्युत कर्मियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई किए जाने व गांव की विद्युत सप्लाई अभिलंब चालू कराई जाने की मांग की है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**सुल्तानपुर।** भाजपा महिला मोर्चा ने शनिवार को एस कान्वेंट पब्लिक स्कूल, सौरमऊ के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।कार्यक्रम की जिला संयोजक व भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री जया सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में एस कान्वेंट पब्लिक स्कूल के 10 मेधावी छात्रों को खेल,पढ़ाई, चित्रकला आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रशस्तिपत्र व मेडल देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया। यहां पर संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजिका जया सिंह ने कहा बच्चें देश के भविष्य व धरोहर है।मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने से अन्य बच्चों को भी प्रेरणा व ऊर्जा मिलती है।महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद ने कहा भारतीय जनता पार्टी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। मेघावी छात्र सुभि पांडे,प्रिंस सिंह, इकरा हासमी आदि 10 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

# थाईलैंड अस्पताल कॉलेज और संस्कृति केंद के लिए अयोध्या एवं सुल्तानपुर में खोज रहा जमीन

- यूक्रेन 72 फ़ीसदी तबाह, यू एन ओ के शांति दूत का दावा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** थाईलैंड सरकार अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण से उत्साहित होकर न केवल अयोध्या बल्कि सुल्तानपुर में भी निवेश करने के लिए तैयार है। इसके लिए थाई सरकार ने दोनों जिलों में जमीन खोजना भी शुरू कर दिया है। यह खुलासा संयुक्त राष्ट्र संघ के तहत आने वाले विश्व शांति संस्थान ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर परविंदर सिंह ने किया। लखनऊ- वाराणसी राजमार्ग पर भदैया ब्लॉक क्षेत्र में स्थित थाई टेंपल परिसर में टीवी 24 के साथ खास बातचीत कही। उन्होंने बताया कि कल उन्होंने शाही राजनायिक थाई पुजारी फ्रॉपलाड नारोंग के साथ अयोध्या राजपरिवार के राजा विमलेंद्र मोहन मिश्र से मिलकर अयोध्या में संस्कृत व थाई कला केंद्र खोलने को लेकर थाईलैंड की ओर से प्रस्ताव पत्र दिया है ।यह केंद्र वैश्विक पर्यटकों के लिए अवसर प्रदान करेगा। थाईलैंड से अपने गहरे नाते के बारे में बताते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल निवासी डॉ सिंह ने कहा कि उनकी ससुराल थाईलैंड में है ।जहां उनकी पत्नी डॉ मनरियडी सोमार्ट श्रम मंत्रालय में शिक्षा एवं कानूनी सलाहकार हैं। 89 भाषाओं के जानकार डॉक्टर सिंह ने कहा सुल्तानपुर में भी यदि जमीन मिली तो थाईलैंड यहां अस्पताल और कॉलेज खोलने के लिए तैयार है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि थाईलैंड से प्रभु श्री राम का गहरा नाता है। वहां के सड़कों और पुलो के नाम भी रामायण के पात्रो पर हैं। स्थानीय थाई टेंपल के केयरटेकर लोन फसेरी की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि पिछले 10 महीनो से वे अपनी टीम के साथ यूक्रेन में काम करते रहे हैं और 6 जनवरी को ही भारत आए हैं। यूक्रेन के हालातो के बारे में उन्होंने कहा कि 72 फ़ीसदी तबाही हो चुकी है। अब यह कामना है कि दोनों देश शांति के रास्ते पर लौट आए। डॉक्टर सिंह ने बताया कि आगामी 22 तारीख को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में थाईलैंड के राजदूत प्रथम बोधिविवांग, शाही धर्मगुरु प्रपलादनरोंग के साथ वे भी सम्मिलित होंगे।

## संक्षिप्त समचार

### मकर संक्रांति पर डीएम ने कुष्ठ रोगियों को भेंट किया फल, कम्बल व जूते



**बहराइच।** मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर अत्यधिक ठण्ड व शीतलहरी से निराश्रित, असहाय, गरीब एवं कुष्ठ रोगियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह व कुष्ठ चिकित्साधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार अभय राज पाण्डेय व अन्य के साथ गुल्लाबीर स्थित कुष्ठ आश्रम का भ्रमण कर कुष्ठ रोगियों को कम्बल, फल, एमसीआर जूते का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कुष्ठ रोगियों का कुशल क्षेम पूछा तथा कुष्ठ रोगियों तथा उनके परिजनों के लिए आश्रम में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग मूलभूत सुविधाओं का विकास कराये जाने की बात कही।

### नगर पालिका में आयोजित हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम



**बहराइच।** नगर पालिका परिषद बहराइच क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो के निराश्रित, असहाय व गरीबों को अत्यधिक ठण्ड व शीतलहरी से राहत पहुंचाये जाने के उद्देश्य से मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद बहराइच में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी व अधि.अधि. प्रमिता सिंह के साथ लगभग 200 लोगों को कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्यामकरन टेकड़ीवाल, भाजपा पदाधिकारी नन्हे लाल लोधी, उर्मिला शुक्ला, उत्कर्ष श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी, विभिन्न वार्डो के सभासद, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

### जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय के लिए प्रस्तावित स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच।** जनपद में प्रस्तावित जिला चिकित्सालय, 100 बेडेड महिला चिकित्सालय एवं ए.एन.एम. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल पुराना मलेरिया हास्पिटल तथा सीतापुर आंख अस्पताल का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीएमओ डॉ. सिंह ने बताया कि ए.एन.एम. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था नामित हो गई है। प्रशिक्षण केन्द्र भवन के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा आगणन भेजा गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित कार्य स्थल पर नियमानुसार निष्प्रयोज्य भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर समतलीकरण का कार्य कराया जाय। डीएम ने इसी परिसर में स्थित ट्रामा सेन्टर का निरीक्षण कर सीएमओ को निर्देश दिया कि इसे पूरी क्षमता से संचालित कर जनोपयोग में लाया जाय।

### समस्त बोर्डो सहित परिषदीय विद्यालयों में अवकाश 18 जनवरी तक

**बहराइच।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी ने बताया कि जनपद में अत्यधिक ठण्ड व शीतलहर के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में कक्षा 1 से 8 तक संचालित समस्त बोर्डो के विद्यालयों, परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 18 जनवरी 2024 तक अवकाश घोषित किया गया है।

# माता-पिता का नाम जीवंत रखना प्रासांगिक है: दीक्षित

- पुण्यतिथि पर किया गया कम्बल वितरण
- पं. रूद्रनारायण त्रिवेणीदेवी शर्मा मैमोरियर इण्टर कॉलेज खड़ोवरा में हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिले के मूर्धन्य पत्रकार स्व.रूद्रनारायण शर्मा लल्लाजी की पुण्य स्मृति में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कार्यक्रम ग्राम खड़ोवरा स्थित पं.रूद्रनारायण त्रिवेणी देवी मैमोरियल इण्टर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल से आये जरूरतमंदों को कम्बल वितरण के साथ मिष्ठान व भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये ब्राह्मण महामण्डल के पूर्व अध्यक्ष प्रताप नारायण दीक्षित ने कहा कि अपने माता-पिता की सेवा करते हुये उनके नाम को जीवन्त रखते हुये जिले के वरिष्ठ पत्रकार पं.सुनील शर्मा के द्वारा यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है, इसलिए वह साधुवाद के पात्र हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश यादव ने कहा कि मूर्धन्य पत्रकार कीर्तिशेष पं. रूद्रनारायण शर्मा लल्लाजी' व माताजी स्व.त्रिवेणी देवी शर्मा जी के नाम पर खड़ोवरा गांव में इण्टर कॉलेज बनाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराते हुये सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अग्रणी कार्य करते हुये पं.सुनील शर्मा जी द्वारा जिले के विकास में भी योगदान दिया जा रहा है। इस मौके पर प्रख्यात कथा वाचक साध्वी देवी श्वेताम्बराजी विन्द्रावन, वरिष्ठ नागरिक महासंघ महामंत्री जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, प्रेस क्लब के पूर्व महामंत्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, इंजी.राजाराम गोस्वामी, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, माइंस मैनेजर दिनेश्वर राय, रामवीर, तपन, दादा फूलचंद्र, हेमन्त जैन रोंडा, दीपक पटवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने किया। इस मौके पर रामजू यादव, आकांक्षा राजा, मनीक्षा पुरोहित, अंजली राजा, भूपेन्द्र चौरसिया के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुये विद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक पं.सुनील शर्मा ने कहा कि माता-पिता की स्मृति में इस प्रकार के आयोजन पिछले कई वर्षो से किया जा रहा है और आगे भी ऐसे आयोजन किये जाते रहेंगे।

# चार वारण्टी हिरासत में



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** त्यौहारों के मद्देनजर इन दिनों जिले की पुलिस काफी दुरूस्त रहते हुये अपराधियों पर लगाम कसने में जुटी है। अपराधियों पर हो रही लगातार कार्यवाहियों के चलते तालबेहट पुलिस ने चार वारण्टियों को हिरासत में लिया है। बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक तालबेहट मय पुलिस टीम द्वारा अपराधों की रोकथाम जुर्म जरायम व मकर संक्रान्ति के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये शान्ति व्यवस्था ड्यूटी के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मुखबिर खास की सूचना पर थाना तालबेहट पर पंजीकृत मुकदमा धारा 147, 323, 504, 506, 308 भादवि व 3(1) द, ध व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त ग्राम भदौना निवासी लकी दुबे पुत्र मुन्नालाल, प्रकाशपाल पुत्र भैयालाल, मोहनपाल पुत्र भगवानदास, इन्द्रपाल पुत्र बाबूलाल पाल भदौना थाना तालबेहट जिला ललितपुर को हिरासत में लिया गया।

# हर घर नल योजना में जनपद को मिला तृतीय स्थान

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच को 25 से 50 प्रतिशत की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

यह जानकारी देते हुए अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 5 लाख 53 हज़ार 670 गृह स्वामियों को हर घर नल योजना के तहत कनेक्शन निर्गत करते हुए 4 लाख 45 हज़ार 814 गृह स्वामियों को जलापूर्ति करायी जा रही है। अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. के कुशल मार्गदर्शन में मार्च 2024 तक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जल निगम व जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों एव कर्मचारियों द्वारा भ्रसक प्रयास किया जा रहा है।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु जनपद में धार्मिक आयोजनों की शुरुआत

- 14 से 22 जनवरी तक सभी तहसीलों के धार्मिक स्थलों पर होंगे आयोजन
- जनपद में श्री तुवन मंदिर से कार्यक्रमों की हुई शुरुआत

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तरायण/मकर संक्रान्ति एवं अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों में रामकथा, रामायण-पाठ, भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देशों के क्रम में आज जनपद में इन कार्यक्रमों की शुरुआत श्रीतुवन मंदिर से की गई।

इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों व भजन मंडलियों द्वारा श्रीतुवन मंदिर प्रांगण में भजन/कीर्तन, रामायण पाठ आदि का आयोजन कराया गया, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित विश्वप्रसिद्ध महाकाव्य रामायण, श्रीराम जी की जीवनगाथा, उनके नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों की स्थापना आदि की जानकारी दी गई। नगर पालिका ईओ ने बताया गया कि इस विश्वप्रसिद्ध अमूर्त धरोहर का संरक्षण एवं जनमानस तक इसकी जानकारी पहुंचाना हम सभी का उत्तरदायित्व है, जिसके क्रम में यह आयोजन कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, दीप दान, प्रवचन, अनवरत रामायण/रामचरित मानस का पाठ/सुन्दरकाण्ड आदि के कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें। बताया गया कि उक्त कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा नोडल अधिकारी नामित कर पूरी भव्यता के साथ आयोजन कराए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए थे जिसके क्रम में नगरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी मंदिरों का चयन कर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक कार्यक्रम की गतिविधियों का विवरण संस्कृति विभाग के पोर्टल पर भी अपलोड किया जाना है, जिसके क्रम में आज उक्त कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। आयोजन में नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं श्रद्धालु शामिल हुए।

# अमझरा परिसर में राज्यमंत्री ने चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

- गौशाला में किया किया गौपूजन व व्यबस्थाओं का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** अयोध्या में होने बाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के देवालयों व अन्य सार्वजनिक इलाकों को साफ-स्वच्छ बनाये जाने जाने के दिशा निर्देश जारी किए गए। जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन के अलावा जनप्रतिनिधियों को दी गई। यह अभियान बीते रविवार से आगामी 22 जनवरी तक अनवरत रूप से जारी रहना है। इसी क्रम में रविवार को क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री मनोहर लाल ने सफाई अभियान की शुरुआत नाराहट क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सिद्ध स्थल श्रीअमझरा सरकार से की। इस अवसर पर राज्यमंत्री के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा तमाम विकास बिभाग के अफसरों की मौजूदगी रही। जिनके द्वारा झाड़ू लगाकर कचरा को एकत्रित कर मंदिर परिसर से दूर नियत जगह पर विस्थापित किया गया। स्वच्छता से जहां बीमारियां दूर होती हैं, तो वहीं देवी लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं। उन्हौने जनमानस से इस अभियान में सहयोग करने की अपील भी की, ताकि आयोध्या में प्रतिष्ठा के दौरान देश-विदेश से पहुंच रहे मेहमानों को प्रदेश स्वच्छ व सुंदर दिखे। इस अवसर पर भगवान सिंह, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, प्रभारी एडीओ पंचायत पंकज ओम शर्मा, प्रतिनिधि ग्रामप्रधान नाराहट हरेंद्र शाह बुंदेला, ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक कुमार दुबे, ग्राम प्रधान गदौरा, राजू तिवारी, सुरेंद्र पटेल, पदम पटेल गौना, राजेन्द्र पटेल जमौरा, गिन्नी राजा इमिलियाकलां, नरेंद्र सिंह, भरत राजपूत बछरई, अंकित सतभैया आदि मौजूद रहे।

## 150वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बहराइच।** भारत मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस के अवसर पर मौसम कार्यालय बहराइच में आयोजित स्थापना दिवस को सम्बोधित करते हुए मौसम वैज्ञानिक इकरामुलहक द्वारा अवगत कराया गया है कि मौसम विभाग की नवीनतम जानकारी हेतु विभाग द्वारा पूर्व से संचालित मौसम, मेघदूत एवं दामिनी मोबाइल ऐप को एकीकृत कर एक नया सुपर ऐप लाँच किया जाएगा। जिसके लिए विभाग द्वारा नया स्लोगन ''हर हर मौसम हर घर मौसम'' तैयार किया गया है। इस मोबाइल ऐप के जरिये मौसम विभाग की पहुँच हर घर तक हो जाएगी।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रेस विज्ञप्ति

रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा तुलसीनगर से जफरगंज के नई दोहरीकरण रेल लाइन का निरीक्षण

लखनऊ मण्डल के **तुलसीनगर से जफरगंज** (17.336 किमी) में नई निर्मित दोहरीकरण लाइन इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालन के लिए शीघ्र की खोली जायेगी। विशेष ट्रेन द्वारा खण्ड का उच्चगति परीक्षण रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा दिनांक **20.01.2024** को ट्राली निरीक्षण के बाद किया जायेगा। उसके बाद से **तुलसीनगर, मालीपुर और जफरगंज सेक्शन** में दोनों दिशाओं से दोहरी लाइन पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जायेगा।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त खण्ड में रेलवे लाइनों से दूर रहे। ट्रैक को केवल लेवल क्रॉसिंग से पार किया जाना चाहिए। लेवल क्रॉसिंग के अलावा किसी भी अन्य स्थान से ट्रैक पार करना दंडनीय अपराध है और रेलवे अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए उत्तरदायी है।

द्वारा जारी:
उत्तर रेलवे निर्माण संगठन, कश्मीरी गेट, दिल्ली

181/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सैकड़ों लोगों को मिला निःशुल्क दवा और परामर्श



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सआदत गंज स्थित कर्बला दियानत उद दौला में रविवार को अवधनामा एजुकेशनल एंड चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया कैंप में मशहूर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. असद अब्बास केजीएमयू के प्रोफेसर डॉ. कौसर उस्मान, होमियोपैथी के डॉ.एम क्यू ए जाफरी और यूनानी चिकित्सापैथी के राजकीय तकमील उत्तिब हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेण्टर के प्रिंसिपल डॉ. अब्दुल क़वी के निर्देशन में मरीज़ों की जाँच कर मुफ्त दवा दी गयी अवधनामा के संस्थापक स्व वक़ार रिज़वी के जन्मदिन पर आयोजित इस मुफ्त चिकत्सा कैंप में बड़ी संख्या में आये मरीज़ लाभान्वित हुए कैंप में टीएमटी के सेक्रेटरी नजमुल हसन रिज़वी,

## अवधनामा एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हुआ फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

शिक्षाविद डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी, मौलाना अरशद हुसैन, स्थानीय पार्षद लईक आगा, कैनरा बैंक के जीएम आलोक अग्रवाल ने चिकत्सकों और मेडिकल स्टाफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. कौसर उस्मान ने कहा की ऐसे कैंप आयोजित किया जाना बहुत आवश्यक है इस कैंप में आँखों की जाँच , होमियोपैथी , यूनानी दवा एलोपैथी सभी का एक जगह मिलना बहुत ही सराहनीय कार्य है। डॉ. असद अब्बास ने कहा कि स्व.वक़ार रिज़वी हमेशा ज़रुरत मंदों की मदद किया करते थे उनकी याद में आयोजित इस कैंप ने न सिर्फ उनको याद रखा बल्कि उनके मिशन को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है जो सराहनीय है।

डॉ अब्दुल क़वी ने कहा कि सरकार कि मंशा है इलाज लोगों को आसानी से उनतक पहुंच कर मिले जिसमें आयुष प्रमुख सचिव और आयुष मंत्री की मंशा के अनुरूप काम करते हुए आयुष आपके द्वार मिशन को आगे बढ़ने में इस तरह के कैंप बहुत आवश्यक है।

कैंप में डॉ.जाफरी, डॉ. आसिफ, डॉ. महक बाक़री, डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ अबुल क़ासिम, डॉ एस ए ज़ैदी, डॉ. रख्शंदा, डॉ. अब्दुल ख़ालिक़, डॉ. मोहम्मद अब्दुल्लाह, डॉ. नवाज़िशा, डॉ. नाज़िदा शम्स आदि का विशेष सहयोग रहा।

### आयुष आपके द्वार हमारा मिशनः डॉ. अब्दुल क़वी



राजकीय तकमील उत्तिब यूनानी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेण्टर के प्रिंसिपल डॉ अब्दुल क़वी ने मेडिकल कैंप की तारीफ करते हुए कहा की ऐसे मेडिकल कैंप का आयोजन निरन्तर होना चाहिए, उन्होने कहा की मंत्री दया शंकर दयालु और प्रमुख सचिव लीना जौहरी का साफ़ निर्देश है चिकित्सा सुविधा जनता तक पहुंचे डॉ क़वी ने कहा की आयुष आपके द्वार हमारा नारा है हम उसमें काफी हद तक सफल हुए हैं उन्होने कहा जब भी जहां आवश्यकता हुई हम कैंप लगाएंगे इसके लिए मंत्री और प्रमुख सचिव का निर्देश है कि ज़्यादातर स्लॅब क्षेत्रों में यूनानी चिकित्सा का लाभ आसानी से पहुंचे।

### स्व. वक़ार रिज़्वी की याद में ऐसे आयोजन करना सच्ची श्रद्धांजलिः डॉ. असद अब्बास



डॉ असद अब्बास ने कहा कि आम लोगों तक बड़े बड़े चिकित्सक के पहुंचने का आसान तरीका है ऐसे कैंप उन्होने कहा कि अवधनामा ऐसे आयोजन करते रहता है विगत वर्षों से जारी कैंप आगे भी जारी रहेंगे डॉ असद अब्बास ने कहा कि स्व वक़ार रिज़्वी को और उनके मिशन को ऐसे आयोजन से याद रखना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है उनके जन्मदिन पर गरीबों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना नेक काम है ।

### स्व. वक़ार रिजवी को याद रखने का यह बेहतरीन तरीकाः डॉ. कौसर उस्मान



डॉ. कौसर उस्मान ने कैंप कि कामयाबी पर कहा कि जो काम नेक नियत से किये जाते हैं वह कामयाब ही होते हैं वक़ार भाई इस तरह के नेक काम किया करते थे जो हमेशा कामयाब रहे उनको याद रखने का यह बेहतरीन तरीका है जब भी आम लोगों कि खिदमत करने का मौक़ा मिलेगा मैं हाज़िर रहूंगा।

### वक़ार साहब ने कम वक्त में आम लोगों की बहुत खिदमत कीः नजमुल हसन रिज़्वी



नजमुल हसन रिज़्वी ने कहा कि जिस तरह आज इस कैंप में खिदमत नज़र आयी उससे वक़ार साहब कि याद आ गयी यूनानी , होमियोपैथी , एलोपैथी और आँखों कि जाँच सब इलाज एक ही जगह पर मिलना बहुत अच्छा काम है ऐसे कैंप और भी इदारों को करना चाहिए उन्होने कहा कि वक़ार साहब ने काम वक़्त में आम लोगों कि बहुत खिदमत कि उनको हमेशा याद रखा जयेगा।

### अल्लाह अवधनामा कि प्रोप्राइटर और उनकी टीम को और हौसला देः डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी



डॉ कल्बे सिब्तैन नूरी ने कहा कि अवधनामा के संस्थापक वक़ार रिज़्वी और उनकी खिदमात को याद रखने का यह नायाब तरीका है अल्लाह अवधनामा कि प्रोप्राइटर और उनकी टीम को और हौसला दे वह इसको जारी रखे जिस तरह से यहाँ पर यूनानी , होमियोपैथी और एलोपैथी के माहिर डॉक्टर्स यहाँ पर मौजूद हैं उससे आम लोगों को काफी फायदा मिला।

## दस्तए खतीबुल ईमान की हुई बैठक

**लखनऊ।** दस्तए खतीबुल ईमान की ओर से सोमवार को सआदतगंज स्थित रौजए काजमैन में बैठक हुई। बैठक में संस्था के महासचिव सिब्तैन रिजवी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी सातवें इमाम हजरत मूसा काजिम की शहादत 25 रजब की पूर्व संध्या पर इमाम के हरम रौजए काजमैन में मजलिस आयोजित होगी। 24 रजब, 5 फरवरी की रात होने वाली मजलिस को मौलाना तनवीर अब्बास नजफी खिताब करेंगे। मजलिस का संचालन नय्यर मजीदी करेंगे और मजलिस के बाद रौजए काजमैन परिसर में इमाम के ताबूत की जियारत कराई जाएगी। अलविदाई मजलिस को मौलाना अबूतालिब मेहदी खिताब करेंगे।

## मकर संक्रांति पर किया गया कम्बल वितरण

**लखनऊ।** मकर संक्रांति के पावन पर्व और हाड़ कंपाती ठण्ड से जरूरतमंदों और बेसहारों को राहत पहुंचाने के लिए सुएज इंडिया की सीएसआर शाखा सुएज फाउण्डेशन इंडिया की ओर से कम्बल वितरण किया गया। सोमवार को हनुमान सेतु के पास लगभग 200 जरूरतमंद बेसहारों को कम्बल वितरित किये गये। सुएज इंडिया के प्रोजेक्ट निदेशक राजेश मठपाल ने कहा कि लगातार गिरते तापमान से मौसम खराब होता जा रहा है। ऐसे मौसम में जरूरतमंद लोगों को कम्बल देना और उन्हें राहत पहुंचाना हमारा छोटा सा प्रयास है। श्री मठपाल ने कहा कि हम भविष्य में भी इस तरह के लोकहित के काम करते रहेंगे, जिससे समाज के सबसे जरूरतमंद तबके को राहत मिल सके।

# भावनात्मक रूप से मैं सदैव अपने कार्यकर्ताओं के साथ जुड़ा हूंः रक्षामंत्री

**राजनाथ सिंह का वरिष्ठ कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जनों से संवाद कार्यक्रम**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ता व प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जहां आप बैठे हैं वहीं से उठकर मैं गया हूं। मैं भी संगठन में जिला अध्यक्ष, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष, युवा मोर्चा राष्ट्रीय महासचिव और दो बार भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहा हूं। इसलिए मै अपनी जड़ों को कभी नहीं भूलूंगा आपके ही रूप में मैंने भी कार्य किया है।



आप ही बताइए जो व्यक्ति अपनी जड़ों को भूल जाएगा या कट जाएगा तो क्या खड़ा रह पाएगा मैं जानता हूं कि यदि मैं आपसे कट जाऊंगा तो मेरा अस्तित्व भी संकट में पड़ जाएगा। प्रत्यक्ष रूप से भले ही आपसे भेंट न हो पाए लेकिन मन से और भावनात्मक रूप से मैं सदैव अपने कार्यकर्ताओं के साथ जुडा हूं । मैं यह बता दूं कि यदि किसी समान कार्यकर्ता का भी टेलीफोन दिल्ली गया हो कि मैं बात करना चाहता हूं तो मैंने सदैव बात की है। सामान्य लोगों का भी यदि टेलीफोन पहुंचता है तो मैं बात अवश्य करने का प्रयास करता हूं। दिल्ली में भी प्रतिदिन 10 /15 लखनऊ से पहुंचे लोगों से अवश्य मिलता हूं भले ही किसी दूसरे राज्यों के वरिष्ठ नेताओं से ना मिल पाऊं लेकिन हमारे लखनऊ का कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे और उससे ना मिलूं ऐसा नहीं हो सकता है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि आईएम आरटी बिजनेस स्कूल गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यक्रम के उपरांत मकर संक्रांति के अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ खिचड़ी भोज भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एमएलसी मुकेश शर्मा , पूर्व नगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, रमेश तूफानी, दिवाकर त्रिपाठी राघवेंद्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन लोगों से भेंट की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लखनऊ प्रवास के दूसरे दिन विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने भेंट की और लखनऊ में तीव्र गति से हो रहे विकास कार्यों के लिए रक्षा मंत्री जी का आभार व्यक्त किया साथ ही अन्य मांगों व समस्याओं से अवगत कराया। रक्षा मंत्री ने सभी की समस्याओं के निदान पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वासन दिया। भेंट के दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व महापौर सुषमा खर्कवाल डॉ राघवेंद्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आवास पर भेंट के दौरान मुस्लिम समुदाय की महिलाओं ने स्वयं अपने हाथ से फूलों से बीजेपी लिखा और कमल का फूल बनाकर भेंट किया और भारतीय जनता पार्टी सरकार में निष्पक्ष रूप से मिल रही सभी योजनाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों



के लिए आभार व्यक्त किया और आगामी लोकसभा चुनाव में पूरा समर्थन देते हुए भारी वोटो से जीतने का वादा किया। इस दौरान अल्पसंख्यक प्रदेश मोर्चा उपाध्यक्ष अमील शमसी साथ में उपस्थित रहे।

# एलडीए ने की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोमती नगर विस्तार में दो अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अखण्ड प्रताप सिंह की ओर से गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 के एम्मार कॉलोनी के सामने ग्राम सरसवां में लगभग 15 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। वहीं एम्मार कॉलोनी, 24 कार्स के सामने विशाल मेहरोत्रा व अखण्ड प्रताप सिंह की ओर से लगभग 22,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। सोमवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए की गयी चिनाई आदि को ध्वस्त कराया गया।

# ठंडी में गुनगुनी धूप सा प्रयास करता 'ट्रूरू लाइफ यूनिटी'

**आर्थिक रूप से असमर्थ बच्चों में संस्था ने वितरित किए जूते, मौजे और गर्म कपड़े**

अवधनामा संवाददाता

**गौतमबुद्ध नगर।** कहते है बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते है. एक शिक्षित बच्चा ही देश को उत्तरोत्तर नई बुलंदियों पर ले जा सकता है और बच्चों को शिक्षित करने में स्कूल का अहम योगदान होता है. नोएडा के एक ऐसे ही स्कूल में ट्रुरू लाइफ यूनिटी सामाजिक संस्था ने बच्चों के इस सार्थक प्रयास में उनका साथी बन इस कड़कड़ाती ठंड में गर्म कपड़े और जूते मुहैया करा उन्हें राहत प्रदान करने का एक मानवीय प्रयास किया.

टुरू लाइफ यूनिटी सामाजिक संस्था ने आर्थिक रूप से वंचित स्कूली बच्चों को जूते, गर्म कपडे और भोजन वितरित किए। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के वंचित समुदाय का समर्थन करने के एक हार्दिक प्रयास में, हमारा संगठन आवश्यक वस्तुएं प्रदान करने के लिए एक साथ आया और यह सुनिश्चित करते हुए कि आर्थिक चुनौतियों का




सामना करने वाले बच्चों के पास सर्दी में ठंड का बेहतर सामना करने और आरामदायक जीवन यापन के लिए आवश्यक संसाधन हो।

वितरण कार्यक्रम बेसिक प्राइमरी स्कूल, रोजा जलालपुर, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में हुआ, जहां ट्रूरू लाइफ यूनिटी के समर्पित स्वयंसेवकों ने स्कूल के बच्चों को नए जूते और गर्म कपड़े पहुंचाने के लिए सार्थक प्रयास किया। इस पहल का उद्देश्य न केवल भौतिक सहायता प्रदान करना है बल्कि समुदाय के भीतर आशा और एकजुटता की भावना पैदा करना भी है।इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्था द्वारा 200 जोड़ी से ज्यादा जूते, मोज़े, गर्म कपड़े और जलपान वितरित किए। संस्था द्वारा इस वितरण कार्यक्रम में कुछ मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने बहुत ही गर्म जोशी से भाग लेकर बहुत खुश हुए और प्रोत्साहित हुए।

संस्था के संस्थापक सदस्य श्री राजू ने कहा कि ट्रूरू लाइफ यूनिटी सामूहिक प्रयासों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करती है और हम इन बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालकर रोमांचित हैं।

# लोकसभा चुनावः "दीवार लेखन कार्यक्रम" का भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने किया शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी का सोमवार को मकर संक्रांति के दिन से लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत ''दीवार लेखन कार्यक्रम'' का शुभारम्भ हुआ। उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने लखनऊ में सहकारिता भवन के निकट मध्य विधानसभा में बूथ नम्बर 240 के अन्तर्गत दीवार पर ''एक बार फिर से मोदी सरकार'' नारा लिखकर दीवार लेखन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में




क्राइस्ट चर्च स्कूल के पास हजरतगंज में और श्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या में दीवार लेखन कर अभियान में सहभागिता की। पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी मंगलवार को गोरखपुर की सदर विधानसभा में दीवार लेखन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी तक चलने वाले दीवार लेखन कार्यक्रम के संदर्भ में पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने मुरादाबाद में पश्चिम क्षेत्र की बैठक कर पार्टी पदाधिकारियों को अभियान के संदर्भ में व्यापक चर्चा करते हुए दिशा निर्देश दिये। प्रदेश महामंत्री संगठन ने बैठक में कहा कि सभी बूथों पर दीवार लेखन का कार्यक्रम शत-प्रतिशत चलाया जाय और सभी जनप्रतिनिधि इसमें अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करे।

## राष्ट्रवादी जनसमाज पार्टी व मोमिन अंसार सभा की हुई बैठक

**लखनऊ।** राष्ट्रवादी जनसमाज पार्टी व मोमिन अंसार सभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को मौलवीगंज स्थित अल अन्सार कॉम्पलेक्स में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में जनता को बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार व धार्मिक उन्माद के खिलाफ विकल्प बनने पर विचार किया गया। बैठक में तय हुआ कि राष्ट्रवादी जनसमाज पार्टी लोकसभा चुनाव में विकल्प के रूप में सामने आएगी। बैठक में चुनाव के सुचारू संचालन और प्रत्याशी चयन के लिए पार्टी अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी ने पांच सदस्यीय समिति गठित की, जिसमें मोहम्मद इकराम अंसारी, अहमद ताहिर और मोहम्मद फारुक को सदस्य नामित किया गया।

# प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा ने शायर मुनव्वर राना के निधन पर जताया शोक

**परिजनों, हजारों समर्थकों व शुभचिन्तकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी और नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने प्रसिद्ध शायर मुनव्वर राना के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों, हजारों समर्थकों व शुभचिन्तकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। नेताद्वय ने कहा कि रायबरेली में जन्मे स्वर्गीय मुनव्वर राना शायरी की दुनिया में देश के सबसे बड़े नामों में से एक थे। वे प्रसिद्ध कवि, शायर और लेखक थे। पिछले कई दशकों से उन्होंने अपनी कविताओं, गजलों और शायरी से लोगों में अपनी अलग पहचान बनायी थी। स्वर्गीय मुनव्वर राना ने कई पुस्तकें भी लिखीं जो काफी लोकप्रिय हैं। खासकर मां पर उन्होंने बहुत कुछ लिखा, जैसे किसी को घर मिला, किसी के हिस्से में दुकां आई, मैं घर में सबसे छोटा था, मेरे हिस्से में मां आई। जब भी कश्ती मेरी सैलाब में आ जाती है, मां दुआ करती हुई ख्वाब में आ जाती है। स्वर्गीय मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। मुनव्वर राना के निधन से एक चमकते हुए सितारे का सदा के लिए अन्त हो गया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। नेताद्वय ने परवरदिगार से स्वर्गीय मुनव्वर राना को जन्नत नसीब करने और परिजनों, शुभचिन्तकों व समर्थकों को असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने भी स्वर्गीय राना के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री अवस्थी ने कहा कि वह दुनिया में मोहब्बत फैलाने वाले शायर थे। आज हम सब उनके न रहने से एक सच्चे देशभक्त को खो रहे हैं। समय-समय पर लोगों के मन में अपनी माटी के प्रति प्यार जगाने वाले शायर की बातों को अपने जेहन में रखना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।